

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम? अब हो गया ...

बहुत नहीं भिड़ेंगे इस्राइल-ईरान, अमेरिका, रूस और चीन में कोई ... 12

वर्ष : 14 | अंक : 342 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### धनखड़ ने दिलायी नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ

नईदिल्ली। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को सदन के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी। राज्यसभा सचिवालय ने आज यहां बताया कि श्री धनखड़ ने नवनिर्वाचित देवेंद्र प्रताप सिंह, तेजवीर सिंह और महेंद्र भट्ट को सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। नवनिर्वाचित सदस्यों को संसद भवन में सभापति के कक्ष में शपथ दिलायी गयी।

### संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण खत्म कर देगी भाजपा : लालू

पटना। दूसरे चरण का लोकसभा चुनाव कल होगा। बिहार की 5 सीटें किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान से पूर्व राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए मतदाताओं को आगाह किया है। राजद सुप्रीमो ने कहा है कि भाजपा संविधान और लोकतंत्र को खत्म कर देगी। साथ ही देश से सरकारी नौकरी और आरक्षण को भी भाजपा समाप्त कर देगी। लालू प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि सबने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भी देखा, कैसे ये लोकतंत्र को समाप्त कर रहे है? इस चुनाव में सूरत, गुजरात से विपक्षी उम्मीदवार का नामांकन रद्द कर उसे बीजेपी में शामिल करा तथा शेष उम्मीदवारों से पर्चा वापस करा मतदाताओं को उनके वोट देने के लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि देश बचाने वाले इस महत्त्वपूर्ण चुनाव में अपना वोट विवेक और बुद्धि से इंडिया गठबंधन को दें अन्यथा ये भाजपाई संविधान और लोकतंत्र खत्म कर पूरे देश में यही सूरत मॉडल लागू कर देंगे। यही नहीं बाबा साहब अंबेडकर द्वारा दिए गये वोट के अधिकार को छीन लेंगे और संविधान और वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था को समाप्त कर देंगे।

### आप ने की जेल का जवाब वोट से देने की अपील

नईदिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को दिल्ली की जनता से जेल का जवाब वोट से देने की अपील की। श्री भारद्वाज और नई दिल्ली लोकसभा सीट से प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने कार्यकर्ताओं के साथ मेट्रो स्टेशन पर आने-जाने वाले लोगों में पंपलेट बांटा और उनसे आगामी 25 मई को होने वाले मतदान में अपने वोट का इस्तेमाल देश से तानाशाही सरकार को हटाने के लिए करने की अपील की। श्री भारद्वाज ने कहा कि अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजे जाने से दिल्ली की जनता बहुत दुखी है। लोगों ने तय किया है कि वे अपनी वोट की ताकत से भारतीय जनता पार्टी को इसका जवाब देंगे।

### वायु सेना का रिमोटली पायलेटेड विमान जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त

जैसलमेर। भारतीय वायु सेना का एक रिमोटली पायलेटेड विमान बृहस्पतिवार को जैसलमेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना के अनुसार, इस हादसे में जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना जैसलमेर के पिथला गांव के पास एक खुले मैदान में हुई। वायुसेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा, भारतीय वायु सेना का रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान आज जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

**कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित कई दिग्गजों की साख दाव पर**

# लोस चुनाव : दूसरे चरण में 88 सीटों के लिये मतदान आज, तैयारियां पूरी

## 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में चुनाव में शुक्रवार को 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर वोट डाले जायेंगे और इसके लिये चुनाव आयोग ने मतदान केन्द्रों तक वोटिंग मशीनें पहुंचाने से लेकर सुरक्षा व्यवस्था समेत सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जायेगा। इसके लिये दूरदराज के मतदान केन्द्रों पर मतदान कराने वाले अधिकारियों की टीमें मतदान सामग्री के साथ पहले ही रवाना कर दी गयी हैं। आयोग ने दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिये घर से मतदान करने की सुविधा भी की है। तेज गर्मी को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर पेयजल और छाया की व्यवस्था की जा रही है।





पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान 66 प्रतिशत से कुछ अधिक था, जो 2019 के औसत मतदान की तुलना में तीन प्रतिशत कम रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी मतदान में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये फोन पर रिकार्ड की हुई अपील जारी करने के अलावा सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मतदान के महत्व को रेखांकित कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के निधन के कारण अब इस सीट पर चुनाव सात मई को तीसरे चरण में कराया जायेगा।इस चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ- आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिये 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों की जीत की संभावनाओं को मजबूत करने के लिये कई रैली और रोड शो किये। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी सक्रिय रूप से प्रचार किया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने जमकर चुनाव प्रचार किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारामैया, उप-मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी तथा पार्टी के दिग्गज नेताओं ने भी जोर-शोर से चुनाव प्रचार किया।

**कई दिग्गजों की साख दाव पर :** दूसरे चरण की हाई प्रोफाइल सीटों में जहां वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अग्नि परीक्षा होगी, वहीं तीन केंद्रीय मंत्री और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। राजस्थान के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के पुत्रों के भाग्य का फैसला भी जनता 26 अप्रैल को ही तय करेगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को टिकट दिया है। कर्नाटक की मान्ड्या लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी की साख दांव पर है।

### बिहार में पांच सीटों पर डाले जाएंगे वोट

बिहार की पूर्णिया, भागलपुर, किशनगंज, कटिहार और बांका की सीट पर चुनाव के लिए शुक्रवार को वोटिंग होगी। पूर्णिया सीट से जेडीयू के संतोष कुमार, राजद की बीमा भारती और निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव मैदान में हैं। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने वाला है। वहीं, भागलपुर सीट से जदयू के अजय कुमार मंडल और कांग्रेस के अजीत शर्मा के बीच सीधी टक्कर है। किशनगंज संसदीय सीट पर कांग्रेस के मोहम्मद जावेद, ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के उम्मीदवार अखतरुल ईमान और जेडीयू के मुजाहिद आलम आमने-सामने हैं जबकि कटिहार से जेडीयू के दुलाल चंद्र गोस्वामी और कांग्रेस उम्मीदवार तारिक अनवर और बांका संसदीय सीट पर आरजेडी के जय प्रकाश नारायण यादव और जेडीयू के गिरिधारी यादव चुनाव मैदान में है। पूर्णिया लोकसभा सीट शुरूआत से ही चर्चा में रही है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने यहां बीमा भारती को उतारा है। राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव इस सीट पर कांग्रेस की ओर से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन गठबंधन सहयोगी राजद ने कांग्रेस को यह सीट नहीं दी। अब पप्पू यादव इसी सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं।

**पटना जंक्शन के समीप पाल होटल में लगी आग, मचा कोहराम**

# पटना के होटल में लगी भीषण आग, छह लोगों की मौत

## 20 लोग बुरी तरह से झुलसे, 45 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

प्रात : किरण

पटना। राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित जंक्शन के पास गुरुवार को पाल होटल में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में अबतक छह लोगों की मौत हो चुकी है। 20 लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं, जबकि 45 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। आग में झुलसे लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे पटना जंक्शन के पास स्थित पाल होटल में आग लगने के बाद चीख पुकार मच गई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई और दर्जनों लोग उसमें फंस गए। गर्म पछुआ हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बिल्डिंग के नीचे खड़ी कई गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। सबसे पहले दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के फायर स्टेशनों से दमकल की और गाड़ियां मंगाई गईं। करीब दो दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियों की मदद से फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर



काबू पाया। इस दौरान होटल में फंसे 30 से अधिक लोगों का रेस्क्यू किया गया। पुलिस ने आग में झुलसे लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया है। पुलिस ने इस घटना में 6 लोगों के मौत की पुष्टि की है। पटना के सिटी एसपी सेंट्रल चंद्रप्रकाश ने 6 लोगों की मौत की जानकारी दी है। सिटी एसपी सेंट्रल ने बताया कि अबतक 6 लोगों की इस अग्निकांड में जलकर मौत हो चुकी है जबकि आग में झुलसे 20 लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से 12 लोगों को तुरंत आईसीयू में भर्ती किया गया है। इनमें से तीन की हालत काफी नाजुक है। अग्निशमन विभाग की डीजी शोभा अहोतकर भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया है। उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्य चल रहा है। आग पर काबू पा लिया गया है और फिलहाल बिल्डिंग और उसके आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पटना पुलिस की टीम और संबंधित अधिकारी मौके पर कैंप कर रहे हैं।

**मृतकों में तीन महिला व तीन पुरूष :** पटना सेंट्रल रेंज के टीएसपी सत्य प्रकाश ने पुष्टि करते हुए बताया कि पाल होटल में लगे आग की घटना में छह लोगों की मौत हुई है। इसमें तीन महिला एवं तीन पुरुष हैं। दो लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि पीएमसीएच में इलाज के लिए लगभग 20 लोगों को भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किचन में लगी आग ने चार मंजिला इमारत को अपनी जद में ले लिया। ऊपर के फ्लोर पर नाश्ता कर रहे लोग इसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के होटल और दुकानों के लोग बाहर निकलकर सड़क पर आ गए। फायर ब्रिगेड की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर लोगों को बाहर निकालने में जुटी हुई है। अब तक करोड़ों रुपये के नुकसान की बात सामने आ रही है।

**हादसे पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक:** पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना जंक्शन के पास होटल पाल में आग लगने की घटना में 6 लोगों की हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री ने घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी से पूछे पांच सवाल

प्रात : किरण

पटना। बिहार की पांच सीटों पर दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल यानी कल होगा। एक दिन पहले सियासत तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी और एनडीए पर हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करके पीएम मोदी ने पांच सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी से पूछना चाहता हूँ कि आप संविधान और लोकतंत्र को समाप्त क्यों करना चाहते है? आप दलितों, पिछड़ों, वंचितों और गरीबों का आरक्षण एवं नौकरी क्यों छिनना चाहते है? तेजस्वी यादव ने अगला सवाल पूछा कि आप गरीब को और अधिक गरीब तथा अमीर को और अधिक अमीर क्यों बनाना चाहते है? बिहार ने आपको 40 में से 39 सांसद दिए लेकिन आपने 10 वर्षों में बिहार को क्या दिया? आपने बिहार के लिए क्या किया और आप बिहार आकर काम की बात क्यों नहीं करते? आपको जनता को इन सवालों का जवाब देना चाहिए। इधर, राजद के मुख्य प्रवक्ता और सांसद प्रो. मनोज कुमार झा ने कहा कि यह निष्पक्ष और स्वतंत्रता के साथ रोजगार और संविधान की रक्षा की मुद्दे पर महत्वपूर्ण चुनाव है। लोगों के बीच ऐसा जेहन बन गया है कि इस बार के चुनाव के बाद चुनाव होगा कि नहीं यह सुरत लोकसभा के परिणाम के बाद और रिजल्ट से पहले ही प्रमाण पत्र दिये जाने से कहीं न कहीं लोगों के बीच इस बात का अंदेशा है कि बिना चुनाव कराये और लोगों की भागीदारी सुनिश्चित किये बिना परिणाम कैसे दिये जा रहे हैं? इस बार चुनाव संविधान की रक्षा का चुनाव है और बाबा साहब ने जो संविधान में अधिकार दिया है उसे नागपुरिया विधान के माध्यम से कमजोर करने की साजिश चल रही है।

# पीएम मोदी व राहुल के विरुद्ध शिकायतों पर चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने पीएम मोदी और राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव उल्लंघन की शिकायतों पर बीजेपी और कांग्रेस से जवाब मांगा है। आयोग ने आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों के बीच बीजेपी और कांग्रेस को नोटिस भेजा है। आयोग ने दोनों ही पार्टियों को 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। मिल रही जानकारी के अनुसार चुनाव आयोग ने पीएम मोदी और राहुल गांधी के भाषण को लेकर





यह नोटिस जारी किया है। आरोप है कि इन भाषण के दौरान आचार संहिता का ख्याल नहीं रखा गया है। आपको बता दें कि आयोग के समक्ष बीजेपी और कांग्रेस ने एक दूसरे के खिलाफ शिकायत की थी। बता दें कि बीते कुछ दिनों से चुनाव प्रचार के दौरान बीजेपी और कांग्रेस एक दूसरे पर हमलावर रही हैं। अगर बीते कुछ दिनों की बात करें तो विरासत टैक्स का मामला दोनों दलों के बीच खींचतान का नया मुद्दा बना हुआ है। पीएम नरेंद्र मोदी समेत बीजेपी के तमाम वरिष्ठ अधिकारी इसे लेकर कांग्रेस पर हमला कर रही है। पीएम मोदी ने मुरैना की रैली में इसे लेकर एक बार फिर कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस की नीति है कि, जो देश के लिए सबसे ज्यादा योगदान करे, सबसे ज्यादा मेहनत करे, सबसे ज्यादा समर्पण करे, उसे सबसे पीछे रखो। यही वजह है कि कांग्रेस ने सालों तक सेना के जवानों की वन रैंक वन पेंशन जैसी मांग पूरी नहीं होने दी। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी सरकार बनते ही वन रैंक वन पेंशन को लागू किया गया। हमने सीमा पर खड़े जवानों की सुविधा की भी चिंता की। कांग्रेस सरकार ने जवानों के जो हाथ बांध रखे थे, हमने उन्हें भी खुली छूट दे दी। हमने कहा कि अगर एक गोली आती है तो 10 गोली चलनी चाहिए। अगर एक गोला फेंकते हैं तो 10 तोपें चल जानी चाहिए।

# जेईई-मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित, 56 परीक्षार्थियों ने हासिल किया 100 एनटीए स्कोर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने बुधवार रात इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए हुई जेईई-मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित किए, जिसमें 56 परीक्षार्थियों ने पूरा 100 एनटीए स्कोर हासिल किया। ऐसा करने वाले परीक्षार्थियों में सबसे अधिक तेलंगाना से हैं।

एनटीए ने कहा कि परीक्षा में अनुचित तरीकों के इस्तेमाल को लेकर 39 परीक्षार्थियों के जेईई-



मुख्य परीक्षा देने पर तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। दस लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। तेलंगाना के सर्वाधिक 15, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के सात-सात और दिल्ली के छह परीक्षार्थियों ने पूरा 100 एनटीए स्कोर हासिल किया। परीक्षा असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, डी, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में आयोजित की गई थी। परीक्षा भारत के अलावा मनामा, दोहा, दुबई, काठमांडू, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, कुवैत सिटी, कुआलालंपुर, लागोस/अबूजा, कोलंबो, जकार्ता, मॉस्को, ओटावा, पोर्ट लुइस, बैंकॉक, वाशिंगटन डी. सी, अबूधाबी, हांगकांग और ओस्लो में भी आयोजित की गई थी। परीक्षा का पहला संस्करण जनवरी-फरवरी में जबकि दूसरा संस्करण अप्रैल में आयोजित किया गया था।

जेईई-मुख्य परीक्षा एक और दो के परिणामों के आधार पर, परीक्षार्थियों को जेईई-एडवांस्ड परीक्षा में बैठने के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है। जेईई-एडवांस्ड 23 प्रमुख भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा है।

# यूट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में शामिल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/पटना/एजेंसी। यूट्यूबर मनीष कश्यप भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। बीजेपी के सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली में बीजेपी के मुख्यालय में आयोजित समारोह में मनीष कश्यप को बीजेपी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर बीजेपी सांसद सहित कई लोग मौजूद रहे। इससे पहले उन्होंने ऐलान किया था कि वो पश्चिमी चंपारण सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे लेकिन अब उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। इस दौरान दिल्ली बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष और भोजपुरी एक्टर मनोज तिवारी ने मंच पर पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। यूट्यूबर मनीष कश्यप के भाजपा में शामिल होने पर भाजपा नेता मनोज तिवारी ने कहा कि मनीष कश्यप जैसा व्यक्ति जो जनता के सरोकार को उठाता है, वो भाजपा के साथ है। मैं मनीष को जानता हूं, वे गरीबों का भला चाहते हैं और गरीबों का भला करने के लिए वे पीएम मोदी के साथ जुड़े हैं। बीजेपी में शामिल होने के बाद यूट्यूबर मनीष कश्यप ने कहा कि हम कल बिहार से मनोज तिवारी के साथ आए थे। मैं उन्हीं की वजह से जेल से छूट सका और मेरी जिंदगी के बुरे दिन खत्म हुए। इसलिए मैं इसमें शामिल हुआ। बीजेपी। हमें बिहार को मजबूत करना है। लालू परिवार ने बिहार को लूटा और बर्बाद किया। इसलिए मैं बीजेपी में शामिल हुआ, बिहार को मजबूत करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ आरोप लगाए गए लेकिन पटना कोर्ट ने न केवल मुझे जमानत दे दी, बल्कि बरी भी कर दिया।

**संबोधन** | **पीएम ने चुनावी सभा को किया संबोधित, कांग्रेस व विपक्षी दलों पर साधा निशाना**

# ओबीसी आरक्षण में डाका डालना चाहती है कांग्रेस : मोदी

## बोलें- हमारा रास्ता तुष्टिकरण का नहीं, संतुष्टिकरण का है, सबका साथ, सबका विकास का मंत्र भी उसी का महामार्ग है

प्रात : किरण

आगरा/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस पर तुष्टिकरण का सीधा आरोप लगाते हुये कहा कि कांग्रेस ओबीसी आरक्षण के कोटे में चोरी कर धर्म के आधार पर आरक्षण देने की फिराक में है। आगरा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जो आए दिन बाबा साहेब का अपमान करती है, संविधान का अपमान करती है और सामाजिक न्याय की तो धज्जियां उड़ा देती है। देश का संविधान, देश की अदालतें कांग्रेस को ऐसा करने से बार-बार मना कर चुकी है, मगर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है।

मोदी ने कहा कि धर्म के आधार पर कांग्रेस की हर बात को देश की न्यायपालिका ने ठुकरा दिया है। इसलिए अब कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से खेल खेलना शुरू किया है। अब कांग्रेस ने ठान लिया है कि वो धर्म के आधार पर रिजर्वेशन लाकर रहेगी। इसके लिए कांग्रेस ने



तरीका निकाला है कि 27 प्रतिशत का ओबीसी का जो कोटा है, उसमें से कुछ चोरी कर लिया जाए, छीन लिया जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाए। उन्होने कहा कि इसी कांग्रेस ने कभी कर्नाटक में, कभी आंध्र प्रदेश में, कभी अपने घोषणा पत्र में बार-बार धर्म के आधार पर आरक्षण की वकालत की। मोदी की गारंटी सबका साथ, सबका विकास की है लेकिन सपा-कांग्रेस के इंडी-गठबंधन के लिए अपना वोटबैंक ही खास है। उत्तर प्रदेश में जो दो लड़कों में दोस्ती है, इसका आधार भी ये तुष्टिकरण की राजनीति ही है। प्रधानमंत्री ने कहा दोनों मिलकर भाषण में तो ओबीसी-ओबीसी करते हैं और पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक छीनकर अपने वोटबैंक को मजबूत करने के लिए देना चाहते हैं। हमारा 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड हो या फिर भाजपा का संकल्प पत्र, हमारा जोर सैचुरेशन पर है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबको मिले, पूरा लाभ मिले, बिना बिचौलियों के मिले, बिना रिश्वत के मिले और हकदार को अवश्य मिले, ये भाजपा का सैचुरेशन मॉडल है। उन्होने कहा हमारा सेक्युलरिज्म भी वही है कि जो भी योजना जिसके लिए बने, बिना धर्म, जाति, भेदभाव के उसका लाभ सबको मिलना चाहिए। सच्चा सामाजिक न्याय भी यही है जब आप बिना भेदभाव, बिना अपने-पराए, बिना रिश्वतखोरी सबका हक पूरा करें। मोदी तुष्टिकरण को समाप्त करके, संतुष्टिकरण की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होने कहा हमारा रास्ता तुष्टिकरण का नहीं, संतुष्टिकरण का है। सबका साथ, सबका विकास का मंत्र भी उसी का महामार्ग है। लेकिन, सपा-कांग्रेस का इंडी गठबंधन घोर तुष्टिकरण में जुटा है। 2024 के चुनाव में कांग्रेस ने जो मेनिफेस्टो जारी किया है, उसपर 100 फीसदी मुस्लिम लीग की छाप है। कांग्रेस का पूरा मेनिफेस्टो सिर्फ वोटबैंक को मजबूत करने के लिए समर्पित है जबकि, हमारा मेनिफेस्टो देश को मजबूत करने के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री ने आगाह करते हुये कहा भारत की बढ़ती हुई शक्ति कुछ ताकतों को पसंद नहीं आ रही है। अब जैसे यहां डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है, उसमें देश की सेना के लिए, आत्मनिर्भर बनने के लिए, दुनिया में निर्यात के लिए घातक अस्त्र-शस्त्र बनेंगे। दुनिया भर में जो हथियारों के दलाल हैं, जो पुरानी सरकारों में घुस देकर अपना काम करा लेने में एक्सपर्ट हो गए थे और पुरानी सरकारों में बैठे हुए लोगों को भी ये मलाई खाने को मिलती थी। ऐसे सारे लोग अब बौखला गए हैं, बहुत नाराज हैं। वो नहीं चाहते कि भारत की सेना आत्मनिर्भर बने। इसलिए वो मोदी के विरुद्ध एकजुट हो गए हैं। इन ताकतों को रोकने के लिए, देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए, देश की सुरक्षा के लिए फिर एक बार बीजेपी और एनडीए की सरकार लाना बहुत आवश्यक है।

# दूसरे चरण में पांच सीट पर 50 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर

प्रात : किरण

पटना। बिहार में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत पांच सीट भागलपुर, बांका, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार पर शुक्रवार को मतदान होगा। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए निर्वाचन आयोग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सुबह सात बजे से शुरू होने वाले मतदान के दौरान 93, 96, 298 मतदाता 50 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। निर्वाचन आयोग इन सीट पर सुचारू रूप से मतदान संपन्न कराने के लिए 9322 मतदान केंद्र बनाये हैं तथा कुल 11270 बैलेट यूनिट, 11238 कंट्रोल यूनिट और 12447 वीवीपैट की व्यवस्था की गयी है। आयोग के मुताबिक निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए बिहार पुलिस ने व्यापक तैयारी की है। अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ-साथ बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस तथा बिहार पुलिस के कर्मियों की तैनाती की गई है। भारी संख्या में होमगार्ड को भी तैनात किया गया है। आयोग ने बताया कि अर्धसैनिक बलों की 150 से अधिक कंपनियां निष्पक्ष और सुचारू रूप से चुनाव सुनिश्चित करने में स्थानीय पुलिस की सहायता करेंगी। आंकड़ों के मुताबिक इन पांच सीट पर मतदान करने के लिए कुल 93, 96, 298 मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें से 48, 81, 437 पुरुष, 45, 14, 555 महिला और 306 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। आयोग ने बताया कि कुल मतदाताओं में से 20 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के 20, 86, 853 मतदाता हैं, जबकि 18 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के 1, 37, 773 मतदाता हैं। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 89, 743 और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 79, 085 है जिनके लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। इन पांच सीट में से भागलपुर में सबसे अधिक 19, 83, 031 मतदाता हैं जबकि किशनगंज में सबसे कम 18, 29, 994 मतदाता हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शोभायात्रा के दौरान सड़कें जाम, शहर के अंदर से निकले भारी वाहन

**हल्द्वानी, एजेंसी।** हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को शोभायात्रा के साथ-साथ ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन किया। ट्रैफिक डायवर्जन के कारण पुलिस ने गौला से उपखनिज लेकर आने वाले वाहनों को शहर की मुख्य सड़क से निकाला। इस दौरान लोग जाम से जूझते नजर आए। मंगलवार को काठगोदाम, शीशमहल, हाइडिल मार्ग, कालाढूंगी मार्ग, राजपुरा, नैनीताल रोड, बरेली रोड से कई शोभायात्राएं निकाली गईं। शोभायात्रा के दौरान ही रूट डायवर्ट किया गया। इस कारण बरेली, रामपुर, कालाढूंगी सहित तमाम मार्ग और गलियां वाहनों से पैक हो गईं। काफी देर तक ट्रैफिक रेंगकर चला। आलम यह था कि पत्थरों से भरे ट्रकों व डंपरों को भी नैनीताल रोड होते हुए शहर के अंदर से निकाला गया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर शिवराज बिष्ट ने बताया कि शोभायात्रा के साथ-साथ रूट डायवर्ट किया गया था। ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों ने समय रहते स्थिति को सामान्य रखा।

### आलू, प्याज, टमाटर के दाम ने खाने का स्वाद बिगाड़ा

**हल्द्वानी, एजेंसी।** आलू, प्याज, टमाटर आदि सब्जियों से लेकर फलों के दाम इस बीच काफी बढ़ गए हैं। हाल में 15 रुपये किलो बिक रहा टमाटर अब 50 रुपये किलो पहुंच गया है। आलू 20 से 25 और प्याज भी 20 से 35 तक पहुंच गया है। वहीं, 120 वाला सेब 160, 100 रुपये किलो वाला अनार 150 रुपये प्रतिकिलो से ज्यादा में बिक रहा है। स्थानीय स्तर पर आलू और टमाटर का सीजन नहीं है लेकिन प्याज तैयार हो गया है। मंडी में इस समय अहमदाबाद और रामपुर से टमाटर आ रहा है। यूपी के संभल से आलू आ रहा है। किसान जोगेंद्र ने बताया कि उन्होंने गौलापार में पांच से छह बीघे में प्याज बोई है। करीब 15 दिन बाद इसे खोदेंगे। गौलापार के किसान नरेंद्र सिंह का कहना है कि बाहर से आवक के कारण बाजार में दाम बढ़े हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में आलू और टमाटर की फसल तैयार हो रही है।

### बुजुर्ग महिला से जेवरात लूटने वाला गिरफ्तार

**हल्द्वानी, एजेंसी।** ऊंचापुल निवासी बुजुर्ग महिला से 1.40 लाख रुपये के जेवर लूटने के आरोपी को मुखानी पुलिस ने सोमवार रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मुख्य रूप से यूपी के बरेली जिले का रहने वाला है। आरोपी से लूटे हुए जेवरात भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया है। लोहरियासाल मल्ला निवासी तनुज नैनवाल की ओर से मुखानी थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। तनुज के अनुसार 19 अप्रैल की शाम 6ः30 बजे उनकी 90 वर्षीय बुआ बसंती देवी कठघरिया की ओर अपने रिश्तेदार के घर जा रही थीं। इसी बीच फतेहपुर के पास अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें डरा-धमकाकर सोने के कुंडल और मंगलसूत्र लूट लिया। एसओ मुखानी पंकज जोशी ने बताया कि मामले की जांच के लिए एसआई मनोज सिंह अधिकारी समेत अन्य को लगाया था। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालने के बाद मंगलवार को आरोपी दिलीप मौर्य मूल निवासी मकरंदपुर बहेड़ी को बजूनियाहल्दू वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। वर्तमान में आरोपी बजूनियाहल्दू में रह रहा था।

### जीआईसी के 200 से अधिक विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिले के धौलादेवी विकासखंड के अंतर्गत जीआईसी नैनीचौगर्खा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को न तो विज्ञान का ज्ञान मिल रहा है और न ही गणित का। शिक्षकों के पद रिक्त होने से विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर लगा है। जीआईसी नैनीचौगर्खा में प्रवक्ताओं के नौ पद सृजित है जिसके सापेक्ष सात पद रिक्त हैं। एक तरफ हिंदी और विज्ञान को बढ़ावा देने की बात कही जा रही है वहीं दूसरी ओर विद्यालयों में विद्यार्थियों को इन विषयों का ज्ञान नहीं मिल पा रहा है। जीआईसी में तीन साल से हिंदी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान विषय के प्रवक्ताओं के पद रिक्त हैं।

### नो पार्किंग और गलत दिशा में चलने पर 85 चालान

**हल्द्वानी, एजेंसी।** हल्द्वानी की सड़कों पर पर्यटन सीजन के बीच ट्रैफिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। अब परिवहन विभाग और पुलिस ने सड़क किनारे वाहन खड़े करने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। नो पार्किंग और गलत दिशा में चलने पर परिवहन विभाग ने 73 और पुलिस ने 12 वाहनों के ऑनलाइन चालान किए। डीएम ने सोमवार को नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद मंगलवार को परिवहन विभाग की तीन टीमें हल्द्वानी में नो पार्किंग में कार्रवाई करती रही। टीम ने सफेद पट्टी के बाहर खड़े 73 वाहनों के चालान किए। उधर टीआई शिवराज सिंह चौहान की टीम ने नो पार्किंग, गलत दिशा में गाड़ी चलाने वाले 12 लोगों के ऑनलाइन चालान किया। पुलिस ने विभिन्न चौराहे, तिराहे और सड़कों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। इन कैमरों का प्रयोग अब ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए किया जाएगा। टीआई शिवराज बिष्ट ने बताया कि अब गलत दिशा में चलने, रैश ड्राइविंग करने, सड़क किनारे वाहन खड़ा करने पर ऑनलाइन चालान काटे जाएंगे।

# हरिद्वार में डा. आंबेडकर का झंडा उतारकर भगवा लहराना पड़ा भारी, भड़के ग्रामीण

**हो गया बवाल**

**हरिद्वार, एजेंसी।**
सिडकुल क्षेत्र के आन्नेकी गांव में टावर पर लगा भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर का झंडा उतारकर भगवा झंडा लगाने पर ग्रामीण भड़क गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि टावर से झंडा उतारने के बाद खंडित कर जलाया गया।

इस मामले को लेकर भीम आर्मी कार्यकर्ता के साथ ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रालियों में सिडकुल थाने पहुंच गए और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए उन्हें शांत कराया। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। तनाव के बीच पुलिस की नजरें गांव पर बनी हुई है।



पुलिस के मुताबिक, ग्राम आन्नेकी में टावर पर डा. भीमराव आंबेडकर का झंडा लगा हुआ था। आरोप है कि गांव के ही पवन, पोंटी और गोपी ने झंडा उतार दिया। उनके साथी पवन और काला उर्फ सुदेश नीचे खड़े थे।

आरोप है कि पांचों आरोपितों ने झंडा उतारकर फेंक दिया और खंडित कर जला दिया। इसके बाद टावर पर भगवा झंडा लगा दिया गया। इसका पता चलने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और नाराजगी जताते हुए विरोध शुरू कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों को शांत किया। इस बीच भीम आर्मी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में ग्रामीणों को ट्रैक्टर ट्राली में बैठाकर सिडकुल थाने पहुंच गए।

राजपाल और ईश्वर चंद्र निवासीगण आन्नेकी ने पुलिस को आरोपितों के खिलाफ लिखित तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज करने और गिरफ्तारी की मांग की।

पुलिस ने तत्काल आरोपितों के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। सिडकुल थानाध्यक्ष मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल का कहना है कि माहौल खराब करने का प्रयास सफल नहीं होने दिया जाएगा।

## सुबह से शाम आग से धधक रहे पहाड़ के जंगल

**नैनीताल, एजेंसी।** गर्मी के साथ ही पहाड़ के जंगलों में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। भीमताल, धारी, ओखलकांडा, रामगढ़ और बेतालघाट के गांवों में आग लगने से कई हेक्टेयर जंगल में लगी वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है। मंगलवार को धारी के महतोलिया गांव और नगदल के जंगल में अचानक आग लग गई। आग से चीड़, बांज, काफल, देवदार, बुरांश समेत अन्य प्रजातियों के पेड़ों को नुकसान पहुंचा है। देर शाम तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। इधर, खैरना-रातीघाट स्टेट हाईवे पर कनवाड़ी की पहाड़ी में आग लगने से पहाड़ी के पत्थर सड़क पर गिरते रहे। जिससे वाहन चालकों और यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा बेतालघाट में थुवा समेत अन्य जंगलों में भी आग लगने से वन संपदा को नुकसान पहुंचा है।इधर, कालाढूंगी में रामनगर वन विभाग के अंतर्गत आने वाले फतेहपुर, कालाढूंगी व देचोरी रेंज में विगत कई दिनों से लगी आग से कई हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो गए। एसडीओ किरण शाह ने बताया कि अभी तक फतेहपुर रेंज में आठ जगहों पर लगी आग से चार हेक्टेयर जंगल, कालाढूंगी रेंज के अंतर्गत चार जगह में लगी आग से दो हेक्टर जंगल के साथ ही देचौरी में कुछ स्थानों पर आग लगने से जंगल जलकर राख हो गए।

## तेज धूप से सिर और पेट दर्द का शिकार हो रहे हैं लोग

**अल्मोडा, एजेंसी।**
तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग सिर और पेट दर्द का शिकार हो रहे हैं। दर्द से पीड़ित मरीज जिला अस्पताल, अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इन मरीजों में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं।

तपती धूप और गर्म हवाओं के कारण सिर और पेट दर्द के मरीज बढ़ रहे हैं। शरीर में पानी की कमी से पेट के रोग और तेज धूप के कारण सिर दर्द की समस्या बढ़ रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में आने वाले 300 मरीजों में से 50 मरीज सिर और पेट दर्द के हैं। वही मेडिकल कॉलेज में भी रोजाना 20 से 25 मरीज उपचार को रहे हैं।

गर्मी के दिनों में कटे फटे फल, चाट, समोसा, तली चीजों, सड़कों के किनारे खुले में रखी खानपान सामग्री का सेवन करना स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है। इससे पेट दर्द की समस्या पैदा हो सकती है। मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा के प्राचार्य प्रो. सीपी भैसोड़ा ने बताया कि तेज धूप के कारण सिर और पेट दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ी हैं। इससे परेशान मरीज उपचार को आ रहे हैं। धूप में निकलते समय सिर को ढककर निकले। कपड़े भी फुल आस्तीन के पहन कर ही बाहर जाएं।

## आरटीई में पूर्व प्रवेशित छात्रों को मिलेगी आयु सीमा में छूट

**हल्द्वानी, एजेंसी।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत पूर्व में प्रवेश ले चुके विद्यार्थियों को यूकेजी से कक्षा एक में प्रवेश लेने में आयु सीमा में छूट मिलेगी। अपर राज्य परियोजना निदेशक मुकुल सती का कहना है कि जो विद्यार्थी आरटीई के तहत यूकेजी की पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें कक्षा एक में प्रवेश के लिए आयु सीमा में छूट मिलेगी। इसके लिए जल्द ही शासनादेश जारी किया जाएगा।

राज्य सरकार ने कक्षा एक में प्रवेश की आयु 31 मार्च 2024 तक छह वर्ष पूर्ण होने का आदेश जारी किया था। इस कारण छह साल से कम उम्र के कई विद्यार्थी कक्षा एक में आरटीई के तहत और सामान्य प्रवेश लेने से वंचित हो रहे हैं। वहीं जो छात्र पूर्व में ही आरटीई के तहत प्री प्राइमरी कक्षाओं में प्रवेश ले चुके हैं, वो विद्यार्थी भी छह साल से कम आयु होने के कारण कक्षा एक में प्रवेश नहीं ले पा रहे थे। जिले में आरटीई के तहत यूकेजी में पढ़ रहे करीब 4000 विद्यार्थी ऐसे हैं जिनकी आयु पांच वर्ष से कम है। इन छात्रों को आयु कम होने के कारण फिर से यूकेजी की पढ़ाई नहीं करनी होगी। आयु में छूट मिलने पर पूर्व प्रवेशित छात्र यूकेजी से कक्षा एक में दाखिला ले सकते हैं।

सरकारी नियमों के मुताबिक प्री प्राइमरी कक्षा में दाखिला लेने के लिए आयु तीन वर्ष और कक्षा एक में दाखिले के लिए छह वर्ष से अधिक आयु होना अनिवार्य है। प्री प्राइमरी या कक्षा एक में नए प्रवेश लेने वाले छात्रों को फिलहाल आयु सीमा में कोई छूट नहीं मिली है। आयु सीमा कम होने के कारण जिले में 20,000 से अधिक छात्र कक्षा एक में नए प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं।

## खाली बर्तन लेकर प्रदर्शन

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
इंदिरानगर, शनिबाजार में चार दिन से पानी नहीं आने से नाराज लोगों ने मंगलवार को खाली बर्तन लेकर जल संस्थान के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि गर्मी बढ़ते ही विभाग की ओर से टैंकर भी नहीं भेजे जा रहे हैं।

इंदिरानगर में 13 बीघा और शनिबाजार के मिनी नलकूप से पानी आपूर्ति होती है। आम दिनों में इन दोनों नलकूपों से ढाई हजार की आबादी को पानी मिलता है लेकिन बीते चार दिनों से बिजली संकट के चलते नलकूप नहीं चलने से पेयजल संकट बढ़ गया है। विरोध जताने वालों में इंदिरानगर निवासी शकील अहमद, नगमा, कमर जहां, अनस सलमानी आदि रहे। जल संस्थान के सहायक अभियंता रविंद्र कुमार ने कहा कि बिजली सप्लाई अनियमित होने से दो नलकूप नहीं चल पाए। इस बीच लोगों की ओर से टैंकरों की मांग नहीं की गई है।

जल संस्थान और नगर निगम की स्वास्थ्य टीम ने मंगलवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर पानी के नमूने लिए। फील्ड टेस्टिंग किट से की गई जांच में पेयजल में क्लोरीन, टीडीएस एवं टर्बिडिटी पीएच सही मात्रा में पाया गया। सोमवार को डीएम वंदना ने जल संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर में लगातार बढ़ रही पेयजल किल्लत को गंभीरता से लिया था। उन्होंने पेयजल किल्लत को दूर कराने के साथ साथ पानी के नमूने लेकर उसकी जांच के निर्देश दिए थे। मंगलवार को जल संस्थान और नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी की ओर से संयुक्त टीम ने राजपुरा, इंदिरानगर, मंगलपड़ाव, किदवई नगर,उजाला नगर, गफूर बस्ती व वनभूलपुरा आदि क्षेत्रों में फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से पानी के नमूनों की जांच की। जिला संक्रामक रोग विश्लेषण नंदन कांडपाल ने बताया कि जल संस्थान और जिला संक्रामक रोग की अलग-अलग प्रयोगशालाओं में पानी के नमूनों की जांच की गई। पानी में क्लोरीन, टीडीएस एवं टर्बिडिटी पीएच सही मात्रा में पाया गया। टीम ने अन्य क्षेत्रों से भी बैक्टीरिया की जांच के लिए पानी के सैंपल लिए।



## होटलों में कागजों में पार्किंग, धरातल पर गायब

**नैनीताल, एजेंसी।**
नैनीताल शहर में संचालित हो रहे होटल और होमस्टे में पार्किंग नहीं है, लेकिन पार्किंग लिस्ट में उनका नाम दर्ज है। ऐसे में शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न होती है।

नैनीताल शहर में संचालित हो रहे होटल और होमस्टे में पार्किंग नहीं है, लेकिन पार्किंग लिस्ट में उनका नाम दर्ज है। ऐसे में शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। साथ ही होम स्टे संचालक पुलिस प्रशासन के साथ ही पर्यटकों को गुमराह कर रहे हैं।

दरअसल, ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन में देश-विदेश से लाखों पर्यटक नैनीताल आते हैं। ऐसे में यहां वाहनों का दबाव बढ़ जाता है। पुलिस प्रशासन की ओर से शहर की छोटी-बड़ी पार्किंग पैक होने के बाद वाहनों को रूसी बाईपास में पार्क किया जाता है। यहां से शटल सेवा के माध्यम से पर्यटक नैनीताल आते हैं। साथ ही उन्हीं वाहनों को प्रवेश दिया जाता है, जिनकी होटल या होम स्टे में बुकिंग और पार्किंग हो। पुलिस प्रशासन को सहूलियत हो इसके लिए शहर के इंट्री प्वाइंट में पार्किंग लिस्ट लगाई जाती है। लिस्ट में कई ऐसे होटलों के नाम दर्ज किए गए हैं।



## जमरानी पेयजल योजना में जुड़ेगे 177 गांव

**हल्द्वानी, एजेंसी।** जमरानी बांध परियोजना से 177 गांवों को पानी मिल सकेगा। जल निगम प्रस्ताव में संशोधन कर इसे रुड़की भेजने की तैयारी कर रहा है। संशोधित प्रस्ताव से शहर को 11 करोड़ पचास लाख लीटर पानी उपलब्ध हो सकेगा।

जमरानी योजना के पुराने प्रस्ताव में नगर निगम क्षेत्र में पानी बांटने की व्यवस्था थी। अब पुरानी योजना में संशोधन करने के बाद जल निगम ने नया प्रस्ताव तैयार किया है। संशोधित प्रस्ताव में गंभीर पेयजल संकट झेल रहे हल्द्वानी के 177 गांवों को भी इसमें शामिल किया है। यह संशोधित प्रस्ताव टेक्निकल एश्योरेंस कमेटी (टीएसी) की मंजूरी के लिए आईआईटी रुड़की को भेजा जा रहा है। जल निगम के प्रस्ताव का टेक्निकल एश्योरेंस कमेटी (टीएसी) तकनीकी मूल्यांकन करेगी। टीएसी में आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ शामिल हैं। इन विशेषज्ञों की ओर से दिए गए सुझावों के अनुसार पेयजल योजना के डिजाइन आदि में बदलाव किया जाएगा। जमरानी बांध पेयजल योजना में 177 गांवों को जोड़ने का संशोधित प्रस्ताव बनाया जा रहा है। इसे टीएसी की मंजूरी के लिए आईआईटी रुड़की भेजा जाएगा। मंजूरी मिलते ही कार्रवाई शुरु कर दी जाएगी। सिंचाई विभाग के देवला मल्ला और फतेहुपर का नलकूप बीते चार दिनों से खराब है। विभाग की ओर से इनकी मरम्मत का कार्य जारी है। इस कारण ग्रामीण इलाकों में खेती और पेयजल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। देवल मल्ला की मोटर ठीक होने में चार दिन और फतेहपुर का नलकूप ठीक होने में सात दिन का वक्त और लगेगा।

## बाल रोग विभाग पैक, दूसरे वार्ड में भर्ती किए मरीज

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
डायरिया, टायफायड, बुखार का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। बेस अस्पताल के बाल रोग विभाग के फुल चलने के कारण मंगलवार को नए मरीजों को मेडिसिन वार्ड में भर्ती किया गया। बेस अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज त्रिपाठी ने बताया कि हर रोज 20 से 25 बच्चों में डायरिया और फीवर की शिकायत मिल रही है। तीन दिन से 30 बेड फुल चल रहे हैं। अब नए मरीज आए तो दूसरा वार्ड लेना पड़ा। वहीं सुशीला तिवारी अस्पताल में भी बाल रोग विभाग में रोजाना 15 से 20 डायरिया और बुखार से पीड़ित बच्चे पहुंच रहे हैं।

## गेहूं के नरकुलों में धधकी आग, दमकल टीम ने बुझाई



**खटीमा, एजेंसी।** सीमांत क्षेत्र खटीमा में मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर नरकुलों में आग लग गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने बड़ी मुश्किल से आग की घटनाओं पर काबू पाया।

खेरा (बिचवा) में करीब 30 एकड़ में गेहूं के नरकुलों में आग लग गई। आग की लपटें घरों की ओर बढ़ रही थीं। तभी अग्निशमन टीम ने आग पर काबू पा लिया। इसके बाद बूढ़ाबाग गांव में गेहूं की नरकुलो में लगी को बुझाया। आग खेत के बीच में बरात के टेंट व पोल्ट्री फार्म की और बढ़ रही थी, जिसे पहले ही अग्निशमन कर्मियों ने बुझा लिया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सुभाष जोशी ने बताया कि कुटरा गांव में चार एकड़ गेहूं के नरकुलों व घर के पास पराली के ढेर में लगी आग लग गई। सूचना पर अग्निशमन टीम ने आग को बुझाया। इसके बाद बिगराबाग गांव में खेत में लगी को भी बुझाया। 11 हजार वोल्टेज की लाइन से गिरी चिंगारी से सोमवार को उमरपुर बहेड़ी गांव के पांच किसानों की 12.5 एकड़ गेहूं की फसल जल गई। फायर ब्रिगेड कर्मियों के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने काबू पा लिया। ग्राम प्रधान ने पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार आग लगने की सूचना पर ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चला कर रोकने का प्रयास किया। लेकिन तेज हवा के चलते आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग में जसविंदर सिंह की दो एकड़, पलविंदर सिंह की एक एकड़, कश्मीर सिंह की 3.5 एकड़ लखविंदर सिंह की 3.5 एकड़, सीता कौर की ढाई एकड़ गेहूं की फसल जल गई। मुख्यमंत्री से किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष ब्रह्मानंद लाहोरी, अमरजीत सिंह बाजवा, त्रिलोचन सिंह, राजीव कुमार, रमेश सिंह आदि ने मांग की है।


## तेज धूप से सिर और पेट दर्द का शिकार हो रहे हैं लोग

**अल्मोडा, एजेंसी।** तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग सिर और पेट दर्द का शिकार हो रहे हैं। दर्द से पीड़ित मरीज जिला अस्पताल, अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इन मरीजों में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं।

तपती धूप और गर्म हवाओं के कारण सिर और पेट दर्द के मरीज बढ़ रहे हैं। शरीर में पानी की कमी से पेट के रोग और तेज धूप के कारण सिर दर्द की समस्या बढ़ रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में आने वाले 300 मरीजों में से 50 मरीज सिर और पेट दर्द के हैं। वही मेडिकल कॉलेज में भी रोजाना 20 से 25 मरीज उपचार को रहे हैं।

गर्मी के दिनों में कटे फटे फल, चाट, समोसा, तली चीजों, सड़कों के किनारे खुले में रखी खानपान सामग्री का सेवन करना स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है। इससे पेट दर्द की समस्या पैदा हो सकती है।

मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा के प्राचार्य प्रो. सीपी भैसोड़ा ने बताया कि तेज धूप के कारण सिर और पेट दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ी हैं। इससे परेशान मरीज उपचार को आ रहे हैं। धूप में निकलते समय सिर को ढककर निकले। कपड़े भी फुल आस्तीन के पहन कर ही बाहर जाएं।


## जितनी मांग उतना नहीं मिल पा रहा पानी, तरस रहा हल्द्वानी

**हल्द्वानी, एजेंसी।** जल संस्थान कई पेयजल योजनाएं होने के बावजूद भी लोगों की प्यास नहीं बुझा पा रहा है। वर्तमान में गर्मी बढ़ने से शहर में 85 एमएलएडी पानी की जरूरी पूरी नहीं हो पा रही है। शहर को जल संस्थान की गौला नदी पेयजल योजना से 35 (मिलियन लीटर परडे) एमएलडी, 88 नलकूपों से 32 और पेयजल निगम से पांच एमएलडी पानी मिलता है। वर्तमान में जल संस्थान के अनुसार 85 एमएलडी पानी की आवश्यकता है। इस हिसाब से 13 एमएलडी पानी की और जरूरत है जिसे विभाग पूरा नहीं कर पा रहा है। विभाग 10 टैंकरों से दमुवाढूंगा, कुसुमखेड़ा, इंदिरानगर, दुर्गा मंदिर, आनंदपुर आदि क्षेत्रों में पानी बंटवा रहा है।

# लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी का जेल का जवाब वोट से कैंपेन सॉन्ग लांच:गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में लोकसभा चुनाव के लिए अपना कैंपेन सॉन्ग ह्लजेल का जवाब वोट सेह्व लांच किया। यह कैंपेन सॉन्ग देश में चल रही तानाशाह सरकार की वजह से पैदा हुए हालातों को बयां करता है, सीएम अरविंद केजरीवाल समेत विपक्षी दलों के नेताओं को साजिशन जेल में डालने, बेरोजगारी, महंगाई समेत जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को को उठाता है। यह गीत आने वाले खतरों के बारे में बताता है कि अगर भाजपा किसी भी तरह सत्ता में आई तो देश का संविधान बदल जाएगा और यह आखिरी चुनाव होगा। इस गीत को ह्लआपह्व के वरिष्ठ नेता एवं तिमारपुर से विधायक दिलीप पांडे ने लिखा है और अपनी आवाज भी दी है। आम आदमी पार्टी इस गीत को अलग-अलग प्लेटफार्मों के जरिए जनता तक पहुंचाएगी। पार्टी अपने चुनावी कैंपेन के तीसरे चरण की शुरूआत 27 अप्रैल से करेगी, जिसमे अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी उनके संदेशों को लेकर जनता के बीच जाएंगी। साथ ही, पंजाब के सीएम भगवंत मान समेत आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जगह-जगह चुनावी सभाएं, डोर टू डोर करके जनता तक अपनी बात पहुंचाएंगे। चुनावी कैंपेन सॉन्ग की लांचिंग के दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह, दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता, दिल्ली विधानसभा के मुख्य सचेतक दिलीप पांडे, कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन, दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, एमसीडी के प्रभारी दुर्गेश पाठक, मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय, वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह और आदिल खान मौजूद है। इस दौरान सांसद संजय सिंह ने कहा कि आज देश के अंदर एक तानाशाह हुकूमत है, जिसने तीन बार के निर्वाचित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दिया। अरविंद केजरीवाल ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिनको हिंदुस्तान की आजादी के बाद सबसे बड़ा बहुमत मिला है। 2015 में दिल्ली की 70 में से 67 सीट अरविंद केजरीवाल को मिली। 2013 में जब पहली बार सरकार बनी तो आम आदमी पार्टी की 28 सीटें आई थी। 2020 के चुनाव में 62 सीटें मिली थी। 10 साल के इस सफर में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हम लोगों ने दो-दो राज्यों में सरकार बनाई। दिल्ली की तरह पंजाब में सभी पार्टियों का सूपड़ा साफ हो गया। वहां आम आदमी पार्टी की 117 में से 92 सीटें आई। गोवा में 6.5 पर्सेंट वोट आया और दो विधायक जीते, जबकि गुजरात में 14 फीसद वोट मिला और पांच विधायक जीते। वहीं, मध्यप्रदेश में मेयर का चुनाव जीते, उत्तर प्रदेश में कई अध्यक्ष, जिला पंचायत के सदस्य और सभासद का चुनाव जीते। इसके बाद एमसीडी में 15 साल से जो भाजपाइयों का कूड़ा बैठा था, दिल्ली की जनता ने झाड़ू लगाकर उस कूड़े को साफ करने का काम किया। संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली में बीजेपी वाले कभी भी जीत नहीं सकते। यह बात भाजपा को पता चल गया है। इसलिए भाजपा ने गहरी साजिश रची कि अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दो। इसके बाद दिल्ली सरकार को गिरा दो, आम आदमी पार्टी को खत्म कर दो। भाजपा के लोग इस देश के अंदर लोकतंत्र के डकैत और लुटेरे हैं। ये लोग जनता के मतों और निर्वाचित सरकारों पर डकैती डालने का काम करते हैं। विपक्ष की सरकारों को लूटने काम करते हैं। भाजपा ने उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र में ईडी-सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग का छापा मरवाया, लोगों को जेल में डालने का डर दिखाया और विधायक को तोड़कर सरकारें गिराई।

# जेल के ताले टूटेंगे केजरीवाल छूटेंगे.. हौज खास में प्रदर्शन के दौरान आप कार्यकताओं ने की नारेबाजी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली लोकसभा सीट से आप उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने गुरुवार को आप कार्यकर्ताओं के साथ हौज खास मेट्रो स्टेशन के बाहर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली सरकार में मंत्री सौरव भारद्वाज भी हौज खास मेट्रो स्टेशन पहुंचे और स्टेशन के बाहर आने जाने वाले लोगों से जेल का जवाब वोट से देने की अपील की। इस दौरान सोमनाथ भारती के साथ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जेल के तले टूटेंगे अरविंद केजरीवाल छूटेंगे जैसे नारे लगाए। हम गोडसेवादी नहीं गांधीवादी हैः सोमनाथ भारती ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम जनता को बता रहे हैं कि किस तरह देश में तानाशाही हावी हो गई है। जनता को अपने वोट से इसका जवाब देना है क्योंकि हम और हमारी पार्टी गांधीवादी है, हम गोडसेवादी नहीं हैं। दिल्ली की जनता दिल्ली की सातों सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताएगी।

आज आप करेगी कैंपेन सॉन्ग लॉन्चः दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि, ह्यआज आम आदमी पार्टी का कैंपेन सॉन्ग लॉन्च होने वाला है। दिल्ली के लोग इस चीज से बहुत दुखी है कि उनके मुख्यमंत्री को जेल में डाला गया। लोग इसका जवाब देना चाहते हैं, पार्टी और लोगों ने तय किया है कि हम इसका जवाब वोट से देंगे। हम अपनी वोट की ताकत से भाजपा को बताएंगे कि उन्होंने जो किया वह गलत किया है। इतना ही नहीं सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि केंद्र की सरकार तानाशाही कर रही है। लोगों की आवाज को दबाना चाहती है। जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी ने जनता के मुद्दों को उठाया था। उसकी वजह से केंद्र की मोदी सरकार हमारे खिलाफ दुर्व्यवहार कर रही है।

# जामिया नगर इलाके के दिल्ली जल बोर्ड के गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी दिल्ली में जैसे-जैसे गर्मी का सितम बढ़ रहा है, वैसे-वैसे आग का तांडव भी देखने को मिल रहा है। ताजा मामला जामिया नगर इलाके से सामने आया है, जहां गुरुवार दोपहर इलाके में उस समय अफरा तफरी का माहौल देखा गया, जब दिल्ली जल बोर्ड के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद धुएं के ऊंची-ऊंची गुब्बारे आसमान में दिखाई देने लगे। इसके बाद आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर की टीम ने करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार,



गुरुवार दोपहर 1:30 बजे जामिया नगर इलाके में आग लगने की सूचना फायर टीम को मिली। मौके पर पहले पांच गाड़ियों को भेजा गया। फिर आग को बढ़ते देख पांच और गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। करीब 10 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक जल बोर्ड के पाइप और जेसीबी आग की भेंट चढ़ गई। इस हादसे में लाखों के नुकसान होने का अनुमान है। आग लगने का कारण वेल्डिंग का कार्य बताया जा रहा है।

फायर विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, वेल्डिंग से जो चिंगारी उड़ी, उसी चिंगारी से आग लग गई। फिलहाल आग लगने के सही वजहों का पता पुलिस जांच के बाद ही सामने आ पाएगा। स्थानीय पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बता दें, दिल्ली में बीते कई दिनों से लगातार तेज धूप के साथ ही भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसके बाद आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है।

# ईडी ने न्यायालय में कहा- आप आबकारी घोटाले की मुख्य लाभार्थी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली की कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित उत्पन्न अपराध की आय की प्रमुख लाभार्थी है और उसने अपने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन का अपराध किया है। ईडी ने दावा किया कि अब तक हुई जांच से पता चला है कि अपराध की आय का एक हिस्सा - लगभग 45 करोड़ रुपये नकद - का उपयोग 2022 में आप के गोवा विधानसभा चुनाव अभियान में किया गया था। उच्चतम न्यायालय में दायर ईडी के हलफनामे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी झूठ बोलने वाली मशीन बन गई है। कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में दायर जवाबी हलफनामे में ईडी ने दावा किया कि गोवा में आप के अभियान में शामिल विभिन्न व्यक्तियों के बयानों से पता चला है कि सर्वेक्षण कार्यकर्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक, विधानसभा प्रबंधक आदि के रूप में उनके द्वारा किए गए काम के लिए उन्हें नकद भुगतान किया गया था। एजेंसी ने कहा, आम आदमी पार्टी दिल्ली शराब घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय की प्रमुख लाभार्थी है। अपराध की आय के एक हिस्से (लगभग 45 करोड़ रुपये नकद) का उपयोग गोवा में 2022 के विधानसभा चुनाव में आप के चुनाव अभियान में किया गया। ईडी ने कहा, इस प्रकार आप ने अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन का अपराध किया है और इस प्रकार के अपराध पीएमएलए 2002 के धारा 70 के तहत आते हैं। धन शोधन रोकथा कानून, 2002 (पीएमएलए) की धारा 70 कंपनियों द्वारा किए गए अपराधों से संबंधित है। ईडी ने कहा कि आम आदमी पार्टी जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 29-ए के तहत पंजीकृत एक राजनीतिक दल है। एजेंसी ने कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर केजरीवाल चुनाव में इस्तेमाल होने वाले धन के लिए जिम्मेदार थे। उसने दावा किया कि न सिर्फ अपनी पार्टी आप के पीछे केजरीवाल का दिमाग है बल्कि इसकी प्रमुख गतिविधियों को भी वही नियंत्रित करते हैं। एजेंसी ने कहा कि वह आबकारी नीति तय करने में भी शामिल थे, जो गवाहों के बयानों से स्पष्ट है। ईडी के अनुसार, वह रिश्वत की मांग में भी शामिल है, जिससे अपराध की आय हुई। उसने कहा कि जब कथित अपराध हुआ था तब केजरीवाल उक्त कंपनी के प्रभारी और जिम्मेदार थे। ईडी ने कहा, इसलिए, न केवल आप बल्कि अरविंद केजरीवाल को पीएमएलए की धारा 4 के तहत दंडनीय अपराधों का दोषी माना जाए और पीएमएलए की धारा 70 के तहत मुकदमा चलाया जाए। उच्चतम न्यायालय केजरीवाल की याचिका पर अगले हफ्ते सुनवाई करेगी।

# एक 10 साल तो दूसरा 7 वर्ष पुराने रॉबरी के मामले में था फरार, अब पुलसि के हत्थो चढ़े भगोड़े



नई दिल्ली। दल्लिीर की अदालतों से अलग-अलग मामलों में फरार आरोपयिों की धरपकड़ के लिए दल्लिीॉ पुलसि जलिा स्ततर पर कार्रवाई कर रही है। इस दशिा में शाहदरा जलिा अंतर्गत गीता कालोनी की टीम ने दो ऐसे आरोपयिों को गरिफ्त में लयिा है जनिको कड़कड़डूमा कोर्ट ने 2014 और 2017 के रॉबरी के मामलों में भगोड़ा घोषति कयिा था। शाहदरा जलिा पुलसि उपायुक्त् सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि दल्लिी की कड़कड़डूमा कोर्ट की तरफ से 2014 के डकैती के मामले के आरोपी भरत उर्फ अनलि कुमार (27), नविासी दल्लिी0 को 22 अप्रैल, 2024 को फरार घोषति कयिा गया था। आरोपी के खलिाफ आनंद वहिार थाने में आईपीसी की धाराओं 392/411 के तहत रॉबरी का मामला दर्ज है।

कड़कड़डूमा कोर्ट की तरफ से 2017 के डकैती के अन्यक मामले के आरोपी सुनील उर्फ सुखाडयिा (35), नविासी, दल्लिीत को 10 अप्रैल, 2024 को फरार घोषति कयिा था। आरोपी के खलिाफ आनंद वहिार थाने में आईपीसी की धाराओं 392/411/34 के तहत डकैती का मामला दर्ज है। इस आरोपी को भी गीता कालोनी थाने की टीम ने गरिफ्तार कयिा है। इन दोनों आरोपयिों को गीता कालोनी थानाध्यथक्ष के मार्गदर्शन में गठति पुलिस की टीम ने गरिफ्तार कयिा है। पुलसि टीम को आरोपयिों के बारे में गोपनीय सूचना मलिी थी जसिके बाद उनको पकड़ने के लिए पूरा जाल बिछाया गया और गरिफ्तार कर लिया गया।

# आरोपियों की बढ़ी रिमांड, जांच पूरी करने के लिए पुलिस को मिली 25 मई तक मोहलत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले के छह आरोपियों की जांच के लिए दिल्ली पुलिस को 30 दिनों का समय और दें दिया है। स्पेशल जज हरदीप कौर ने ये आदेश दिया। दिल्ली पुलिस ने याचिका दायर कर इस मामले की जांच पूरी करने और चार्जशीट दाखिल करने के लिए 45 दिनों का और समय देने की मांग की थी। दिल्ली पुलिस ने मांगा था समयः दिल्ली पुलिस ने कहा कि अभी कुछ गवाहों से पूछताछ करनी है और अभी कुछ जांच रिपोर्ट का भी इंतजार है। आज इस मामले के सभी आरोपियों को भी कोर्ट में पेश किया गया। इसके पहले 11 मार्च को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को जांच के लिए 45 दिनों का अतिरिक्त समय दिया था। बता दें कि 5 जनवरी को कोर्ट ने आरोपियों का पॉलीग्राफ, नार्को और ब्रेन मैपिंग करने का आदेश दिया था। दिल्ली पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ यूएपीए की धारा 16ए के तहत आरोप लगाए हैं। इस दिन हुई थी सुरक्षा में चूकः 13 दिसंबर को संसद की विजिटर गैलरी से दो आरोपी चैंबर में कूदे। कुछ ही देर में एक आरोपी ने डेस्क के ऊपर चलते हुए अपने जुतों से कुछ निकाला और अचानक पीले रंग का धुआं निकलने लगा। इस घटना के बाद सदन में अफरातफरी मच गई। हंगामे और धुएं के बीच कुछ सांसदों ने इन युवकों को पकड़ लिया और इनकी पिटाई भी की। कुछ देर के बाद संसद के सुरक्षाकर्मियों ने दोनों युवकों को कब्जे में ले लिया। संसद के बाहर भी दो लोग पकड़े गए जो नारेबाजी कर रहे थे और पीले रंग का धुआं छोड़ रहे थे। पटियाला हाउस कोर्ट ने 21 दिसंबर 2023 को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को निर्देश दिया था कि वो आरोपी नीलम के परिजनों को एफआईआर की प्रति 24 घंटे के अंदर उपलब्ध कराएं। पटियाला हाउस कोर्ट के इस आदेश को दिल्ली पुलिस ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। 22 दिसंबर 2023 को हाईकोर्ट ने पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दिया था।

# इम्पैक्ट ऑफ टेक्नोलॉजी ऑन रीडिंग हैबिट्स विषय पर वेबिनार आयोजित

नई दिल्ली । विश्व पुस्तक दिवस अवसर पर दिल्ली के भारती विद्यापीठ एवं जयपुर से प्रकाशित कम्युनिकेशन टुडे के संयुक्त तत्वावधान में इम्पैक्ट ऑफ टेक्नोलॉजी ऑन रीडिंग हैबिट्स विषय पर वेबिनार आयोजित हुई । इस वेबिनार में जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली के सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की अध्यक्ष डॉ शुचि यादव ने कहा कि पुस्तकें पढ़ना हमारे सामाजिक परिवेश का हिस्सा है। पुस्तक पढ़कर ही हम प्राथमिक स्रोतों की खोज कर सकते हैं। वहीं, चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी सिरसा के पत्रकारिता जनसंचार विभाग के प्रोफेसर डॉ सेवा सिंह बाजवा ने कहा कि ऑनलाइन माध्यमों में हमें इनफॉरमेशन, मिस इनफॉरमेशन और डिसइनफॉरमेशन को भी समझना होगा ।उन्होंने शैक्षिक मूल्य में हो रही गिरावट पर भी चिंता प्रकट की। साथ ही एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान की पत्रकारिता की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ तनुश्री मुखर्जी ने कहा कि तकनीक ने नए द्वार खोले हैं। अब एआई जनित टेक्नोलॉजी ने एक क्लिक पर हजारों पृष्ठों तक हमारी पहुंच को आसान बना दिया है। राजस्थान विश्वविद्यालय में जनसंचार केंद्र के पूर्व अध्यक्ष एवं कम्यूनिकेशन टुडे के संपादक प्रो. संजीव भानावत ने कागज से स्क्रीन तक की यात्रा में आने वाली चुनौतियों की चर्चा करते हुए डिजिटल एडिक्शन की बात की। उनका मानना था कि डिजिटल पढ़ाई और पुस्तकों की पढ़ाई - दोनों का अनुभव अलग-अलग है। तकनीक हमारे ध्यान को भटकाती है जबकि पुस्तक पढ़ने में जहां स्पर्श के सुख की अनुभूति है वहीं एक विशिष्ट आनंद की अनुभूति भी उसमें निहित है। चर्चा में दिल्ली के लेखक-वरिष्ठ पत्रकार प्रो. एस. एस. डोगरा व मीडिया कर्मी डॉ चेतन निमाड़े ने भी अपने अनुभव सुनाते हुए कहा कि हर माध्यम के साथ सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव जुड़े हुए हैं। हमें तकनीक का गुलाम बनने की बजाय उसके लाभदायक पक्ष पर ध्यान देते हुए समकालीन चुनौतियां का सामना करना चाहिए। भारती विद्यापीठ में पत्रकारिता विभाग की सहायक प्रोफेसर प्रियंका सिंह ने ई-बुके से अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के अंत में ई-सर्टिफिकेट तथा ई-स्मृति चिन्ह भेंट किए ।

# मनोज तिवारी की जीत का अंतराल होगा पहले से भी ज्यादा : रीना माहेश्वरी

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मनोज तिवारी इस बार भी बड़े अन्तराल से जीतेंगे और जीत का नया रिकार्ड । यह कहना है अशोक नगर वार्ड से निगम पार्षद रीना महेश्वरी का। रीना कहती है अपने दोनों कार्यकाल में मनोज तिवारी नें जो वादे अपने संसदीय क्षेत्र के लोगो से किये थे उन्होंने ज्यादातर पूरे किये हैं। रीना महेश्वरी कहती हैं पांच लाख से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतेंगे मनोज तिवारी, उत्तरी पूर्वी लोकसभा क्षेत्र के चुनावी समीकरण पर बात करते हुए रीना ने कहा ने कहा की उत्तरी पूर्वी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार की छवि जनता के सामने अच्छी नहीं है वही दूसरी तरफ उत्तर पूर्वी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी दो बार सांसद रहे मनोज तिवारी की छवि जनता के सामने बहुत उम्दा है और इसके कई कारण भी है। रीना नें ने बताया कि मनोज तिवारी ने दस वर्षों में पूरे लोकसभा क्षेत्र के लिए बहुत ही काम किया है, वह क्षेत्र की जनता के बीच रहते भी है, जिन लोगों को ऐसा लगता था की मनोज तिवारी अपने भोजपुरी स्टार के दर्जे से नीचे न आ कर लोगों से नहीं मिलेंगे मनोज तिवारी ने उन सभी अटकलों को गलत साबित करते हुए यह दिखा दिया की वह एक नेता और अभिनेता दोनों ही भूमिकाओं को बखूबी से निभा सकते है। रीना कहती है है जिस दिन से कांग्रेस नें अपना प्रत्याशी कन्हैया कुमार को घोषित किया है भाजपा खेमे में अपार खुशी है कन्हैया के साथ उनकी अपनी पार्टी के लोग ही नहीं जुट पा रहे। आलम यह है इतना समय बीत जाने के बावजूद कन्हैया कुमार अभी तक अपने निर्वाचन क्षेत्र में आ नहीं सके है इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है

# जेल में अरविंद केजरीवाल को जान का खतरा, संजय सिंह का भाजपा पर बड़ा आरोप



- संजय सिंह ने कहा कि जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा है।
- यह अंतिम चुनाव है इसके बाद 140 करोड़ देश की जनता को वोट करने का मौका नहीं मिलेगा।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जेल में बंद मुख्यमंत्री की हत्या करवाई जा सकती है। जेल में पहले भी कई हत्याएं हो चुकी हैं। जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की 24 घंटे भाजपा निगरानी भी कर रही है। उन्होंने कहा कि 2024 के बाद देश में चुनाव नहीं होगा, सूरत इसकी झांकी है पूरा देश बाकी है। संजय सिंह ने कहा कि जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा है। जेल में पहले भी कई हत्याएं हो चुकी हैं। यदि अरविंद केजरीवाल के साथ कोई घटना हो गई तो कौन जवाब देगा। अरविंद केजरीवाल के साथ यह लोग किसी भी घटना को अंजाम दिलवा सकते हैं। भाजपा पर निशाना चाहते हुए कहा कि यह लोग 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे से निगरानी करते हैं, कभी भी मौका पाकर हत्या करवा सकते हैं। अरविंद केजरीवाल की जिंदगी को जेल के अंदर खतरा है। उनके खिलाफ गहरा षड्यंत्र चल रहा है।

उन्होंने कहा कि 23 दिन तक इंसुलिन ना देकर अरविंद केजरीवाल की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया गया। अरविंद केजरीवाल का परिवार उन्हें प्यार करने वाले लोग सभी चिंतित हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मंत्रियों की मुलाकात निरस्त कर दी जा रही है। जेल के अंदर तमाम लोगों को इंटरनेट मोबाइल व अन्य सुविधाएं तक दी गई है लेकिन अरविंद केजरीवाल के साथ षड्यंत्र किया जा रहा है। आप नेता ने कहा कि पिछले 10 सालों में भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन लोटस चलाकर विभिन्न राज्यों में सरकार को तोड़ने का काम किया। भारतीय जनता पार्टी संविधान को खत्म करना चाहती है। 2024 में अगर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है तो यह आखिरी चुनाव होगा। इसका जीता जागता उदाहरण सूरत है। पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी चुनाव खत्म करेगी। यह अंतिम चुनाव है इसके बाद 140 करोड़ देश की जनता को वोट करने का मौका नहीं मिलेगा। सूरत में सभी विपक्षी दलों के उम्मीदवारों का पर्चा खारिज कर दिया गया और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया गयाभारतीय जनता पार्टी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का संविधान खत्म कर आरएसएस के संविधान से देश चलाया जाएगा।

# संत युवराज लड़ेंगे वाराणसी से भारतीय जन जागृति पार्टी से लोकसभा चुनाव

नई दिल्ली। भारतीय जन जागृति पार्टी की केंद्रीय समिति की संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता श्री संत युवराज जी महाराज ने की बैठक में रमेश कुमार हरजिंदर सिंह ईश्वर चंद एवं केंद्रीय चुनाव समिति के अन्य सदस्य भी शामिल हुए। बैठक में फैसला लिया गया की संत युवराज वाराणसी की महत्वपूर्ण सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे इसके अलावा पार्टी ने दिल्ली पंजाब हरियाणा से भी अपने प्रत्याशियों की सूची घोषित की। दिल्ली से चांदनी चौक सीट से रमेश कुमार पश्चिम दिल्ली से दीपक शर्मा उत्तर पश्चिम दिल्ली से किन्नर पूजा को प्रत्याशी बनाया है। पंजाब में बठिंडा से बलविंदर सिंह फतेहगढ़ साहिब से जगपाल सिंह संगरूर से दिलशाद खादुर साहिब से जसविंदर सिंह जालंधर से अमरजीत लुधियाना से करम सिंह पटियाला से सागर शर्मा प्रत्याशी होंगे। इसी तरह पार्टी ने हरियाणा के सोनीपत से दीपक दहिया वही करनाल से आजाद सिंह पूनिया को अपना प्रत्याशी बनाया है पार्टी ने कहा है कि वह पूरे उत्साह के साथ चुनाव के मैदान में है और चौंकाने वाले नतीजे देगी।

# दिल्ली टैक्सी ट्रांसपोर्ट यूनियन ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान, केंद्र और आप सरकार पर लगाया ये आरोप

**इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने कहा कि केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार से हमारी कुछ मांगें हैं**

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली टैक्सी टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एंड टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। एसोसिएशन ने नाराजगी जताते हुए केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों को जिम्मेदार ठहराया है। जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने कहा कि केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार से हमारी कुछ मांगें हैं, जिन्हें दस साल से नजरअंदाज किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यूनियन के सदस्यों ने केंद्र और दिल्ली सरकार से पैनिक बटन, स्पीड गवर्नर और टोल टैक्स फीस को समाप्त करने की मांग को पिछले दस सालों से उठा रही है, लेकिन अब तक इस मुद्दे पर न तो केंद्र सरकार और न ही दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने कभी बातचीत की। एसोसिएशन में 1000 ड्राइवरों सहित कुल 1500 सदस्यों ने इस बार के चुनाव में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।सरकार ने हमारी मांगें नहीं सुन रही, हम उन्हें वोट नहीं देंगे

यूनियन के सदस्यों का कहना है कि हमारे ज्यादातर मुद्दे दिल्ली सरकार और उनके परिवहन विभाग से हैं। वहीं, कुछ मुद्दे केंद्र सरकार और कुछ अन्य राज्यों के भी हैं। इन सभी सरकारों के कारण टैक्सी मालिकों, बस मालिकों और ड्राइवरों को मानसिक पीड़ा से गुजरना पड़ रहा है। विदेशी महिला पर्यटकों की सुरक्षा का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। जब सरकार हमारी मांगें नहीं सुन रही है तो हम भी उन्हें वोट नहीं देंगे। दिल्ली की कर्मसियल टूरिस्ट टैक्सी बसों में पेनिक बटन (वहीक्ल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस ) बहुत सालों से लगाया जा रहा है। इसके लिए दिल्ली सरकार ने परिवहन विभाग द्वारा प्राइवेट डीलर का पेनल बनाया हुआ है, जो इस पेनिक बटन लगाने के लिए 15, 000 रुपये लेते हैं। सरकार द्वारा सूचीबद्ध प्राइवेट प्लेयर्स और डीआईएमएमटीएस जो की दिल्ली सरकार के साथ मिलकर काम करता हैं, वो इस काम के लिए सिम कार्ड के लिए 2850 रुपये लेते हैं, लेकिन ये पेनिक बटन भी काम नहीं करते हैं और इसे हर 2 साल बाद चार्ज करता है। यूनियन सदस्य पिछले दस साल से यह मुद्दा उठाते आ रहे हैं - पैनिक बटन के नाम पर करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार हो रहा है। एमसीडी, टोल टैक्स के नाम पर भ्रष्टाचार हो रहा है ग्रेप सिस्टम लगाकर वाहनों पर 20 हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाया जाता है। आरएफआईडी, एमसीडी टोल टैक्स से अवैध पैसे काटे जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के जिलाधिकारी द्वारा बसों को पकड़कर चुनाव ड्यूटी में लगा दिया गया है और उनका पैसा भी नहीं दिया जा रहा है।

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट के लिए 250 रुपये की जगह 800 रुपये वसूले जा रहे हैं।

किसी सरकार ने नहीं दिया साथ, चुनाव का करेंगे बहिष्कार वहीं, स्पीड लिमिट डिवाइस के कारण हमारी टूरिस्ट टैक्सी बसों की स्पीड हाईवे और एक्सप्रेसवे पर केवल 80 किलोमीटर प्रति घंटा है, जबकि निजी कारों की स्पीड 120 किलोमीटर प्रति घंटा तक है। इसके कारण देशी-विदेशी पर्यटकों की जान-माल को हमेशा खतरा बना रहता है, क्योंकि हाईवे पर लूटेरे आसानी से ओवरटेक करके गाड़ियों को लूट लेते हैं। विशेषकर महिला पर्यटकों से बलात्कार की आशंका रहती है। इतने सालों तक न तो दिल्ली के मुख्यमंत्री और न ही उनके मंत्रियों ने हमें इस मुद्दे पर मिलने का समय दिया। यही हाल केंद्र सरकार के मंत्रियों का भी रहा है। इसलिए हमने फैसला किया है कि हम इस चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

# दिल्ली मेयर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी कर रही बेईमानी की साजिश : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी के नेता व दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया है कि वह दिल्ली मेयर चुनाव में बेईमानी करने की साजिश कर रही है। जिससे कि आम आदमी पार्टी के मेयर को हटाया जा सके और भाजपा का मेयर लाया जा सके। शुक्रवार को सुबह 9 बजे दिल्ली मेयर का चुनाव होना है लेकिन अभी तक प्रेसाइडिंग ऑफिसर की नियुक्ति नहीं हुई है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पूरे देश ने देखा कि कुछ दिन पहले चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने कैसे वोटों को चोरी करने की कोशिश की। इसमें जो मुख्य विलेन थे वह चुनाव के प्रेसाइडिंग ऑफिसर थे। दिल्ली में मेयर चुनाव हुआ तो आम आदमी पार्टी 134 पार्षदों के साथ सिंगल लार्जेस्ट पार्टी बनी। जो सीनियर काउंसलर होता है उसे प्रेसाइडिंग ऑफिसर बनाया जाता है। उपराज्यपाल ने भारतीय जनता पार्टी के काउंसलर को प्रेसाइडिंग ऑफिसर बनाया था। उसने बेईमानी से वोट डलवाने की कोशिश की थी। कल होने जा रहे हैं मेयर चुनाव में परंपरा व नियम के अनुसार शैली ओबरॉय को प्रेसाइडिंग ऑफिसर होना था लेकिन उपराज्यपाल इस परंपरा को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। प्रेसाइडिंग ऑफिसर बनने की फाइल जो यूडी मिनिस्टर के पास से होते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय और फिर उपराज्यपाल कार्यालय जानी थी।

उसे चोरी छिपे उपराज्यपाल कार्यालय भेज दिया गया। चीफ सेक्रेटरी ने नियमों के खिलाफ इस फाइल को उपराज्यपाल के पास भेजा है। इस संबंध में मैंने उपराज्यपाल को पत्र भी लिखा कि यह फाइल लौटाई जाए। कल मैंने दोबारा चीफ सेक्रेटरी को पत्र लिखकर पूछा कि किन नियमों के आधार पर चुनी हुई सरकार के मंत्री को बाईपास करते हुए फाइल सीधे उपराज्यपाल को भेजी गई लेकिन वह कोई जवाब नहीं दे पा रहे हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कल सुबह 9 बजे दिल्ली मेयर का चुनाव है लेकिन हमारे पास अभी तक प्रेसाइडिंग ऑफिसर की कोई फाइल नहीं आई है। दिल्ली के उपराज्यपाल केरल में पादरियों से मिल रहे हैं, जबकि दिल्ली मेयर चुनाव के लिए प्रेसाइडिंग ऑफिसर नहीं नियुक्त हो सका है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुझे लग रहा है कि भारतीय जनता पार्टी साजिश कर रही है कि चुनाव हो तो उसमें वह बेईमानी कर सके। दिल्ली नगर निगम से आम आदमी पार्टी के मेयर को किसी तरीके से हटाया जा सके भाजपा इसकी साजिश कर रही है। ऐसा अंदेशा जताया जा रहा है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यदि चुनाव नहीं होता है तो फिर से नॉमिनेशन होगा। इस स्क्रूटनी कराई जाएगी और फिर वही प्रक्रिया होगी। इस तरीके से संवैधानिक संकट आ जाएगा।

# बाथरूम से लेकर केजरीवाल के खाने तक की हो रही जासूसी, संजय सिंह का बड़ा आरोप

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर जेल में सीएम केजरीवाल की जासूसी किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री के साथ जो कुछ हो रहा है, वो अत्यधिक दुःखद है। पूरी दिल्ली की जनता गहरी पीड़ा में है। उन्होंने कहा कि तिहाड़ जेल को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए यातना गृह बना दिया गया है। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि पीएमओ और एलजी साहब द्वारा 24 घंटे केजरीवाल पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जा रही है। जैसे मानो कोई बहुत बड़ा जासूस जासूसी करा रहा हो। केजरीवाल के साथ अमानवीय व्यवहार क्यों: संजय सिंह उन्होंने लिखा कि केजरीवाल पर दिनभर नजर रखने के बाद भी उन्हें 23 दिनों तक इंसुलिन नहीं दी गई। उनके शुगर लेवल की स्थिति बुरी होने के बाद भी इंसुलिन नहीं दी गई। तीन बार के चुने हुए मुख्यमंत्री के साथ इस तरह का अमानवीय व्यवहार क्यों किया जा रहा है? यही कि उन्होंने दिल्ली को अच्छा इलाज दिया, बिजली-पानी फ्री किया, माताओं-बहनों को 1000 रुपये महीना देने की योजना लाए।

**पूरी दिल्ली को फ्री दवाई देनेवाले को कोर्ट जाना पड़ रहा**

संजय सिंह ने आरोप लगाया कि सीसीटीवी में 24 घंटे अरविंद केजरीवाल को क्यों देखना चाहते हैं आपलोग? बाथरूम से लेकर खाने तक की निगरानी रख रहे हैं। क्या देखना चाहते हैं कि केजरीवाल जी कितना बीमार हुए और केजरीवाल जी का कितना मनोबल गिरा? आपका पूरा तंत्र निगरानी करता है कि उनका लिवर कितना खराब हुआ? उनकी किडनी कितनी खराब हुई? पूरी दिल्ली को फ्री दवाई देनेवाले केजरीवाल को इंसुलिन के लिए कोर्ट जाना पड़ रहा है। यह कितने दुर्भाग्य की बात है।

**नेता की जान लेकर कोई देश आगे नहीं बढ़ पाया: संजय सिंह**

उन्होंने कहा कि अरविंद जी दुनिया की सबसे बेहतरीन सरकार दिल्ली में चला रहे हैं। आप उनके पीछे क्यों पड़े हैं? आपको कॉम्पिटिशन ही करना है तो उनके जैसे स्कूल बनवाइए, अस्पताल बनवाइए, बिजली-पानी फ्री दीजिए। काम की राजनीति कीजिए। जीवनरक्षक दवाओं को रोककर किसी नेता की जान लेकर आज तक कोई देश आगे नहीं बढ़ पाया है।

**मानसिक उत्पीड़न देना उनके अधिकारों का हननः संजय सिंह**

आप सांसद ने कहा कि केजरीवाल की दवा रोकना, उनको मूलभूत सुविधाओं से वंचित करके उनको मानसिक उत्पीड़न देना उनके जीवन जीने के अधिकारों का हनन है। यह अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार के रूप में देशवासियों को मिला है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है क्योंकि एक नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 21 की विस्तार से व्याख्या की है जिसमें स्वास्थ्य से लेकर भोजन, जमानत, त्वरित सुनवाई, दोस्तों एवं परिवार के सदस्यों से मिलने का अधिकार शामिल है।

**आपके अत्याचार से उनके माता-पिता दुखी हैं: संजय सिंह**

उन्होंने कहा कि इतने अच्छे काम करनेवाले को इतनी यातनाएं क्यों दी जा रही हैं? आपके अत्याचार से केजरीवाल जी के बूढ़े माता-पिता भी अत्यंत दुखी हैं। उनके माता-पिता ने समाज सेवा के लिए हमेशा केजरीवाल जी को प्रेरणा दी है। आज जेल में इन यातनाओं को सुनकर उन्हें बहुत दुख हो रहा है।

उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल जी इस दुख की घड़ी में उनका संदेश पूरे देश तक पहुंचा रही हैं। उनका मन भी आपके इस अन्यायपूर्ण आचरण से बहुत दुखी है। यह लोकतंत्र के खिलाफ एक हिंसक व्यवहार है। यह पाप करने के समान है, अमानवीय है, हिंसक है। इस पर तत्काल रोक लगाइए।

## दिल्ली-एनसीआर में दिन में निकलेगी धूप, शाम को बरसात होने की संभावना

नई दिल्ली। तेज हवा चलने के बावजूद तीखी धूप गर्मी की चुभन लगातार बढ़ा रही है। तापमान में भी धीरे धीरे वृद्धि देखने को मिल रही है। आगामी दिनों में भी राहत के बहुत आसार नहीं हैं। बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 19.0 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य स्तर पर 37.5 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर 92 से 28 प्रतिशत दर्ज हुआ। मौसम विभाग का अनुमान है कि तेज हवा का दौर अभी बना रहेगा। गुरुवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। दिन के समय 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 38 और 21 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इसके बाद शुक्रवार को कुछ इलाकों में बूंदाबांदी होने की संभावना है। वहीं, मौसम की मेहरबानी के चलते दिल्ली की हवा साफ बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, बुधवार को एक्यूआई 178 रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। आगे कैसा रहेगा मौसम आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। तेज हवाएं चलेंगी। इनकी स्पीड 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री तक पहुंच सकता है। 26 अप्रैल को रात के समय एक-दो जगहों पर बूंदाबांदी की संभावना है। वहीं, अधिकतम तापमान 40 डिग्री के स्तर तक पहुंच सकता है। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री तक रहने की संभावना है।

# राजकुमार के इस्तीफे से कांग्रेस में बढ़ेगा असंतोष

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



पूर्व मंत्री एवं दिल्ली के कद्दावर कांग्रेसी नेता राजकुमार चौहान के इस्तीफे देने से प्रदेश कांग्रेस में उपजा असंतोष थमेगा नहीं बल्कि और बढ़ेगा। वजह, उत्तर पश्चिमी और उत्तर पूर्वी दोनों ही सीटों पर टिकट वितरण से ज्यादातर नेता-कार्यकर्ता नाराज चल रहे हैं। उनकी कोशिश तो अभी भी उम्मीदवार बदलवाने की चल रही है। दरअसल, अगस्त 2023 तक दिल्ली में हाशिए पर चल रही कांग्रेस की प्रदेश इकाई सितंबर 2023 में अरविंदर सिंह लवली के अध्यक्ष बनने के बाद एक बार फिर खड़ी होनी शुरू हुई। सालों से घर बैठे कांग्रेसी भी फिर से पार्टी कार्यालय आने लगे। लेकिन आलाकमान के निर्णय एक बार फिर पार्टी की मजबूती की राह में रोड़ा बन गए।

बाहरी उम्मीदवारों को टिकट देने का विरोध पहला निर्णय आप के साथ लोकसभा चुनाव में गठबंधन तो दूसरा तीन में से दो सीटों पर स्थानीय के बजाए बाहरी उम्मीदवारों को टिकट देना रहा। अभी तक उक्त निर्णयों के विरोध स्वरूप नेताओं-कार्यकर्ताओं के मन में चिंगारी सुलग रही थी तो अब खुलकर सामने आ गया।

वरिष्ठ पार्टी नेताओं का मानना है कि आप से गठबंधन का मतलब खुद अपनी जमीन छोड़ते जाना है। कांग्रेस से नाराज होकर जो लोग आप के पास चले गए थे, अब वापस कांग्रेस की ओर मुंह ताक रहे थे। लेकिन आप-कांग्रेस के गठबंधन से दिल्ली वासी स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। रही सही कसर उत्तर पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिमी दिल्ली से उदित राज को टिकट देकर पूरी कर दी गई।

कार्यकर्ता कांग्रेस के लिए मेहनत करेगा ही क्यों? अनेक पार्टी नेताओं ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि कोई नेता कार्यकर्ता कांग्रेस के लिए मेहनत करेगा ही क्यों? चार सीटें आप को दे दी गई जबकि दो सीटें पर बाहर के उम्मीदवार लाकर बैठा दिए गए।

ऐसे में जो नेता- कार्यकर्ता लगातार यहां पार्टी की मजबूती के लिए कार्य कर रहे थे, अब कहीं के भी न रहे। उक्त दोनों लोकसभा क्षेत्रों की बैठक में पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार, जयकिशन एवं भीष्म शर्मा उम्मीदवारों के चयन पर सवाल भी उठा चुके हैं। मल्लिकार्जुन खरगे को कराया गया अवगत सूत्रों की मानें तो प्रदेश कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेता भी स्वीकार कर रहे हैं कि चांदनी चौक को छोड़कर बाकी दो सीटों पर उम्मीदवारों का चयन सही नहीं हुआ। बड़े पैमाने पर इनका विरोध भी हो रहा है और आने वाले समय में दिल्ली में कांग्रेस को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसीलिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मिलकर उन्हें सारी स्थिति से अवगत कराने और उम्मीदवारों के नाम पर एक बार पुनर्विचार का अनुरोध करने की योजना पर काम चल रहा है।

# कोर्ट ने दिए 30 दिन में जांच पूरी करने के आदेश, सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने गुरुवार को संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में जांच पूरी करने के लिए पुलिस को 30 दिन का और समय दिया। वहीं, कोर्ट ने सभी छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी 25 मई तक बढ़ा दी गई है। विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर ने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को जांच पूरी करने के लिए 30 दिन का समय दिया।

दिल्ली पुलिस ने जांच पूरी करने के लिए और समय बढ़ाने की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया। पुलिस ने जांच पूरी करने के लिए 45 दिन और मांगे थे। दिल्ली पुलिस के विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि कुछ गवाहों से पूछताछ की जानी बाकी है और कुछ रिपोर्ट आनी बाकी हैं। सुनवाई के दौरान आरोपी मनोरंजन ने कोर्ट की अनुमति से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपनी मां से बातचीत की। कोर्ट ने पहले भी जांच को 45 दिनों के लिए बढ़ाई थी मामले में एक अन्य आरोपी नीलम आजाद की ओर से पेश वकील बलजीत मलिक ने जांच की अवधि बढ़ाने का विरोध नहीं किया। इससे पहले 11 मार्च को भी कोर्ट ने जांच की अवधि 45 दिनों के लिए बढ़ा दी थी। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को 25 मई 2024 तक जांच पूरी करने का निर्देश दिया है। वहीं कोर्ट ने सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत को भी 30 दिनों तक बढ़ा दिया। सभी आरोपी कोर्ट में फिजिकली मौजूद थे। इससे पहले, अदालत ने एक आरोपी नीलम आजाद की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि आवेदक/आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोपों की प्रकृति और गंभीरता और जांच के प्रारंभिक चरण को देखते हुए मुझे जमानत पर रिहा करना उपयुक्त मामला नहीं लगता है। आरोपियों पर भारत की अखंडता बाधित करने के आरोप अदालत ने कहा कि वर्तमान मामले में एफआईआर आईपीसी की धारा 186/353/452/153/34/120बी के साथ यूएपीए की धारा 16/18 के तहत दर्ज की गई है। आवेदक/अभियुक्त के खिलाफ आरोप गंभीर हैं, क्योंकि उस पर अन्य सह-अभियुक्तों के साथ भारत की संप्रभुता और अखंडता को बाधित करने में शामिल होने का आरोप है।

# पुलिस ने रोको टोको अभियान के तहत ड्रग्स तस्कर को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

- इसी कड़ी में स्थानीय मुखबिरों को संवेदनशील बनाकर कई अहम जानकारियां जुटाई गई।

दक्षिण दिल्ली के अंबेडकर नगर थाने की पुलिस ने एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राकेश निवासी मदनगीर, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2.15 किलोग्राम गांजा बरामद किया है।

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि जिले के तमाम पुलिस कर्मियों को आपराधिक गतिविधियों जैसे पॉकेटमारी, अवैध शराब सप्लाई, जुआ जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने का कार्य सौंपा गया है। इसी कड़ी में स्थानीय मुखबिरों को संवेदनशील बनाकर कई अहम जानकारियां जुटाई गई। टीम के प्रयास तब सफल हुए जब 24 अप्रैल को गस्त के दौरान शाम करीब 6:00 बजे मदनगीर में एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में एक बैग ले जाते हुए देखा।

संदेह होने पर पुलिस कर्मियों ने उसे रुकने का इशारा किया। पुलिस की मौजूदगी को देखते हुए उसने वहां से भागने की कोशिश की। हालांकि, सतर्क पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा कर उसे दबोच लिया। पुलिसकर्मियों ने उसके ठिकाने के बारे में पूछा तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। बैग की जांच करने पर उसके अंदर से 2.15 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। बाद में उसकी पहचान राकेश के रूप में हुई। ऑटो रिक्शा से करते थे अपराधः दक्षिण दिल्ली के नारकोटिक्स स्क्वाड की टीम ने सीसीएल सहित तीन स्नैचरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सीसीएल निवासी धोबी घाट दक्षिणपुरी नई दिल्ली, दूसरे आरोपी की पहचान नकुल निवासी नवजीवन कैंप गोविंदपुरी और तीसरे आरोपी की पहचान राहुल उर्फ कालू निवासी दक्षिणपुरी नई दिल्ली के रूप में हुई है। तीनों आरोपी के कब्जे से एक चोरी हुआ ऑटो रिक्शा (टीएसआर) दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

# दिल्ली जल बोर्ड के गोदाम में लगी भीषण आग, इलाके में मची अफरा-तफरी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



ओखला के जामिया नगर सेलिंग क्लब रोड पर धोबी घाट स्थित दिल्ली जल बोर्ड के गोदाम में गुरुवार दोपहर को भीषण आग लग गई। गोदाम में रखे प्लास्टिक के पाइप में आग लगने से इलाके में चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयंकर थी कि धुआं काफी ऊंचाई तक दिख रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल ने करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल की 10 गाड़ियों ने पानी की बौछार की।

लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हादसे में लाखों रुपये का सामान खाक हो गया। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। इसको लेकर जांच की जा रही है। गनीमत रही कि हादसे के समय गोदाम के अंदर काम करने वाले कर्मचारी तुरंत बाहर आ गए। इससे कोई जनानी नहीं हुई।

हादसे में दिल्ली जल बोर्ड के 5 किलोमीटर लंबे पाइप जल गए। इसके अलावा एक बुलडोजर भी जल गया। प्रोजेक्ट इंचार्ज अभिषेक यादव ने बताया कि वह दिल्ली जल बोर्ड के ठेकेदार हैं।

वह क्षेत्र में पानी की पाइपलाइन डालने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हादसे में करीब 1 करोड़ 9 लाख रुपए के पाइप जल गए। आग की चपेट में आने से गोदाम के अंदर कई पेड़ भी जल गए।

## हनुमान चालीसा व राम मंदिर ध्वज का पूजन हुआ

नई दिल्ली। महेश्वरी मंडल (दिल्ली) के तत्वाधान में श्री बालाजी महाराज के आशीर्वाद हनुमान जयंती के उपलक्ष में महिला समिति द्वारा सयुंक्त हनुमान चालिसा का पाठ 21 बार एवम् राम मन्दिर के ध्वज की पूजा का आयोजन किया गया कार्य क्रम का आयोजन माहेश्वरी सेवा सदन कल्याण विहार दिल्ली में हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता भाजपा लोक सभा परत्याशी प्रवीण खंडेल वाल थे। माहेश्वरी समाज हमेशा सनातन संस्कृति, विकसित भारत के साथ खड़ा है खंडेलवाल जी ने कहा की 21 हनुमान चलिसा करने के लिए बड़े धर्य रखने की आवश्यकता होती हैं इस कार्यक्रम की उन्होंने भूरि भूरि प्रशंसा की।

माहेश्वरी समाज को वंदन कर खडेलवाल ने कहा कि मुझे माहेश्वरी समाज के लोगो के साथ मिलकर सौभाग्य प्राप्त हुआ है यहाँ माहेश्वरी मंडल में आकर मुझे यहाँ आकर परिवार का अहसास हुआ है जब भी कोई संकट आता है मुझे माहेश्वरी समाज की याद आती है। उन्होंने दिल्ली को प्रदूषण मुक्ति दिलाने का भी वादा उन्होंने किया समिति के मीडिया प्रभारी प्रमोद माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वालों में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्षः ओम प्रकाश करनानी, कोषाध्यक्षः राजेंद्र काबरा, लाल कासट, मंत्री विक्रम लाखोटिया, किशन लाल करनानी, अनिल मंत्री, परमानंद मालानी, रमेश राठी आदि सेंकडो की संख्या में लोगों ने सयुंक्त हनुमान चालिसा में भाग लिया कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण भंडारा का आयोजन हुआ।

## चांदनी चौक में लोगों का भाजपा से उठा भरोसा : जयप्रकाश अग्रवाल

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चांदनी चौक लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश अग्रवाल ने आज बुधवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोगों से व्यक्तिगत मुलाकात कर क्षेत्र और लोगों की समस्याओं पर चर्चा की। चाय पर मुलाकात के दौरान जयप्रकाश अग्रवाल ने लोगों से जहां कांग्रेस पार्टी की ओर से चुनाव में लोगों को दी गई पांच गारंटियों को पूरा करने का वायदा किया। वहीं मोदी सरकार की नाकामियों से भी लोगों को अवगत कराया। कांग्रेस की पांच गारंटियों में दिल्ली को प्रदूषण से बचाना, दिल्ली की जनता को महंगाई से राहत दिलाना, दिल्ली की प्रगति (विकास) को रफ्तार दिलाना, युवाओं को उनका हक दिलाना, और नारियों का सम्मान एंव न्याय दिलाना है। जयप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा इस चुनाव में दिल्ली की 7 में से छह सीटों पर अपने वर्तमान सांसदों को बदलना और उनकी जगह नये चेहरे उतारना इस बात का बड़ा प्रमाण है

## सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रवादी संघठन का कार्यकारिणी आयोजित की गई

प्रातः किरण/एजेंसी



नोएडा सेक्टर 63 में सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रवादी संघटन का एक महत्वपूर्ण कार्यकारिणी आयोजित की गई ,जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा ,राष्ट्रीय संघठन मंत्री सच्चिदानंद पोखरियाल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा , गंगा आरती , अटल तिरंगा सम्मान ,तिरंगा क्रिकेट लीग का विधिवत घोषणा कर दी गई । कार्यक्रम में कुमार सौरभ , नवीन झा , सुभाष प्रधान ,रवि चिकारा ,मनोज त्यागी , मदन मोहन पालीवाल ,अंजना त्यागी , मुकेश सिक्का ,चंदन कुमार , हर्ष वर्धन , कुमार लालू , वंदना सोनी सही महत्वपूर्ण लोग शामिल हुए । कार्यक्रम के लिए कोऑर्डिनेटो बनाए गए । अगस्त में होने वाली तिरंगा यात्रा के लिए महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष रवि चिकारा ,गंगा आरती के लिए राष्ट्रीय महामंत्री अंजना त्यागी , अटल तिरंगा सम्मान के लिए नवीन झा ,युवा कार्यकारी अध्यक्ष तिरंगा क्रिकेट के लिए मुकेश ,चंदन ,हर्ष को जिम्मेदारी दी गई । एक राष्ट्रीय सॉन्ग का भी तैयारी चल रही है अंजना साहा जी साया स्टूडियो एवम अशोक पंजाबी द्वारा जल्द रिलीज किया जाएगा ।

# आप ने लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में केजरीवाल की गिरफ्तारी को प्रमुख मुद्दा बनाया

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी (आप) ने बृहस्पतिवार को लोकसभा चुनाव-प्रचार अभियान के तहत एक गीत ह्यजेल के जवाब में हम वोट देंगेह्व की शुरूआत की। पार्टी का यह गीत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर केंद्रित है। आप विधायक दिलीप पांडे द्वारा लिखित और गाये गये इस गीत की शुरूआत यहां आप मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी के नेताओं ने की। इस गीत का शीर्षक जेल का जवाब वोट से है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने इस गीत की शुरूआत के अवसर पर पार्टी कार्यकताओं से केजरीवाल की गिरफ्तारी पर देशवासियों में उपजे गुस्से को वोट में बदलने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन मामले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह इस मामले में सात मई तक न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं। दिलीप पांडे ने कहा, ह्रहमारे चुनाव प्रचार गीत हमेशा लोगों के विचारों को प्रभावित करते हैं। यह गीत लोगों की भावना को दशार्ता है। गीत के बोल आज के समय में हो रही घटनाओं की हकीकत को बयां करते हैं। पांडे ने दावा किया कि यह चुनाव प्रचार अभियान गीत जनता की मूल भावना को दशार्ता है। इसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि कैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का विरोध करने वाले लोग जेल में हैं, जबकि जिन लोगों ने इसके लिए कीमत चुकाई, उन्हें जमानत मिल गई। उन्होंने कहा कि यह गीत उन खतरों के बारे में बताता है जिनका लोगों को भविष्य में सामना करना पड़ सकता है। पांडे ने कहा कि इस गीत में यह भी बताया गया है कि ओएनजीसी, कोल इंडिया लिमिटेड जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, हवाई अड्डों का निजीकरण कैसे किया जा रहा है उन्होंने कहा, यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आई तो वे संविधान बदल देंगे हमें उम्मीद है कि यह गीत लोगों को पसंद आएगा।

# भाजपा शासित केंद्र सरकार एक बार फिर दिल्ली मेयर चुनाव में गड़बड़ी करने की साजिश रच रही है : सौरभ भारद्वाज

- दिल्ली में कल मेयर का चुनाव होना है और अभी तक कोई प्रिसाईडिंग ऑफीसर नियुक्त नहीं किया गया : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि कुछ दिनों पहले पूरे देश ने देखा था, कि किस प्रकार से चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में वोटों में गड़बड़ी करके भारतीय जनता पार्टी ने अपना मेयर बनाने की कोशिश की थी और उस पूरे षड्यंत्र के अंदर जो मुख्य किरदार निकलकर सामने आया वह थे उस चुनाव के प्रिसाईडिंग ऑफिसर अनिल मसीह कउन्होने कहा कि सब इस बात को भली भांति जानते हैं कि वोटों की चोरी में जो मुख्य सूत्रधार होता है, वह होता है प्रिसाईडिंग ऑफिसर, जो उस पूरे के पूरे चुनाव को कराता है कसौरभ भारद्वाज ने कहा, कि हमने यह भी देखा है, कि जब दिल्ली में नगर निगम का चुनाव हुआ और आम आदमी पार्टी 134 निगम पार्षदों के साथ सिंगल लार्जेस्ट पार्टी बनकर आई थी, एवं भारतीय जनता पार्टी 105 निगम पार्षदों के साथ आम आदमी पार्टी से बहुत पीछे थी, उसके बावजूद भी भाजपा ने बेईमानी करके दिल्ली में किस प्रकार से अपना मेयर बनाने की कोशिश की थी क उन्होंने कहा की शुरू से यह नियम रहा है, कि जो सबसे वरिष्ठ निगम पार्षद होता है, उसको ही मेयर चुनाव के लिए प्रिसाईडिंग ऑफिसर बनाया जाता रहा है कपरंतु दिल्ली के इस चुनाव में दिल्ली के उपराज्यपाल महोदय ने भारतीय जनता पार्टी की एक निगम पार्षद को प्रिसाईडिंग ऑफिसर नियुक्त कर दिया और दिल्ली मेयर के चुनाव में गड़बड़ी करने की कोशिश की थी सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कल एक बार फिर से दिल्ली में मेयर के चुनाव होने हैं कउन्होंने कहा कि यह एक तय प्रक्रिया है, कि जो वर्तमान में अभी मेयर है, वही व्यक्ति आने वाले मेयर चुनाव के लिए प्रिसाईडिंग ऑफिसर नियुक्त किया जाएगा कउन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया दशकों से चली आ रही संवैधानिक परंपरा है कपरंतु मुझे बड़े दुख के साथ यह कहना पड़ रहा है, कि भाजपा शासित केंद्र सरकार के द्वारा लगाए गए दिल्ली के उपराज्यपाल महोदय दशकों पुरानी इस संवैधानिक परंपरा को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं कउन्होंने कहा कि नियम के अनुसार प्रिसाईडिंग ऑफिसर को नियुक्त करने की जो फाइल मुख्य सचिव के द्वारा शहरी विकास मंत्री को भेजी जाती है और शहरी विकास मंत्री के कार्यालय से फिर मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाती है और मुख्यमंत्री कार्यालय से फिर उपराज्यपाल महोदय के कार्यालय जाती है, इस बार उस प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए शहरी विकास मंत्री की अनुमति के बिना मुख्य सचिव द्वारा वह फाइल सीधे उपराज्यपाल महोदय के कार्यालय को भेज दी गई है क सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मैं भाजपा शासित केंद्र सरकार और दिल्ली के उपराज्यपाल महोदय से पूछना चाहता हूं, कि आखिर यह चोरी क्यों की जा रही है? पर्दे के पीछे क्या षड्यंत्र रचा जा रहा है? पत्रकारों के साथ एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 30 अप्रैल 2024 को मैंने उपराज्यपाल महोदय को पत्र लिखकर इस बात की जानकारी दी, कि यह फाइल मुख्य सचिव नरेश कुमार द्वारा चोरी छिपे उपराज्यपाल महोदय के कार्यालय भेजी गई है, यह फाइल मुझे वापस लौटाई जाए, परंतु उपराज्यपाल महोदय के कार्यालय द्वारा अभी तक मुझे वह फाइल नहीं लौटाई गई है कउन्होंने कहा कि कल यानी 24 अप्रैल 2024 को मैंने मुख्य सचिव नरेश कुमार को भी पत्र लिखकर पूछा की किस कानून के तहत आपको यह शक्ति मिली है, कि आप दिल्ली की चुनी हुई सरकार को बाईपास करके उपराज्यपाल महोदय को सीधे तौर पर फाइल भेज सकते हैं कइस पत्र की एक प्रति मैंने उपराज्यपाल महोदय को भी भेजी है कसौरभ भारद्वाज ने बताया कि इस पत्र के जवाब में मुख्य सचिव ने कहा है, कि यह मामला अब हमने उपराज्यपाल महोदय को भेज दिया है, अब उपराज्यपाल महोदय इसके ऊपर निर्णय लेंगे कउन्होंने कहा की मुख्य सचिव कोई ऐसा नियम कानून नहीं बता सके, कि जिसके तहत उन्होंने चुनी हुई सरकार को बाईपास करके यह फाइल सीधे तौर पर उपराज्यपाल महोदय के कार्यालय भेज दी

# दिल्ली सरकार के पास लंबित फाइलों का आंकड़ा तीन हजार पार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




इसे प्रशासनिक अनदेखी कहें या कुछ और... 10 साल में दिल्ली सरकार के पास लंबित फाइलों का आंकड़ा तीन हजार पार कर गया है। मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री कार्यालय के साथ- साथ ही हर मंत्री के कार्यालय में भी लंबित फाइलों का अंबार लगा है। इन फाइलों में विभिन्न निकायों के पुनर्गठन, कई अहम नियुक्तियों, महत्वपूर्ण प्रस्तावों एवं विधेयकों के अलावा और भी आवश्यक विषय शामिल हैं। हालांकि इस संदर्भ में दिल्ली सरकार से भी उनकी प्रतिक्रिया जानने की कोशिश की गई, लेकिन खबर लिखे जाने तक नहीं मिल पाई थी। 10 साल में बढ़ते- बढ़ते 3,060 हो गई ऐसी फाइलों की संख्या दिल्ली सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि 14 फरवरी 2015 से 12 अप्रैल 2024 तक ऐसी फाइलों की संख्या बढ़ते- बढ़ते 3,060 हो गई है, जिन्हें सरकार की मंजूरी चाहिए। अगर 2024 के ही करीब साढ़े तीन माह की बात करें तो अकेले सीएम के पास 23 फाइलें लंबित हैं। मार्च और अप्रैल माह में तमाम विभागों के पास 16 फाइलें स्वीकृति की राह देख रही हैं। आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि फाइलों को मंजूरी न मिलने से अलग- अलग विभागों की ढेरों योजनाएं क्रियान्वित नहीं हो पाई हैं। अनेक बोर्डों का गठन नहीं हो सका है, कई कार्ययोजनाओं पर काम शुरू नहीं हो पाया है, कई विभागों के अध्यक्ष नियुक्त नहीं हो पाए तो बहुत सी रिपोर्ट और बैठक के मिनटस भी अधर में हैं। 2015 से 2024 के दौरान सीएम सहित अन्य मंत्रियों के पास लंबित फाइलों का वर्षवार आंकड़ा

| वर्ष | लंबित फाइलें |
|---|---|
| 2015 | 290 |
| 2016 | 259 |
| 2017 | 241 |
| 2018 | 358 |
| 2019 | 313 |
| 2020 | 155 |
| 2021 | 246 |
| 2022 | 223 |
| 2023 | 703 |
| 2024 | 272 |
| कुल फाइलें | 3,060 |

किस प्रमुख मंत्री के पास कितनी फाइलें लंबित

| | |
|---|---|
| मुख्यमंत्री | 420 |
| उप मुख्यमंत्री | 636 |
| कानून मंत्री | 612 |
| शिक्षा मंत्री | 149 |
| पर्यावरण मंत्री | 81 |

कुछ महत्वपूर्ण लंबित फाइलों का ब्यौरा

1. डीएसआइआइडीसी के निदेशक मंडल का गठन (जनवरी 2023 से लंबित)
2. बाढ़ नियंत्रण बोर्ड का पुनर्गठन (फरवरी 2024 से लंबित)
3. दिल्ली में अचल संपत्तियों की सर्कल दर का चौथी बार पुनर्निर्धारण (अक्टूबर 2016 से लंबित)
4. आंगनबाड़ी कार्यकताओं के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण (अक्टूबर 2018 से लंबित)
5. नई दिल्ली विधि विश्वविद्यालय का सृजन (सितंबर 2021 से लंबित)
6. छह अतिरिक्त फैमिली कोर्ट की स्थापना (नवंबर 2017 से लंबित)
7. दिल्ली में वाहन पंजीकरण को प्रतिबंधित करने की योजना (जून 2019 से लंबित)
8. लोकायुक्त और उप लोकायुक्त अधिनियम 1995 में संशोधन (जनवरी 2022 से लंबित)
9. दिल्ली की जल नीति (मई 2017 से लंबित)
10. वरिष्ठ नागरिकों के लिए राज्य परिषद का गठन (फरवरी 2023 से लंबित)
11. हरियाणा की तर्ज पर दिल्ली की खेल नीति (अक्टूबर 2018 से लंबित)
12. आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना (फरवरी 2023 से लंबित)
13. डीपीसीएल और डीटीएल के निदेशकों की नियुक्ति (अप्रैल 2023 से लंबित)
14. पंजाबी अकादमी के प्रबंध समिति का पुनर्गठन (जून 2023 से लंबित)
15. दिल्ली अधिवक्ता संरक्षण विधेयक 2023 (दिसंबर 2023 से लंबित)
16. दिल्ली राज्य उच्च शिक्षा परिषद विधेयक 2014 (सितंबर 2020 से लंबित)
17. दिल्ली महिला आयोग का पुनर्गठन (मार्च 2024 से लंबित)

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### कार्यकर्ता महागठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करें : मुकेश सहनी

मुजफ्फरपुर। वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कार्यकताओं से अपील की है कि वे मुजफ्फरपुरं लोकसभा सीट से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अजय निषाद की जीत सुनिश्चित कराने के लिए मुस्तैदी से जुट जाएं।वे आज कांग्रेस प्रत्याशी अजय निषाद के आवास पर कार्यकताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निषाद आरक्षण इस चुनाव में उनका मुख्य मुद्दा है।वे इसे पूरा कराकर ही रहेंगे। भाजपा पर निषाद आरक्षण के वादे से मुकर जाने का आरोप लगाते हुए मुकेश सहनी ने कहा कि भाजपा ने उनको नश मल्लाहों के लिए आरक्षण का भरोसा दिया था।नीतीश कुमार जब पुनः भाजपा के साथ हो लिए तो भाजपा को लगा कि अब उसे मुकेश सहनी की जरूरत नहीं है।इस चुनाव में आपको इसका जवाब देना है। उन्होंने आगे कहा कि आरक्षण नहीं तो गठबंधन नहीं ,गठबंधन नहीं तो वोट नहीं आसकथन पर वे अब भी कायम हैं।

# किसानों से गेहूं क्रय नहीं करने वाले समितियों पर होगी कार्रवाई

## 161 केंद्रों का किया गया है गेहूं क्रय को लेकर चयन

- 251 किसानों ने कराया पंजीयन
- 2275 की दर से किसानों से लेना है प्रति क्विंटल गेहूं
- क्रय केंद्र के संचालन में पैक्सों की दिलचस्पी नहीं

प्रात : किरण, संवाददाता



मधेपुराः जिले में सरकारी स्तर पर किसानों से गेहूं क्रय करने को लेकर 161 क्रय केंद्रों के संचालकों को कैश क्रेडिट सहकारिता विभाग की ओर से उपलब्ध करा दिया गया है। इसके बावजूद जिले के सिर्फ तीन प्रखंडों में गेहूं क्रय केंद्र खुल पाया है। जहां क्रय के नाम पर अभी तक सिर्फ खानापूर्ति हुई है। गेहूं क्रय को लेकर क्रय केंद्र के संचालकों के द्वारा बरती जा रही लापरवाही को लेकर सहकारिता विभाग ने सख्ती दिखाई है। जिला सहकारिता पदाधिकारी प्रशांत कुमार का कहना है कि गेहूं के क्रय में लापरवाही बरते वाले क्रय केंद्र के संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे समितियों को चिन्हित कर धान खरीद करने से विंचित किया जाएगा। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने को लेकर किसानों को जागरूक कर उनका पंजीयन भी कराया जाना है। इसको लेकर क्रय केंद्र के संचालकों को दिशा निर्देश जारी किया गया है। इसके बावजूद क्रय केंद्र के संचालक लारवाही बरत रहें हैं। ऐसे संचालकों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार में जिले में 6137 एमटी गेहूं का क्रय जिले भर से होना है। इसको लेकर 161 क्रय केंद्रों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि 15 मार्च से लेकर 15 जून तक गेहूं का क्रय चयनित केंद्रों पर पंजीकृत किसानों से 2275 रुपये की दर से प्रति क्विंटल होना है। जिला सहकारिता न पदाधिकारी ने कहा कि गेहूं क्रय को लेकर किसानों को जागरूक करने की दिशा में पैक्स अध्यक्षों को दिशा निर्देश दिया गया है। पैक्स अध्यक्ष किसानों को पंजीकरण कराने की दिशा में भी प्रेरित करें। मालूम हो कि जिले में अभी तक क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने को लेकर 251 किसानों ने पंजीयन कराया है। वहीं जिले में के तीन प्रखंड मधेपुरा,सिंहेश्वर और शंकरपुर में प्रारंभ हुए क्रय केंद्र पर चार किसानों ने 2.6 एमटी गेहूं सरकार के द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचा है।

# कई कार्यक्रमों में शामिल हुए चिराग



प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर।आज लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के खोकसा बुजुर्ग हरपुरहरदास में लक्ष्मण पटेल के सुपुत्र के शादी,अल्लिपुर खोखसा में शिवनारायण सिंह के सुपुत्री की शादी,चकौशन बाजीतपुर में शिवदयाल राय के सुपुत्री एवं कुतुबपुर चेचर में बैधनाथ प्रसाद सिंह के सुपुत्र के शादी में शामिल होकर वर-वधु को नव दाम्पत्य जीवन की बधाई व शुभकामनाएँ दी। लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर भीषण आग लग जाने से हुई भारी क्षति पर दुःख प्रकट कर अफसोस जाहिर की। जल्द ही लोकसभा क्षेत्र में अगिन पीड़ित परिवार से मुलकात कर कुशलक्षेम जानेगे। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष असरफ अंसारी,विनोद कुमार राय, संतोष शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष मुकेश पटेल, देसरी प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र पासवान सहित एनडीए के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# मेरा पहला वोट देश के नाम कार्यक्रम का आयोजन




प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। वैशाली जिला अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से वैशाली जिले के कुल 47 महाविद्यालय के युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने तथा मतदान के महत्व और लोकतंत्र में मतदाताओं की भूमिका, चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम मतदाताओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिएह्व मेरा पहला वोट देश के नाम ह्ल कार्यक्रम का आयोजन जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में किया गया` जिले का स्वीप आइकॉन श्री अभय कुमार ने राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बिदुपुर एवं ग्लोबल आईटीआई उफरौल में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं अपने अभिभावक को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की ` आर.ए. कॉलेज हाजीपुर, देवचंद कॉलेज हाजीपुर, एल.एन. कॉलेज भगवानपुर, ए७'३ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, ए७'३ कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक, बी. एम. डी. कॉलेज बिदुपुर, रामदेव सिंह प्राइवेट आई टी आई,डॉ सीवी रमन यूनिवर्सिटी भगवानपुर में भी युवा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

# विश्व मलेरिया दिवस पर नर्सिंग छात्राओं ने रैली निकाल किया जागरुक

प्रात : किरण, संवाददाता




हाजीपुर। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर गुरुवार को सदर अस्पताल से नर्सिंग छात्राओं ने जागरुकता रैली निकाली। रैली को सिविल सर्जन डॉ श्यामनंदन प्रसाद ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। मलेरिया जागरुकता के बैनर और पोस्टर से भरी इस रैली में नर्सिंग छात्राओं ने पूरे सदर अस्पताल में घूमा और जगह जगह पर मलेरिया से संबंधित नारे भी लगाए। वहीं नर्सिंग छात्राओं ने ओपीडी और इमरजेंसी वार्ड में भी मरीज और उनके संबंधियों को मलेरिया से संबंधित पंपलेट भी बांटे, जिसपर मलेरिया से संबंधित पूरी जानकारी थी। इसके अलावा सभी पीएचसी तथा सीएचसी पर भी मलेरिया दिवस को मनाया गया। जिसमें एएनएम तथा आशा कार्यकताओं के द्वारा अपने क्षेत्र में मलेरिया पर जागरुकता संबंधी जानकारी दी गयी। रैली में भीडीसीओ प्रीति आनंद, राजीव कुमार, निहाल कुमार,अमित कुमार, संबीता, प्रियंका कुमारी एवं नर्सिंग की छात्राएं शामिल थी। जानकारी दिया कि मलेरिया से पीड़ित होने वाले ज्यादातर लोगों को तेज बुखार और दूसरे फ्लू जैसे लक्षण अनुभव होते हैं। लक्षणों का जितनी जल्दी हो सके इलाज करना जरूरी है। क्योंकि तेजी से गंभीर हो सकती है और जटिलताओं के चलते जान जाने का खतरा भी हो सकता है। डॉक्टर्स के मुताबिक, मलेरिया के लक्षण हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं। अधिकतर लोगों को बीमारी के संपर्क में आने के 10 से 15 दिनों के बीच लक्षणों का पता चलता है। अगर आपको मलेरिया हो तो फ्लू जैसे लक्षणों के अलावा बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, थकान, जी मिचलाने, उल्टी और दस्त जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

# सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय में विश्व मलेरिया दिवस को लेकर निकाली गयी प्रभात फेरी

## विश्व मलेरिया दिवस को लेकर छात्र-छात्राओं को बचाव के बारे में किया गया जागरूक

प्रात : किरण, संवाददाता



गिद्धौर। प्रखंड भर में विश्व मलेरिया दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्ररवंड के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय में प्रभात फेरी निकाली गई,जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रभात फेरी गांव के गलियों चौक चौराहों से गुजरते हुए लोगों को मलेरिया से बचाने के लिए जागरुक कर रहे थे।प्रभात फेरी के दौरान छात्र हाथ में तख्ती लिए गगनचुंबी नारे लगा रहे थे। मलेरिया से सब को बचाना है स्वास्थ्य समाज बनाना है, आओ मिलकर करें प्रयास, मलेरिया को न आने दे पास, छोटा मच्छर बड़ी बीमारी इससे बचने में है समझदारी।इस अवसर पर सत्य साईं पब्लिक स्कूल के निदेशक राजेश साव ने कहा मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है, जो संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छरों के काटने से होती है। बरसात के दौरान वातावरण में नमी के कारण मलेरिया के मच्छर पनपने लगते हैं और बीमारी का प्रसार होता है। मलेरिया की गंभीर स्थिति बच्चों के लिए जानलेवा हो सकती है। मलेरिया के कुछ सामान्य लक्षण हैं,जैसे बुखार, सिर दर्द,उल्टी आना,ठंड लगना, थकान होना,चक्कर आना और पेट में दर्द होना। इसमें से अगर किसी भी लक्षण हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।बताते चलें जिला शिक्षा विभाग के द्वारा बीते सप्ताह को ही आदेश पत्र जारी कर जिले के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय में विश्व मलेरिया दिवस पर प्रभात फेरी चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित करने का आदेश पत्र जारी किया था। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रंजीत शर्मा,कैलाशपति यादव,पंकज मालवीय,शिक्षिका पूनम कुमारी,बबीता कुमारी,नीलम कुमारी,नीशा कुमारी,प्रीति कुमारी के अलावे सैकड़ों छात्र-छात्राओं मौजुद थे।

# बिस्कोमान के निदेशक निर्विरोध निर्वाचित हुए विशुनदेव राय सहित आठ



प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। बिस्कोमान के निदेशक मंडल के सदस्य के चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हुए पूर्व विधानपरिषद के सदस्य विशुनदेव राय । उनके साथ-साथ गणेश राय ,चंदन चौधरी, मनोज कुमार मेहता ,सुरेश सिंह, अशोक राय, प्रेम राय सहित आठ सदस्यों को भी निर्विरोध निर्वाचित होने पर आज हाजीपुर सहकारिता बैंक के प्रांगण में स्थित बिस्कोमान के पदाधिकारियों ने निर्वाचन पत्र सौंपा।इस अवसर पर महुआ विधायक डॉ मुकेश रौशन ने सभी सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि वैशाली जिला अंतर्गत सहकारिता के क्षेत्र में पूर्व विधान पार्षद विशुनदेव राय ने बहुत विकास किया है।इस दौरान बधाई देने वालों में रामनाथ राय ,सुनील सिंह ,सुरेश सिंह ,पुलिस राय ,अभय राय ,नागेन्द्र राय ,केदार प्रसाद यादव ,बबलू राय ,रमाशंकर यादव ,राजेश शर्मा ,संतोष चौधरी, अजीत यादव ,कुंदन सिंह, युगल शाही सहित अनेक सहकारिता नेता उपस्थित थे।

### शिक्षक अभय कुमार के असामयिक निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर व्याप्त

महुआ उत्क्रमित मध्य विद्यालय शाहपुर चकुंम्मर, महुआ के प्रखंड शिक्षक अभय कुमार की दुखद मौत के बाद शिक्षक समाज में शोक की लहर व्याप्त है। हर कोई शिक्षक अभय कुमार के असमियक मौत से मर्माहत और स्तब्ध है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों शिक्षक अभय कुमार 13 अप्रैल को स्कूल से घर जाने के क्रम में जन्दाहा रोड स्थित गुरु चौक पर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।जिनका इलाज पटना में चल रहा था।इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया। उनके निधन से सम्पूर्ण विद्यालय परिवार मर्माहत है।वे56 वर्ष के थे,तथा जन्दाहा थानान्तर्गत रसूलपुर ग्राम के स्थायी निवासी थे।अपने पीछे दो पुत्री और एक पुत्र छोड़ गए हैं।उनके निधन पर उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार सिंह, मिडिल स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार, शिक्षक सुरेन्द्र राय, शम्भू कुमार, नवल ठाकुर, पिंकी कुमारी, रेणु कुमारी, संजीव कुमार, अभिषेक कुमार, चन्द शेखर कुमार, संजय राय, वार्ड सदस्य शम्भू ठाकुर, समाजसेवी शंकर राय, संजय कुमार , बिहार राज्य प्रारम्भिक शिक्षक संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा, सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार, जिला उपाध्यक्ष ललित दास, संजय कुमार सुमन, अरूण कुमार, सुधीर सुमन, राघवेंद्र प्रसाद, मोती लाल पासवान, अमोद कुमार,आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# अचानक आग लगने से चार- घर खाक

प्रात : किरण, संवाददाता

आलमनगर, मधेपुरा आलमनगर थाना क्षेत्र के बांसवाड़ा पंचायत स्थित नवगछिया टोला में अचानक आग लगने से चार लोगों का घर जलकर खाक हो गया। आग लगने से तीन गाय,तीन गाय का बच्चा एवं चार बकरी का भी मौत आग में झुलसने से हो गया।लगभग चार से पांच लाख की क्षति होने की संभावना जताई गई। इस बाबत स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि अचानक घर से आग कि लपेट उठने लगे। इसके बाद देखते ही देखते निभा देवी पति संतोष साह, आशा देवी पति नरेश साह,सुमित्रा देवी पति रामचंद्र साह ,रानी देवी पति श्रवन साह के घर में आग पकड़ लिया। स्थानीय ग्रामीण के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया गया परंतु ग्रामीणों की प्रयास के बाद भी पछवा हवा में आग की लपटे थमने का नाम ही नहीं ले रहा था और देखते ही देखते घर जलकर खाक हो गया।घर में रखें कपड़ा, राशन, फर्नीचर एवं नगदी कुल मिलाकर लगभग चार से पांच लाख की क्षति का आकलन किया जा रहा है वही सबसे ज्यादा हृदय विदारक था कि इस आग में तीन गाय और गाय के बच्चे के साथ-साथ चार बकरी भी जल गया। घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल था। आग की खबर लगते ही अंचलाधिकारी दिव्या कुमारी ,पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामानंद सिंह ,उप मुखिया प्रतिनिधि रंजीत गुप्ता ,भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष पप्पू साह,जदयू प्रखंड अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह आंचल कर्मी अमरनाथ कुमार सहित कई सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोग स्थल पर पहुंचकर आग का जायजा लिया। अंचलाधिकारी दिव्या कुमारी तत्काल स्थल पर ही अग्नि पीड़ित निभा देवी, आशा देवी ,सुमित्रा देवी एवं रानी देवी के बीच 12 हजार का चेक प्रत्येक व्यक्ति को सोंपा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी दिव्या कुमारी ने बताया कि अभी खरमास का समय चल रहा है। सुबह में ही खाना बना ले और रात्रि का खाना संध्या में ही बना लें।आग को चूल्हे में नहीं रहने दे। खाना बनने के तुरंत बाद आग को बुझा दे। साथ ही घर छोड़कर बाहर खेत में काम करने के लिए जाने से पहले एक आदमी को हर वक्त घर में रखें। आपकी सावधानी से आप स्वयं भी बचेंगे और अपने पड़ोसी को भी बचाएं।

# मतदान जागरूक अभियान घर घर जाके मतदान की महत्व को समझाया




प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा/ नेहरू युवा केन्द्र एवं भारत स्काउट एंड गाइड, मधेपुरा के संयुक्त तत्वावधान में समावेशी स्वीप सह मतदाता जागरूकता रैली को नोडल पदाधिकारी, जिला स्वीप एवं पीडब्लूडी कोषांग, जिला स्वीप एवं पीडब्लूडी कोषांग के पदाधिकारीगण यथा- जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, सहायक निदेशक बाल संरक्षण ईकाई, आयुक्त भारत स्काउट एंड गाइड तथा जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र द्वारा कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र रासबिहारी उच्च माध्यमिक विद्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के रासबिहारी उच्च माध्यमिक विद्यालय, मधेपुरा के प्रांगण से होते हुए डा0 अरुण कुमार मंडल, मधेपुरा के आवास से एल आई सी आफिस - बीएसएनएल कार्यालय - एसबीआई बैंक रोड - अनुमंडल कार्यालय -दुर्गा मंदिर - एस के होटल होते हुए रास बिहारी विद्यालय के प्रांगण में वापस होने के क्रम में मतदाताओं को 7 मई 2024 को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। मधेपुरा के कला भवन में सामान्य प्रेक्षक महोदया की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर्स का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में सभी को मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया तथा उनके कार्य एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी दी गई। सामान्य प्रेक्षक के द्वारा भी माइक्रो आब्जर्वर्स को मतदान के दिन की प्रक्रिया के संबंध में बताया गया। साथ ही सभी माइक्रो आब्जर्वर्स को ईवीएम/वीवीपीएटी की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी गई। उक्त प्रशिक्षण में प्रशिक्षण कोषांग एवं प्रेक्षक कोषांग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित हुए।

# बुखार-बदन दर्द हो रहा कॉमन,बीमार कर रहा मौसम

जमुई/गिद्धौर। मौसम बदलने के साथ ही मौसमी बीमारियों से प्रखंड भर के लोग पीड़ित होने लगे है।पिछले दस दिनों से सरकारी अस्पतालों व निजि क्लीनिकों में मरीजों की काफी संख्या बढ़ी है। अधिकतर मरीज बुखार,सिरदर्द,बदनदर्द व सर्दी-खांसी की शिकायत लेकर पहुंच रहे है।जिन लोगों की इम्युन सिस्टम कमजोर है।उन्हे परेशानी ज्यादा हो रही है।बुखार होने पर लोगों को डेंगू का भय ज्यादा सता रहा है। ऐसे मरीजों को डॉक्टर तीन से पाँच दिनों की दवा लिख रहे है।बुखार ठीक नही होने पर मरीजों की कोरोना,डेगू,मलेरिया व टाइफाइड की जाँच करायी जा रही है। डॉक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि आने और जाने वाली मौसम में बीमार होने की संभावना अधिक होती है। गरमी के कारण लोगों का इम्युन सिस्टम बिगड़ रहा है।गर्म मौसम के हिसाब से शरीर अनुकूल नही होने के कारण लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे है। एलर्जी व दमा के मरीज दवाएं नही छोड़े बदलते गर्म मौसम में एलर्जी व टाइफाइड,डेगू,मलेरिया के मरीजों की परेशानी बढ़ जाती है।ऐसे मौसम में अधिकतर बुखार,कफ जमने की शिकायत होती है।जिसे सीने में इनफक्शन हो जाता है।इनकों दवाएं नियमित तौर पर लेना चाहिए और डॉक्टर के संपर्क में रहना चाहिए।इस गर्म मौसम में डेगू,मलेरिया,टाइफाइड के मरीजों की संख्या ज्यादा होता है।इस कारण दवाइयां की डोज भी बढ़ानी पड़ती है।इसके अलावा डायबिटीज व ब्लड प्रेशर वाले मरीजों की भी परेशानी बढ़ जाती है।ऐसे मरीजों को किसी भी हालत में दवाएं नही छोड़नी चाहिए।मरीजों को इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

# कार्य दिवस में शिक्षक स्कूल से गैरहाजिर मिले तो कट जाएगा एक दिन का वेतन

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। शिक्षा विभाग के नए नियम के अनुसार निरीक्षण पदाधिकारी या निरीक्षणकर्ता प्रतिदिन 10 स्कूलों का निरीक्षण करेंगे।कार्य दिवस के दिन कोई भी शिक्षक स्कूल से अनुपस्थित मिलते हैं तो उनका एक दिन का वेतन काटा जाएगा।अभी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी चल रही है। इस दौरान शिक्षकों का स्कूल आना अनिवार्य है।गर्मी की छुट्टी में रोज सुबह 8 से 10 बजे तक प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में मिशन दक्ष और उच्च माध्यमिक विद्यालय में विशेष कक्षा चलाई जा रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कपिलदेव तिवारी ने पत्र जारी कर कहा है कि निरीक्षण अधिकारी रोज 10 स्कूलों का निरीक्षण करेंगे।स्कूल में बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति की फोटो व्हाट्सएप ग्रुप में साझा करेंगे।कोई शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित रहते हैं तो जानकारी कार्यालय को देंगे।इन शिक्षकों की वेतन कटौती की अनुशंसा की जाएगी। डीईओ ने निरीक्षण अधिकारियों को कहा है कि वह भी आदेश का अनुपालन करेंगे। ऐसा नहीं करने पर निरीक्षण अधिकारी का भी एक दिन का वेतन काटा जाएगा। अधिकारी कक्षा में शामिल होकर बच्चे से पूछेंगे सवाल डीईओ कपिलदेव तिवारी ने कहा कि स्कूल निरीक्षण करने से पहले निरीक्षण अधिकारी बच्चों को पढ़ाई जाने वाली किताबें का अध्ययन करेंगे। इससे वे निरीक्षण के दौरान बच्चों से सवाल पूछ सकेंगे।पाठ्य पुस्तक में पढ़ाए जाने वाले विषय का ज्ञान जिले के सभी अधिकारियों को रखना है। इससे होगा कि शिक्षक स्कूल में क्या पढ़ा रहे हैं,इसकी जानकारी मिल सकेगी।अधिकारी कक्षा में भी शामिल होकर पढ़ाएंगे।

# रक्सौल बॉर्डर पर तैनात 47 वीं वाहिनी एसएसबी नें छापेमारी कर चार नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया

## विमुक्त नाबालिग लड़कियों में तीन बंगाल व एक दिल्ली की है रहने वाली


प्रात : किरण, संवाददाता



रक्सौल बॉर्डर पर तैनात एस एस बी के मानव तस्करी रोधी इकाई इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में अवैध आर्केस्ट्रा संचालकों के विरुद्ध स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी की गई। इस छापेमारी के दौरान बॉर्डर इलाके के कई थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित तीन आर्केस्ट्रा संचालकों को गिरफ्तार किया गया। वहीं इनमें कार्यरत चार नाबालिग लड़कियों को भी मुक्त कराया गया।इस सफल रेस्क्यू टीम में इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा, उप सहायक निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, हवलदार अरविंद द्विवेदी, कांस्टेबल पम्मी मिश्रा, प्रभारी राज रोशन,थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार(साइबर थाना बेतिया), डाइरेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह मिशन मुक्ति फाउंडेशन(दिल्ली) व दिलीप कुमार, चितरंजन गिरी (बाल कल्याण समिति,बेतिया) अक्षय पांडेय रेस्क्यू फाउंडेशन(दिल्ली) प्रयास जुबेनाइल एड सेंटर(बेतिया) से पवन कुमार अमित कुमार, अनुप्रिया विलियम, आलोक कुमार (बाल चाइल्ड हेल्प लाइन, बेतिया) इत्यादि शामिल रहे। बता दें कि भारत नेपाल बॉर्डर पर शिकारपुर गांव में पिंकी आर्केस्ट्रा में छापेमारी की गई।जहां से दो नाबालिक लड़कियों को विमुक्त कराया गया। इनकी पहचान जलपाईगुड़ी और दिल्ली की रहने वाली के रूप में की गई है।बैरिया मलाही स्थित वर्षा आर्केस्ट्रा से बंगाल की रहने वाली दो लड़कियों को विमुक्त कराया गया। बरामद लड़कियों ने काउंसलिंग में बताया कि इनको आर्केस्ट्रा संचालक बड़े-बड़े सपने दिखाकर लाते हैं और फिर यहां से इनका निकलना मुश्किल हो जाता है। इनको फिल्मी हीरोइन व ग्लैमर का झांसा देकर इस अवैध धंधे में शामिल किया जाता है।एस एस बी की इस कार्यवाही से अवैध आर्केस्ट्रा संचालकों में हड़कंप मचा है।

# प्रखंड़ जदयू अध्यक्ष के अध्यक्षता में जदयू पार्टी की चुनावी कार्यालय खोला गया

प्रात : किरण, संवाददाता



मधुबनी स्थानीय खजौली बाजार के एसबीआई बैंक के पास गुरुवार को प्रखंड़ जदयू अध्यक्ष रामबाबू सिंह के अध्यक्षता में जदयू पार्टी की लोक सभा चुनावी कार्यालय खोला गया. इस चुनावी कार्यालय का उद्घाटन फिता काटकर संयुक्त रूप से जदयू नेता व प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा झंझारपुर लोक सभा प्रभारी जितेंद्र पटेल जदयू प्रखंड़ अध्यक्ष रामबाबू सिंह, भाजपा नेता शंम्भू नाथ ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न राउत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.इस चुनावी कार्यालय उद्घाटन के बाद जदयू प्रखंड़ अध्यक्ष रामबाबू सिंह ने कहा कि झंझारपुर लोक सभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार रामप्रीत मंडल जी के पक्ष में प्रखंड़ क्षेत्र के 14 पंचायतों में एनडीए कार्यकताओं द्वारा चुनावी प्रचार,प्रसार करके वोट मांग करेंगे.उन्होंने कहा कि यह चुनावी कार्यालय 5 मई तक चलेगा.वही जदयू नेता व प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा ने कहा कि एनडीए की चुनावी कार्यालय से भाजपा,लोजपा रालोसपा हम के सभी कार्यकताओं से आग्रह किया है कि एनडीए के उम्मीदवार रामप्रीत मंडल जी के पक्ष में प्रखंड़,पंचायत, गांव,टोला,मुहल्ला में पहुँच कर डोर टू डोर सम्पर्क स्थापित कर जदयू उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार,प्रसार कर वोट मांगने का निर्देश दिया गया.इस मौके पर भाजपा के नेता अर्जुन सिंह, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष राम प्रवेश सिंह, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष मोहन कुमार सिंह डा. पवन कुमार सिंह, दीनानाथ सिंह, कमलेश सिंह, लक्ष्मण पंडित,रामनारायण चौधरी,अमरेश जैशवाल,जय प्रकाश प्रसाद,घूरन दास,सरोज कुमार सिंह,लोजपा प्रखंड़ अध्यक्ष गंगा प्रसाद सिंह,बिनोद सिंह,शिव कुमार सिंह,विधायक प्रतिनिधि राम कुमार सिंह,संतोष कुमार शर्मा, सतीश कुमार,चंद्रमोहन सिंह उर्फ पप्पू जी, रालोसपा के प्रदेश महासचिव महेंद्र प्रसाद सिंह सहित सभी एनडीए के प्रखंड,पंचायत के सभी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 08 लाख रुपए की फिरौती मांगने वाले दो अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता



जिले के बरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत पारो मटिया निवासी नरेश प्रसाद पिता स्व० दामोदर लाल मोदी जो किराना दुकानदार हैं।उनसे किसी ने दूरभाष पर संपर्क स्थापित कर के 8,00,000 की रंगदारी मांग की थी। वहीं किराना व्यवसाई नरेश प्रसाद ने बरहट थाना में लिखित आवेदन दे कर न्याय के साथ ही साथ सुरक्षा की गुहार लगाई। लिखित आवेदन पत्र की जानकारी थानाध्यक्ष कुमार संजीव ने वरीय अधिकारी को दी।उक्त आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन ने एस डी पी ओ सतीश सुमन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। जिसमें सतीश सुमन के साथ अंचल निरीक्षक प्रताप सिंह , बरहट थानाध्यक्ष कुमार संजीव, एस आई धनंजय कुमार , एस आई उर्मिला कुमारी,जिला आसूचना इकाई के पुलिस कर्मी एवम बरहट थाना के पुलिस बल शामिल थे।उक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से 6 घंटे के भीतर उद्भेदन करते हुए बरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत एकटरवा निवासी विदेशी यादव के पुत्र 33 वर्षीय पंकज यादव और 38 वर्षीय राजेश यादव पिता स्व० मिश्री यादव को गिरफ्तार कर लिया। दोनों गिरफ्तार अपराधी के पास से पुलिस ने रंगदारी मांगने में प्रयुक्त मोबाइल फोन को भी बरामद कर लिया है। वहीं पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों द्वारा किसी फिल्म का दृश्य देखने के बाद रंगदारी वसूलने की योजना बनाई थी और पश्चिम बंगाल जा कर नया सिम लाया और उसी सिम से नरेश प्रसाद से 08 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी।

सम्पादकीय

# न्याय को भटकती आवाज

इस देश में एक साथ दो दुनिया बसती नजर आती हैं। एक वह दुनिया जिसमें सात बीस का सौ होता है, और दूसरी वह दुनिया जिससे आठ बीस का पचास भी नहीं होता। गलत नतीजा बता क्या हम ऐसी दुनिया की बात कर रह हैं, जिससे गणित पढा गुनाह है, या किसी उस दुनिया की बात जिसमें इतिहास के नाम पर भूगोल पढ़ा दिया जाता है। उसके बाद किसी फर्जी विश्वविद्यालय की उच्च डिग्री का दुमछल्ला लगा लो। भाषण करने लगो तो अपनी वक्तृता में दस बार अपने नाम का प्रयोग करने के बाद कहो, कि ह्यमैं तो बेचारा एक कार्यकर्ता हूं, आपकी जिंदगी सफल करने के लिए इस धरती पर आया हूं। ह्ल जी हां, जो ऊंचे प्रासादों से अवतरित होते हैं, उनके लिए कानूनों की आचार संहिता कुछ और, और इधर बेचारे फुटपाथियों के लिए कानून की सख्ती का कोई अंत नहीं। इस देश में हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग कानून नहीं हो सकता। साब, हम आह भी भरें तो हो जाते हैं बदनाम, वह कत्ल भी करें तो शिकवा नहीं होता। लगता है ये कानून सदा से दो रुख वाले ही चलते आए हैं। क्या जिंदाबाद का नारा लगाने के बाद दो अलग वर्गों के लिए एक ही कानून हो जाएगा? यह कानून बड़े-छोटे का, ऊंचे-नीचे का फर्क नहीं करेगा। सबकी धान पसेटी एक ही भाव बिकेगी। लेकिन ऐसा कभी होना नहीं। ऐसी समता की मात्र उम्मीद की जा सकती है, ऐसी उम्मीद जो करने वाले भी अपने ऊंचे मंच पर खड़े होकर जनता जनार्दन को समझा सकें।

लेकिन मंच से बोलता हुआ आदमी ऊंचे स्वर में बोलता रहता है, और धरती पर छिटके हुए लोग गिड़गिड़ाते तक एक अंदाज से हैं। मंच से उतरे आदमी के पांव पखारते हैं, वह भी एक अंदाज से। उन्होंने कहा कि बड़े और छोटे का फर्क तो सदा से रहा है। भुखमरी सूचकांक को देख विज्ञ पुरुषों ने बताया, ह्यदेखो-देखो अपने यहां भुखमरी से इतने नहीं मरे, जितनी उम्मीद थी। ह्ल आंकड़ों का खेल है, इसकी कलई मरोड़ दो, तो लगता है जब इतने लोग मरे ही नहीं, तो कैसे कह सकते हो देश बदहाल है, असमाजवादी है? अब इन टिप्पणियों का क्या करें? टिप्पणी करने वाले टिप्पणी करते रहते हैं, और फुटपाथ पर बरसों से पड़े आदमी जिंदाबाद का जयघोष करते हुए देश की तरक्की के जामिन हो जाते हैं।

अब ऐसी भी क्या विसंगति कि मरीजों की परिचर्चा करने वाले, उन्हें मौत के मुंह से बाहर निकाल लेने वाले सम्पदा व्यवसायी कहलाएं? भला ये लोग कमाई नहीं करेंगे तो ये अस्पताल दो मंजिलों से चार मंजिल कैसे बनेंगे? मंजिलें उठेंगी, तो रोगियों के लिए नए कमरे बनेंगे। जानते हो, देश में अत्यधिक जनसंख्या की समस्या है। अस्पतालों के भवन तरक्की नहीं करेंगे, तो लोगों की जान कैसे बचेगी? मानवता के इन पुजारियों को सम्पदा व्यवसायी न कहो। इन्होंने मेहनत का अधिक मूल्य ले लिया, प्राण बचाऊ औषधियों को काला बाजार में बेच दिया, तो उनकी मानवता की पूजा में कोई अंतर कैसे आ गया? देख लो यहां भी दो दुनिया हो गई। एक दुनिया में मानवता की पूजा के ताज बंटते हैं, और दूसरी में काले बाजार के शहजादे दनदनाते हैं। महामारी जब टल जाती है तो दोनों दुनिया एक जैसी नहीं हो जातीं क्या? रोग से बच निकलने के आंकड़े तो सबको एक जैसी खुशी दे जाते हैं। आओ, यह गरीब, अमीर का फर्क करना बंद कर दें। सदियों से गरीब, गरीब न रहे होते, तो शब्दकोष में सेवाभाव को इतना ऊंचा दर्जा कैसे मिलता? आज की दुनिया में तो जो जितने ऊंचे स्वर में चिल्लाता है, वही नैतिकता का बहुत बड़ा अलंबरदार बन जाता है। कुर्सियों पर जो बैठे हैं, वही तो पीढ़ी दर पीढ़ी नैतिकता, बलिदान और सच्चाई के पहरुए कहलाते हैं, अभिनंदित होते हैं, महिमामंडित होते हैं।

# सोचो! आखिर आरएसएस को क्या हुआ?......

राकेश अचल

आप मंगलसूत्र और विरासत कर की अफवाहों में उलझ गए, और आपसे एक महत्वपूर्ण खबर छूट गयी। खबर ये है कि जिस आरएसएस की इकलौती संतान भाजपा दस साल केंद्र की सत्ता में रह चुकी उस आरएसएस का शताब्दी समारोह नहीं मनाया जाएगा। संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने खुद ये ऐलान किया, लेकिन कहीं से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। किसी ने ये जानने की कोशिश नहीं की कि आखिर संघ को हुआ क्या जो उसने इतने महत्वपूर्ण अवसर पर एकजुटता दिखाने से मना कर दिया? व्यक्ति हो या संस्था, सभी के लिए सौ का आंकड़ा पार करना एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। भारत में आमतौर पर जन्मदिन पर शतायु होने का आशीर्वाद दिया जाता है। संस्थाएं हों या दल अपनी स्थापना का रजत, स्वर्ण और हीरक जयंती मनाते हैं। कोई इस खास मौके को छोड़ना नहीं चाहता, किन्तु संघ अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष को यादगार नहीं बनाना चाहता। ये हैरान करने वाली घटना है। आखिर ऐसा क्या अशुभ हो गया जो संघ ने अपने शतायु होने को समारोहपूर्वक मनाने का इरादा छोड़ दिया, जबकि तमाम परिस्थितियां संघ के अनुकूल हैं। आप सब जानते हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर सन 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ॰ केशव हेडगेवार द्वारा की गयी थी। संघ ने आजादी की लड़ाई में क्या कुछ किया ये सब विवादास्पद है, और हो सकता है। किन्तु संघ प्रतिबंधों कि बावजूद लगातार भारत की राजनीति में किसी न किसी रूप में हिस्सा लेता रहा है। राजनीति में हिस्सेदारी कि लिए संघ ने जनसंघ बनाया। देश में जब 1975 में आपातकाल की घोषणा हुई तो तत्कालीन जनसंघ पर भी संघ के साथ प्रतिबंध लगा दिया गया। आपातकाल हटने के बाद जनसंघ का विलय जनता पार्टी में हुआ और केन्द्र में मिलीजुली सरकार बनी। इसी जनसंघ और संघ की वजह से 1980 में जनता पार्टी टूटी भी और भारतीय जनता पार्टी का जन्म हुआ। संघ को देश की सत्ता हासिल करने में पूरे 75 साल लगे। संघ की लम्बी साधना और प्रतीक्षा का ही सुफल था कि 2000 में जब संघ 75 वर्ष का हुआ तब संघदक्ष शाखामृग अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए की मिलीजुली सरकार भारत की केन्द्रीय सत्ता पर आसीन हुई। संघ की स्थापना का मूल और प्रारंभिक लक्ष्य हिंदू अनुशासन के माध्यम से चरित्र प्रशिक्षण प्रदान करना और हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए हिंदू समुदाय को एकजुट करना था। संघ अपने एक उद्देश्य में तो सफल हुआ किन्तु उसकी कल्पना का देश प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी नहीं बना सके। लेकिन संघ ने हार नहीं मान। संघ अपने संगठन कि माध्यम से भारतीय संस्कृति और नागरिक समाज के मूल्यों को बनाए रखने के आदर्शों को बढ़ावा देता रहा। बाजपेयी जी की सत्ता जाती रही किन्तु संघ बहुसंख्यक हिंदू समुदाय को मजबूत करने के लिए हिंदुत्व की विचारधारा का प्रचार करने से पीछे नहीं हटा।

बाजपेयी कि बाद संघ ने फिर साधना की और 2014 में अपने नए शाखामृग नरेंद्र मोदी कि जरिये देश की सत्ता पर अपना अधिकार जमाया। मोदी जी 2019 में दूसरी बार भी प्रधानमंत्री बने। उनके शासनकाल में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने और राम मंदिर बनाने का सपना भी पूरा हुआ, लेकिन इस दौर में संघ कमजोर और मोदी जी मजबूत होते चले गये। आज स्थिति ये है कि संघ मोदी जी को नहीं नचा पा रहा जबकि मोदीजी संघ को अपनी उँगलियों पर नचाने में समर्थ हो गए हैं। मोदी जी की मजबूती से लगातार कमजोर हुआ संघ अब सन्निपात में है। उसे खतरा है कि मोदी ब्रांड आने वाले दिनों में संघ को भी लील सकता है। इसीलिए तीसरी बार सत्ता में वापसी के लिए कमर कसकर काम कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अकेला छोड़कर संघ ने अपनी स्थापना का शताब्दी समारोह मनाने का इरादा ही बदल दिया।

जानकार सूत्र कहते हैं कि मोदी जी पिछली आधी सदी से भी ज्यादा समय से संघ कि लिए काम कर रहे दत्तात्रय होसबाले को संघ की कमान सौंपना चाहते हैं। दत्तात्रय इस समय संघ के सरकार्यवाह हैं और उनका कार्यकाल 2027 तक है। मजे की बात ये है कि संघ के प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने अगले साल होने वाले संघ के शताब्दी समारोह को न मनाने का निर्णय अचानक लिया या ये पहले से तय था, कोई नहीं जानता। लेकिन आशंका और अनुमान ये है कि डॉ भागवत संघ का शताब्दी समारोह मोदी जी के प्रयोजकत्व में नहीं मनाना चाहते। उन्हें भय है कि मोदी जी ने जैसे अब तक तमाम महत्वपूर्ण अवसरों पर देश की राष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष और शंकराचार्यों को पीछे धकेलकर अपनी प्रभुता स्थापित की है, वैसा ही वे संघ के शताब्दी समारोह में भी करने से बाज नहीं आएंगे। आपको बता दें कि डॉ मोहनलाल मधुकर राव भागवत 2009 से संघ की कमान सम्हाल रहे है। यानि वे इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी वरिष्ठ हैं। मोदी केंद्र की सत्ता में 2014 में आये। डेढ़ दशक से संघ की कमान सम्हाल रहे डॉ मोहन भागवत किसी भी सूरत में संघ को मोदीमय नहीं होने देना चाहते। मोदी जी के कार्यकाल में संघ के मुकाबले भाजपा ज्यादा मजबूत हुई है। देश के 450 जिलों में भाजपा के आधुनिक कार्यालय खोले किन्तु संघ की शाखाएं लगातार कम होती गयीं।

# जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे

ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बदल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी गूंजना स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल दूसरे ओर भी हैं। स्टॉकहोम इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर आयी ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। इसका संतोषजनक जवाब शायद ही मिले क्योंकि दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है। स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिन्ताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में स्र्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। शांति एवं अहिंसा की भूमि पर हथियारों का जमावड़ा उसकी कथनी एवं करनी के भेद को उजागर कर रहा है। ये सवाल स्वाभाविक है कि जब प्रत्येक देश शाांति बनाए रखने की वकालत करता है फिर हथियारों की होड़ लगातार क्यों बढ़ रही है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं।





ललित गर्ग
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ किसी खतरे की घंटी से कम नहीं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामाअें से समूचा विश्व भयाक्रांत है, हर पल आणविक हथियारों के प्र्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिये आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही है। शक्ति संतुलन के लिये शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता। क्योंकि इससे अपव्यय हो होता ही है, साथ ही किसी भी गलत हाथों से दुरुपयोग होने की बहुत संभावनाएं रहती है। ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बदल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी गूंजना स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल दूसरे ओर भी हैं। स्टॉकहोम इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर आयी ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। इसका संतोषजनक जवाब शायद ही मिले क्योंकि दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है।

स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिन्ताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में स्र्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। शांति एवं अहिंसा की भूमि पर हथियारों का जमावड़ा उसकी कथनी एवं करनी के भेद को उजागर कर रहा है। ये सवाल स्वाभाविक है कि जब प्रत्येक देश शाांति बनाए रखने की वकालत करता है फिर हथियारों की होड़ लगातार क्यों बढ़ रही है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।

पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है, पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है ह्वविश्वमानवह्ल का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था।

एक तरफ अमरीका और उसके सहयोगी नाटो देश हैं तो दूसरी तरफ रूस-चीन का गठजोड़ है। तटस्थ रहने वाले देश भी गाहे-बगाहे अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी खेमे की तरफ झुकाव प्रदर्शित करते रहे हैं। ऐसे में आखिरी उम्मीद संयुक्त राष्ट्र ही रह जाता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र की शक्तियां एवं उद्देश्य कोरे दिखावे के हैं, समूची दुनिया इससे वाकिफ है। वह ऐसे किसी भी संकट में शांति प्रस्ताव पारित कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर पला झाड़ लेता है। वह न तो रूस-यूक्रेन के संघर्ष में और न ही इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष रोकने में कोई सार्थक भूमिका अदा कर पा रहा है। उसके कड़े से कड़े फैसले भी आखिर में महाशक्तियों के वीटो के सामने हथियार डाल देते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र कहने को तो दुनिया के देशों का सबसे बड़ा मंच है पर युद्धों को रोकने में उसकी भूमिका नगण्य है। ऐसे में दुनिया में बढ़ते हथियारों की होड़ एवं युद्ध की संभावनाओं को आखिर कौन-कैसे-किसको रोके? जाहिर है, ऐसी परिस्थितियों में तो हथियारों की होड़ बढ़ेगी ही। अमरीका एक तरफ युद्ध की तरफ बढ़ रहे देशों से शांति की अपील करने में सबसे आगे रहता है। लेकिन दूसरी तरफ अमरीकी हथियार कंपनियां तमाम देशों को खरबों रुपए के हथियार बेच रहीं है। इन कंपनियों के लिए तो युद्धकाल ही स्वर्णकाल होता है। ऐसे दौर में जब अधिकांश देश शिक्षा, रोजगार व सेहत के मोर्चे पर संकटों का सामना कर रहे हैं, हथियारों की इस होड़ को रोका ही जाना चाहिए। रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भीषणतम तबाही एवं सर्वनाश का कारण बनता दिख रहा है।

रूस द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल किये जाने एवं यूक्रेन के द्वारा ह्यडर्टी बमह्ल का इस्तेमाल किये जाने की धमकियां, दुनिया के लिये डर का कारण बन रही है। भयंकर विनाश की आशंकाओं के बीच समूची दुनिया सहमी हुई है। यदि परमाणु हथियारों का उपयोग होता है तो यह मानवता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ होगा एवं दुनिया को अशांति की ओर अग्रसर करने वाला होगा। अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा इसलिए बढ़ गया है कि यूक्रेन को इतने लंबे समय से झुकता न देख रूस का अहं चोट खा रहा है। हालांकि परमाणु हथियारों के दुष्परिणामों से दोनों देश अनजान नहीं हैं। इस युद्ध को चलते लंबा वक्त हो गया। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा।

यूक्रेन और रूस में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये भारत ने लगातार शांति प्रयास किये हैं। लेकिन प्रश्न है कि दुनिया को अहिंसा, अयुद्ध एवं शांति का सन्देश देने वाला भारत क्यों हथियारों की दोड़ में शामिल है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना आवश्यक है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, उन्हें अभय बनाकर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यथार्थ यह है कि अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, पर अंधापन मृत्यु-विनाश की ओर। लेकिन रूस ने अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य का अहसास एक गलत समय पर गलत उद्देश्य के लिये कराया है। इस युद्ध से होने वाली तबाही रूस-यूक्रेन की नहीं, बल्कि समूची दुनिया की तबाही होगी, क्योंकि रूस परमाणु विस्फोट करने को विवश होगा, जो दुनिया की बड़ी चिन्ता का सबब है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध को विराम देने के प्रयास करने चाहिए। लेकिन प्रश्न है कि जो देश हथियारों के निमार्ता है, वे क्यों चाहेंगे कि युद्ध विराम हो। जब तक शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों की शस्त्रों के निर्माण एवं निर्यात की भूख शांत नहीं होती तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे।

# घटता मतदान प्रतिशत किस खतरें का संकेत...?

ये कुछ ऐसे सवाल है, जो आज मानव के सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में उठाए जा रही है, इसका सबसे मुख्य उदाहरण हर चुनाव के समय मतदान प्रतिशत में स्पष्ट हो रही कमी है, इसका ताजा उदाहरण लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में हुआ मतदान है, जिसमें पूर्व चुनावों की तुलना में दस प्रतिशत से भी कम मतदान सामने आया है। इसलिए यदि लोकतंत्रीय नजरिये से देखा जाए तो यह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़े खतरे का संकेत है। वैसे भी आज कांग्रेस सहित करीब-करीब सभी प्रतिपक्षी दल यह गंभीर आरोप लगा रहे है कि 2024 का लोकसभा चुनाव हमारे लोकतंत्री देश का आखरी चुनाव होगा, अब प्रतिपक्ष किन संकेतों के आधार पर यह आशंका व्यक्त कर रहा है? यह तो वहीं जाने, किंतु वास्तविकता यह भी है कि आम भारतीय नागरिक की प्राथमिकताओं में मतदान प्राथमिकता नहीं रहा है, खासकर देश का भविष्य युवावर्ग तो इस लोकतंत्री प्रक्रिया से दिल दिमाग और देशभक्ति के साथ जुड़ने की कौशिश ही नही कर रहा है, देश का नौकरीपेशा मतदाता वर्ग जहां मतदान दिवस का अवकाश अपने परिवार के साथ मौजमस्ती के साथ मनाने को आतुर रहता है।





ओमप्रकाश मेहता
(लेखक वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं

विश्व के सबसे बड़े और प्राचीन लोकतंत्री देश भारत की आजादी के पचहत्तर वर्ष बाद आज विश्वस्तर पर यह चिंता व्यक्त की जा रही है कि क्या भारत में लोकतंत्र के प्रति आस्था में कमी आती जा रही है? क्या देशवासी लोकतंत्र की कथित राजनीतिक तानाशाही से परेशान होकर अंग्रेज राज को याद कर रहे है? क्या लोकतंत्र की रीढ़ चुनाव प्रणाली के प्रति आम रूचि कम हो रही है? ये कुछ ऐसे सवाल है, जो आज मानव के सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में उठाए जा रही है, इसका सबसे मुख्य उदाहरण हर चुनाव के समय मतदान प्रतिशत में स्पष्ट हो रही कमी है, इसका ताजा उदाहरण लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में हुआ मतदान है, जिसमें पूर्व चुनावों की तुलना में दस प्रतिशत से भी कम मतदान सामने आया है। इसलिए यदि लोकतंत्रीय नजरिये से देखा जाए तो यह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़े खतरे का संकेत है।

वैसे भी आज कांग्रेस सहित करीब-करीब सभी प्रतिपक्षी दल यह गंभीर आरोप लगा रहे है कि 2024 का लोकसभा चुनाव हमारे लोकतंत्री देश का आखरी चुनाव होगा, अब प्रतिपक्ष किन संकेतों के आधार पर यह आशंका व्यक्त कर रहा है? यह तो वहीं जाने, किंतु वास्तविकता यह भी है कि आम भारतीय नागरिक की प्राथमिकताओं में मतदान प्राथमिकता नहीं रहा है, खासकर देश का भविष्य युवावर्ग तो इस लोकतंत्री प्रक्रिया से दिल दिमाग और देशभक्ति के साथ जुड़ने की कौशिश ही नही कर रहा है, देश का नौकरीपेशा मतदाता वर्ग जहां मतदान दिवस का अवकाश अपने परिवार के साथ मौजमस्ती के साथ मनाने को आतुर रहता है। वहीं युवा वर्ग की भी प्राथमिकता में मतदान नही है, उसकी सोच है कि अवकाश की मौजमस्ती में यदि समय मिला तो वोट डाल आएंगें और यदि वह इन क्षणों में मतदान केन्द्र पर जाता है और उसे वहां वोट डालने वालों की लम्बी लाईन नजर आती है तो वह बिना वोट डाले वापस अपनी मस्ती में शामिल हो जाता है, कुल मिलाकर मतलब यह कि मतदान अब युवाओं की प्राथमिकता नही रहा, और इस वर्ग के सदस्यों को परिवार के वृद्धजन कितना ही लोकतंत्री महत्व नागरिक कर्तव्य का ज्ञान दे, किंतु इस कथित अरूचिपूर्ण उपदेश को वह एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल बाहर करता है, मतदान प्रतिशत दिनों दिन कम होने का यह भी एक मुख्यकारण है।

भारत की इस अहम्‌ समस्या के पीछे दोषी युवा वोटर नहीं बल्कि हम सब है, जिन्होंने हमारी नई पीढ़ी को राष्ट्रीयता व राष्ट्र्ज्भक्ति का पाठ ही नही पढ़ाया, यदि उनकी प्रारंभिक घरेलु शिक्षा में इस विषय को भी शामिल कर लिया होता तो आज हमें यह दिन देखने को मजबूर नहीं होना पड़ता। वैसे यदि अपने दिल पर हाथ रखकर यदि हम यह आत्मचिंतन करें कि हम स्वयं कितने राष्ट्र्ज्भक्त व नागरिक कर्तव्यों व अधिकारों के सही उपयोगकर्ता है? तो हम स्वयं अपने से ही निराश होगें, क्योंकि हम भी पारिवारिक व सामाजिक आपाधापी में देश और अपने कर्तव्यों के बारे में आत्मचिंतन-मनन करने का वक्त ही कहां मिल पाता है? ....पर अभी भी वक्त है, हमें अपनी नीजि चिंताओं के साथ राष्ट्र की चिंता के साथ भी जुड़ना पड़ेगा और आज की राजनीति देश को किस दिशा में ले जा रही है, इस पर गंभीर देशहित में आत्मचिंतन करना पड़ेगा, वर्ना फिर हमें भी वही घीसी-पीटी कहावत ह्यह्यअब पछतावत होत का, जब चिड़िया चुग गई खेतह्लह्ल, बार-बार दोहराना पड़ेगा, इसलिए चुनावी लोकतंत्र की इस अहम्‌-बेला में मेरा अनुरोध है कि पूरा देश इन संकेतों को गंभीरता से लेकर आत्मचिंतन कर देशहित में कुछ संकल्प लें।

# दूसरे चरण में दमदारों का परीक्षण

देवदत्त दुबे

प्रदेश की 6 लोकसभा सीटों रीवा, सतना, दमोह, खजुराहो, टीकमगढ़ और नर्मदापुरम में कल मतदान होगा जिसमें दिग्गज उम्मीदवार मैदान में है और क्षेत्र में दिग्गज नेता पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे में दमदारों की दम का परीक्षण कल ईवीएम में बंद हो जाएगा। दरअसल, प्रदेश में दूसरे चरण के तहत जिन 6 लोकसभा सीटों पर कल 26 अप्रैल को मतदान होगा उनमें दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला किया जाएगा। उनमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार, सांसद जनार्दन मिश्रा और गणेश सिंह, विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, पूर्व विधायक संजय शर्मा, राहुल लोधी, दरबार लोधी भी शामिल है जबकि तीन नए चेहरे आर .बी. प्रजापति, दर्शन सिंह एवं पंकज अहिरवार मैदान में है इनमें से कुछ क्षेत्रों में पार्टी के दिग्गज नेता विधायक और मंत्री हैं उनकी प्रतिष्ठा भी कल दांव पर रहेगी। बहरहाल, प्रदेश में प्रथम चरण के मतदान में जहां पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ, केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद हिमाद्री सिंह और विधायक विधायक मार्को के भाग्य ईवीएम में बंद हो गए। वहीं दूसरे चरण में भी प्रदेश अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री सांसद और विधायकों पूर्व विधायकों के भाग्य का जहां फैसला होना है। वहीं इन लोकसभा क्षेत्र में रहने वाले दिग्गज नेताओं की दमखम का भी परीक्षण होना है। मसलन, दमोह लोकसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री जयंत मलैया, वर्तमान मंत्री लखन सिंह पटेल एवं मंत्री धर्मेंद्र सिंह, पूर्व सांसद रामकृष्ण कुसमरिया, विधायक बृज बिहारी पटेरिया जैसे दिग्गज नेताओं का क्षेत्र माना जाता है। ऐसे में यहां भाजपा को जीत दिलाने में इन नेताओं की अहम भूमिका रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दमोह की सभा में अधिकांश नेताओं को महत्व भी दिया। यहां से 2019 में मंत्री प्रहलाद पटेल लोकसभा का चुनाव जीते थे बाद में भी नरसिंहपुर से विधानसभा का चुनाव जीतकर प्रदेश सरकार में मंत्री हो गए। सो कहा जा सकता है कि दमोह लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा है। इस कारण पार्टी को यहां बड़ी जीत की उम्मीद है लेकिन जातीय समीकरण को साधने में कांग्रेस भी रणनीति बना रही है। जहां लोधी समाज के पूर्व विधायक तरवर लोधी को टिकट दिया तो वहीं पूर्व मंत्री मुकेश नायक पूर्व मंत्री हर्ष यादव को दमोह लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया। इसी तरह नर्मदापुरम लोकसभा क्षेत्र में भाजपा ने जहां नए चेहरे के रूप में दर्शन सिंह चौधरी को मैदान उतारा। इस लोकसभा क्षेत्र में मंत्री प्रहलाद पटेल, मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीता शरण शर्मा जैसे दिग्गज नेताओं के ऊपर चुनाव जीतने की जिम्मेवारी है। वहीं कांग्रेस में पूर्व विधायक संजय शर्मा को मैदान में उतर कर मुकाबला को दिलचस्प बना दिया। छिंदवाड़ा से फुर्सत होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ में पहली सभा नर्मदापुरम लोकसभा क्षेत्र में ही रखी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस क्षेत्र के पिपरिया इलाके में सभा कर चुके हैं। टीकमगढ़ में जहां केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार आठवीं बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं वहीं उनके सामने कांग्रेस ने युवा चेहरे के रूप में पंकज अहिरवार को मैदान में उतारा है। सतना लोकसभा सीट पर जहां भाजपा ने सांसद गणेश सिंह को घर से मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को मैदान में उतारा है। जिन्होंने हाल ही में विधानसभा चुनाव में गणेश सिंह को हराया था। इसी तरह रीवा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा ने दो बार के सांसद जनार्दन मिश्रा को मौका दिया है तो कांग्रेस ने पूर्व विधायक नीलम मिश्रा को मैदान में उतारा है जो वर्तमान विधायक अभय मिश्रा की पत्नी है रीवा और सतना लोकसभा क्षेत्र पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की प्रतिष्ठा दांव पर रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### शार्ट-सर्किट से लगी भीषण आग लाखों का सामान जलकर राख

डोरीगंज । डोरीगंज थाना क्षेत्र स्थित डोरीगंज बाजार के गुप्ता जेनरल स्टोर में बीती रात शार्ट-सर्किट से लगी आग मे दुकान मे रखे लाखों का सामान जलकर राख हो गयी। घटना के संबंध मे गुप्ता जेनरल स्टोर के संजीत कुमार गुप्ता पिता कमता प्रसाद गुप्ता ने बताया कि शाम के समय जब दुकान बढ़ाकर घर चले गए तभी रात्रि 09:30 बजे बाजार के लोगों ने फोन पर सूचना दिया कि सर्ट सर्किट से आपके दुकान में आग लग गया है। सूचना पाते ही संजीत कुमार गुप्ता जब दुकान पर पहुंचे दुकान से निकल रही आग की लपटे देख उनके होस उर गए। उनके द्वारा इसकी सुचनाफायर ब्रिगेड दी को सूचना दिया। सूचना पाते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच आग बुझाने में लगा गई लेकिन अग्नि के विकराल रूप को देखते हुए छपरा तथा अन्य थानो से दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर मंगवाईगई। जिसके बाद भी आग पर काबू पाया गया।

### आधी रात को चाकू घोंप कर किया घायल

छपरा सिटी : बुधवार को आधी रात्री के समय तरैया पुलिस को सूचना मिली कि थानाक्षेत्र के मझोपुर गांव में चाकूबाजी की घटना हुई है। पुलिस ने तुरंत दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने पता लगाया कि मामला दो पड़ोसियों के बीच पुरानी रंजिश थी। जिसमें प्रेम सागर सिंह के पुत्र अभय सिंह ने अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर अपने पड़ोसी रामजी सिंह के पुत्र बिट्टू कुमार को चाकू मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया और वहां से फरार हो गया। पुलिस ने तुरंत बुरी तरह से घायल हो चुके बिट्टू कुमार को अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी स्तिथि गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुये वहां से प्रेम सागर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी बचे हुये लोगों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी करने में लग गई है। घटना से संबंधित तरैया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की कारवाई करने में जुट गई है।

### इसुआपुर में 29 लोगों पर सीसीए की कार्रवाई हेतु अनुशंसा

इसुआपुर । आसन्न लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर इसुआपुर पुलिस ने 29 लोगों पर सीसीए की कार्रवाई हेतु सारण एसपी के पास अनुशंसा भेजा है। वही 876 लोगों पर धारा 107 की कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष कमल राम ने बताया कि अब तक 575 लोगों ने जमानत करा ली है। वहीं थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। देशी-विदेशी शराब के अवैध कारोबारियों तथा असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। ताकि मतदान में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो सके। थाना क्षेत्र के पिपरहियां, पुरसौली नहर, मुड़वां, शामकौरिया बाजारों के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

### आंगनबाड़ी केंद्र से लेकर प्लस टू तक के सभी स्कूल संचालित होंगे 11:30 तक

छपरा सदर। बढ़ती हुई गर्मी के मद्दे नजर सारण जिला अधिकारी ने गुरुवार को आदेश निर्गत किए कि आंगनवाड़ी केंद्रों सहित सभी सरकारी एवं प्राइवेट विद्यालय जो 12वीं क्लास तक संचालित होते हैं उनका समय 11:30 बजे तक ही संचालित होंगे।इधर कुछ दिनों से सारण जिले में बहुत तेजी से गर्म हवाएं चल रही है जिसके चलते गर्मी बहुत बढ़ गई है तथा छोटे-छोटे बच्चे इस लू वाली हवा की चपेट में जाकर बीमार पड़ जा रहे हैं। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए सारण जिलाधिकारी अमन समीर ने पत्र जारी कर सबको निर्देशित किया गया है कि आंगनबाड़ी केंद्र सहित प्लस टू तक के जितने भी विद्यालय हैं सरकारी एवं प्राइवेट सहित सभी 30 अप्रैल तक 11:30 तक ही संचालित होंगे। इस बात के उल्लंघन करने वाले विद्यालयों को के ऊपर कानूनी कार्रवाई भी होगी।

# अवैध आर्केष्ट्राओं पर की गयी छापेमारी, 4 नाबालिग लड़कियों को किया गया रेस्क्यू और तीन संचालक गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता



रक्सौल।कुछ अर्केष्ट्राओं की संदिग्ध आसूचना पर तथा एनसीपीसीआर नई दिल्ली के निर्देशन में अवैध आर्केस्ट्राओं पर मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी बेतिया कार्यालय 47वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रक्सौल, सिकटा थाना पुलिस, बैरिया थाना पुलिस, साइबर थाना पुलिस बेतिया, मिशन मुक्ति फाउंडेशन, दिल्ली, बाल कल्याण समिति, बेतिया, रेस्क्यू एंड रिलीफ फाउंडेशन, प.बंगाल, प्रयास जुबेनाइल एड सेंटर, बेतिया, बाल चाइल्ड हेल्प लाइन, बेतिया के सहयोग में पश्चिमी चंपारण, बिहार में कई स्थानों पर सयुंक्त छापा मारी की गयी।
वैध आर्केष्ट्राओं की मनमानी को और नाबालिग लड़कियों के अधिकारों को देखते हुये, पश्चिमी चंपारण में कुछ स्थानों पर अवैध आर्केष्ट्राओं पर एक अभियान चलाया जा रहा है।
राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, एनसीपीसीआर, नयी दिल्ली, भारत के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो प्रियांक कानूनगो ऐसे अवैध आर्केष्ट्राओं के प्रति बहुत गंभीर हैं, अतः शीघ्र ही बिहार में इस विषय के सन्दर्भ में अधिक कार्यवाहीं के सन्दर्भ में विचार कर रहे हैं। एसएसबी एएचटीयू क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया कार्यालय 47 वीं वाहिनी रक्सौल के मनोज कुमार शर्मा ने सयुंक्त छापामारी के पश्चात कहा कि बिहार के आर्केष्ट्राओं का काला सच किसी से छुपा नहीं है, अर्केष्ट्राओं में अधिकतर कम उम्र की लड़कियों की मांग रहती है, नाबालिग लड़कियों को आर्केष्ट्राओं तक लाने के लिए बहुत सारे तरीके अपनाये जाते हैं, उन्हें और उनके परिवारों को एक रात डांस करने के पचास हजार एक लाख रुपए कमाने का और फिल्मी एक्टर की तरह प्रसिद्ध होने का झांसा दिया जाता है।।फिर जब नाबालिग लड़की अर्केष्ट्रा में आ जाती है तो उसके साथ ऐसा हो जाता है कि वो किसी से कह नहीं पाती और उसी नरक भरे अर्केष्ट्रा को अपना जीवन समझ लेती हैं, इन अर्केष्ट्राओं मे नाबालिग लड़कियों और बालिग के साथ जो अपराध अधिकतर पाए जाते हैं जैसे- हर वर्ष बहुत सी मासूम लड़कियों की हत्या हो जाती है, नाबालिग और बालिग लड़कियों का यौन शोषण, शारीरिक शोषण, श्रम शोषण, बिना ब्याही माँ बन जाती हैं, संचालक की रखैल बन कर रहती हैं, बहुत से कार्यक्रम में इनसे बहुत अश्लिल डांस करवाये जाते हैं, नाबालिग लड़कियों को गलत तरीके से छुआ जाता है। यदि कोई लड़की हिम्मत कर के भागने की कोशिश करती भी है तो उसको इतना मारा पिटा जाता है कि फिर कोई हिम्मत नहीं दिखा पाती। इस प्रकार के अति गम्भीर अपराधों को देख कर मिशन निर्भया जैसा अभियान ह्लसशस्त्र सीमा बल द्वारा किया जाता रहा है।
मिशन मुक्ति फाउंडेशन, दिल्ली के डाइरेक्टर वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में अधिकतर आर्केष्ट्रा अवैध रूप से संचालित होते हैं, कोई भी आर्केष्ट्रा संचालक जिलाधिकारी के पास आर्केष्ट्रा का पंजीकरण नहीं करता है, जबकि इनका रजिस्टरेशन होना चाहिए और आर्केष्ट्रा में काम करने वालो की लिस्ट और उनके डोक्युमेंटस भी देगा, आर्केष्ट्रा सिर्फ संगीत या गाने के लिए ही पंजीकरण होता है, इन आर्केष्ट्राओं में यदि लड़कियों से डांस करवाया गया तब वो अपराध माना जाएगा। अवैध आर्केष्ट्राओं में नाबालिग लड़कियों के शोषण को रोकने के लिए बिहार के प्रशासन और सिस्टम को इस सदंर्भ में बहुत गंभीरता से विचार करना ही होगा। सिकटा पुलिस थाना के प्रभारी राज रोशन ने जानकारी दी कि उनके सिकटा थाना क्षेत्र के शिकारपुर गाँव में संचालित पिंकी आर्केस्ट्रा म्यूजिकल ग्रुप से दो नाबालिग लड़कियों को आर्केस्ट्रा से मुक्त कराया गया, इसमें एक लड़की जलपाईगुड़ी रहने वाली थी और दूसरी दिल्ली की रहने वाली थी और एक आर्केस्ट्रा मालिक को गिरफ्तार किया गया। बैरिया पुलिस थाना के प्रभारी ने जानकारी दी कि मलाही चौक के निकट में संचालित बरसा आर्केस्ट्रा से दो बंगाल की रहने वाली नाबालिग लड़कियों को आर्केस्ट्रा से मुक्त कराया गया और दो आर्केस्ट्रा व्यक्तियों को सम्पर्क में लिया गया। इस सफल रेस्क्यू टीम में इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा, उप सहायक निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, हवलदार अरविंद द्विवेदी, कांस्टेबल पम्मी मिश्रा, प्रभारी राज रोशन, सिकटा थाना पुलिस, प्रभारी मुकेश कुमार, बैरिया थाना पुलिस, इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार, साइबर थाना बेतिया, डाइरेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह मिशन मुक्ति फाउंडेशन, दिल्ली व दिलीप कुमार, चितरंजन गिरी, बाल कल्याण समिति, बेतिया, अक्षय पांडे रेस्क्यू फाउंडेशन, दिल्ली प्रयास जुबेनाइल एड सेंटर, बेतिया से पवन कुमार, अमित कुमार, अनुप्रिया विलियम, आलोक कुमार, बाल चाइल्ड हेल्प लाइन, बेतिया आदि मौजूद रहे।

## 1857 के स्वाधीनता संग्राम के जननायक थे बाबू वीर कुंवर सिंह : प्रो. सुधीर कुमार सिंह




प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। 23 अप्रैल का विजयोत्सव बाबू वीर कुंवर सिंह के शौर्य, वीरता और बलिदान की गवाही पूरे भारत को देता है ' बाबू वीर कुंवर सिंह 1857 के स्वाधीनता संग्राम के जननायक थे जिन्होंने जन समर्थन से ब्रिटिश सरकार की नीव हिला दी ' यह बात जयप्रकाश विश्वविद्यालय इतिहास विभाग में विजय उत्सव पर विचार गोष्ठी में इतिहास विभाग के प्रोफेसर सुधीर कुमार सिंह ने कही है 23 अप्रैल 1858 भारतीय इतिहास इतिहास का वह स्वर्णिम विजय उत्सव दिवस है जिसमें याद कर आज कीयुवा पीढ़ी जोश से भर उठती है अपना सर्वोच्च बलिदान कर अपना ध्वस्त किया हुआ जगदीशपुर महल पुनः विजय पताका फैलाकर उसमें अंतिम सांस लेना अदाम्य साहस एवं संघर्ष का परिचायक है ' प्रोफेसर सैयद राजा ने कहा कि अंग्रेजों से लड़ने वाले वीर कुंवर सिंह का हिंदू मुस्लिम एकता में अखंड विश्वास था ' वीर कुंवर सिंह के अभियान की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आरा को आजाद कराने के बाद उन्होंने एक मुसलमान को मजिस्ट्रेट और दूसरे को राजस्व संग्राहक के रूप में नियुक्त किया ' असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर अभय कुमार सिंह ने विषय प्रवर्तन किया ' प्रोफेसर राजेश कुमार नायक ने वीर कुंवर सिंह के शौर्य और एवं बलिदान से प्रेरणा की बात कही तथा शोध कार्य के द्वारा नये तथ्यों को लाने की बात कही ' डॉ रितेश्वर नाथ तिवारी ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला ' धन्यवाद ज्ञापन शोध छात्र रजनीकांत ने किया ' इस अवसर पर शोधार्थी हिमांशु कुमार सिंह, आदर्श कुमार सोनी, शुभ लक्ष्मी, आरती, यशी सिंह, जूली आदि कई छात्र मौजूद थे '

## विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली जागरूकता रैली

**स्कूल के बच्चों, जीविका दीदियो, आमजनों को दिए गए स्वच्छता का संदेश**



- रात्रि में मछड़दानी का प्रयोग आवश्यक - डॉ हरेंद्र कुमार
- सभी पीएचसी में मलेरिया की जांच व इलाज की सुविधाएं उपलब्ध है

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम )।विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के बेतिया, मझौलिया, समेत कई स्वास्थ्य केन्द्रों पर आशा कार्यकत्ताओं व स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा बैनर के साथ नारा लगाते हुए जागरूकता रैली निकाली गई। वहीं शिक्षा विभाग, पीसीआई संस्था के सहयोग से स्कूल के बच्चों को मलेरिया से बचाव हेतु जागरूक किया गया साथ ही शपथ दिलायी गयी है कि वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ और आस-पास के लोगों को भी इस बिमारी से बचाव हेतु लोगों को जागरूक करें और मलेरिया के लक्षण दिखाई देने पे तुंरत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाके दिखाएं। जीविका के बैरिया ब्लॉक के बीपीएम पंकज कुमार और लौरिया ब्लॉक के बीपीएम ललन कुमार के सहयोग से जीविका दीदियों को मलेरिया से बचाव हेतु जागरूक किया गया। पीसीआई के डीसी बिपिन कुमार, भीबीडीएस अरुण कुमार एवं सुजीत कुमार ने बताया कि कम्युनिटी में लोगों को मलेरिया के लक्षण व उससे बचाव हेतु लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में संजय कुमार द्विवेदी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रात्रि में मछड़दानी का प्रयोग आवश्यकः विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले के डीभीबीडीसीओ डॉ हरेंद्र कुमार ने बताया कि मलेरिया भी एक जानलेवा बीमारी है। यह मादा एनोफिलिज मच्छर के काटने से होता है। इसमें तेज बुखार, थकान, सिर दर्द, पेट में दर्द, चक्कर आना, बेहोशी आना, एनीमिया, मांसपेशियों के दर्द, उल्टियां होने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी पीएचसी में मलेरिया की जांच व इलाज की सुविधाएं उपलब्ध है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। भीबीडीएस सुजीत कुमार, अरुण कुमार ने बताया कि घरों, खुले स्थानों इत्यादि के आसपास गंदगी होने के कारण वहां मच्छर पनपते हैं। इसके बाद वह इंसानों को काटकर उन्हें मलेरिया से संक्रमित कर देते हैं। इसलिए मलेरिया से बचाव के लिए आवश्यक है कि अपने घर के पास साफ सफाई रखें व मच्छर पनपने वाले स्त्रोतों को नष्ट करें। मच्छरदानी और मच्छररोधी क्रीम का इस्तेमाल करें व पूरी बांह के कपड़े पहनें।

## यदुरामपुर में हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली कलशयात्रा



प्रात : किरण, संवाददाता

परसा यदुरामपुर गाव में हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों के सहयोग से 24 घन्टे का अखण्ड अष्टायाम का आयोजन किया गया।आचार्य उदय दुबे,मंजय सिंह,सोनू सिंह पटेल के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कलशयात्रा के दौरान निकाली गई शोभायात्रा में दर्जनों डीजे,बैंड के साथ बजरंगबली की मूर्ति का परिभ्रमण कराया गया। कलशयात्रा पवित्र यज्ञ स्थल से यदुरामपुर,धर्मचक होते हुए हरना शिवमन्दिर परिसर पहुची।जहाँ आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जलभरी कराई । पुनः संगम चौक ,पच्छियारी यदुरामपुर होते पवित्र यज्ञ स्थल पहुची।

जहाँ अखण्ड अष्टायम शुरू होते ही पूरा माहौल भक्तिमय सा हो गया।कलश यात्रा में ओसिहर सिंह,पप्पू सिंह,अजय सिंह,लाल साहेब सिंह,बीडीसी मुकेश सिंह,संजय सिंह,लालबाबू सिंह,सत्यनारायण साह,मनीषा देवी,खुशी कुमारी, लक्ष्मी देवी,काजल देवी,रेखा देवी,नीतू देवी,किरण देवी,सोनम कुमारी सहित सैकड़ो पुरुष महिला युवतियां भक्त गण लाल पीले वस्त्र में शामिल थे।

## चांदपुरा के खपरैलनुमा घर में आग लगने से जलकर हुआ राख



प्रात : किरण, संवाददाता

परसा ।प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांदपुरा हिंदी के समीप अचानक एक खपरैलनुमा दलान में आग लगने से हजारों रुपए की संपति जलकर नष्ट हो गया।सूचना पर दरियापुर व भेलदी थाने से अग्निशमन दल की टीम पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।पीड़ित चांदपुरा निवासी गणेश ठाकुर ने बताया कि आगलगी की घटना में खपरैलनुमा दालान में रखे आठ पैकेट गेहूं,कपड़ा,पैंपिंगसेट मशीन आदि जलकर नष्ट हो गए ।स्थानीय लोगो का मानना था कि आग को समय रहते नही काबू पाया जाता तो बड़ी विकराल रूप ले लेती लेकिन अग्निशमन दल की दो दो टीम ससमय पहुंचकर बड़ी घटना से बचा लिया।वही घटना की सूचना पर सीआई अंचल कर्मचारी ने घटना की जांच पड़ताल कर आपदा के तहत मुवाबजा हेतु रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

## सारण लोकसभा को ले शुक्रवार से नामांकन की प्रक्रिया का होगा शुभारंभ

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। सारण लोकसभा चुनाव को लेकर 26 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी, जो 3 मई तक चलेगा। जबकि महाराजगंज लोकसभा के लिए 29 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी, आगामी 6 मई तक नामांकन की प्रक्रिया चलेगी। जिला प्रशासन द्वारा महाराजगंज एवं सारण लोकसभा सीट के लिए नामांकन को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार से सारण लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन की शुरूआत होगी, नामांकन के लिए अपर समाहर्ता कार्यालय बनाया गया है, जहां प्रत्याशी एडीएम के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। आगामी 3 मई तक नामांकन चलेगा। जिसमें तीन दिन क्रमशः 27, 28 अप्रैल एवं एक मई अवकाश रहेगा, जिस कारण नामांकन की प्रक्रिया नहीं होगी। वहीं महाराजगंज लोकसभा की बात की जाए तो आगामी 29 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया का शुभारंभ होगा, जिलाधिकारी कार्यालय में डीएम के समक्ष प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। आगामी 6 मई तक नामांकन पत्र दाखिल होगा। 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी,तथा 9 मई को नामांकन वापस लेने की तिथि निर्धारित है। दोनों लोकसभा के लिए प्रशासनिक तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। सारण लोकसभा के लिए अपर समाहर्ता कार्यालय को पूरी तरह बार्केटिंग कर दिया गया है। जबकि ट्रैफिक व्यवस्था के लिए भी थाना चौक के पास टेंट की व्यवस्था की गई है, जिससे नामांकन पत्र में आने वालों के लिए जिला प्रशासन द्वारा विधि व्यवस्था संचालन किया जाएगा। सारण लोकसभा चुनाव को लेकर जिलाधिकारी द्वारा शुक्रवार को 10:00 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया गया है।

## एन एच पर अज्ञात वाहन नें साईकिल सवार को कुचला और आजाद मियां की हुई मौत

प्रात : किरण, संवाददाता



रक्सौल ।रामगढ़वा थाना क्षेत्र के कस्बा टोला के समीप एनएच पर एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत हो गई। और इस घटना के बाद वह उक्त अज्ञात वाहन का चालक वाहन के साथ फरार हो गया। इस घटना में साइकिल सवार आजाद मियां की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक की पहचान रामगढ़वा के दुबे टोला सतपीपरा निवासी मंजूर मियां के पुत्र के रूप में की गई है। यह बीरगंज मजदूरी करने गया हुआ था और वापस साइकिल से अपने घर लौट रहा था। घटना बुधवार की रात्रि लगभग 9 बजे की बताई जाती है। बताया जाता है कि यह साइकिल से वापस लौट रहा था। तभी पीछे से आ रही वाहन नें कुचल दिया।यह सड़क पर ही काफी देर तक पड़ा रहा और खून का रिसाव इतना हो गया कि उसकी वही मौत हो गई। किसी के द्वारा पुलिस को सूचित किया गया तब पुलिस घटना स्थल पर जाकर उसके शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा। बता दें कि यह बीरगंज में मजदूरी का काम करता था। और साइकिल से ही आता और जाता था। इसको तीन पुत्रियां व दो पुत्र हैं.सभी नाबालिग हैं।इसके घर की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है।पोस्टमार्टम के बाद जब इसका शव घर पहुंचा तो लोगों में चिख पुकार मच गई।अब इसके परिवार के सामने दुख का पहाड़ टूट पड़ा है।

## शारदा क्लासेज के शुभोमोय डे ने जेईई मेन-2 में लाया 99.82 परसेंटाइल

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। शारदा क्लासेज के छात्र शुभोमोय डे ने जेईई मेन - 2 में 99.82 परसेंटाइल पाया है। भौतिकी में उसने 100 परसेंटाइल, गणित में 99.59 परसेंटाइल तथा रसायन शास्त्र में 99.51 परसेंटाइल पाया है। शुभोमोय कक्षा 9 से ही शारदा क्लासेज का छात्र रहे हैं और कोरोना काल में भी वीडियो के माध्यम से पढाई करते रहे हैं । शुभोमोय के बड़े भाई देबोमोय भी शारदा क्लासेज का पूर्णकालिक छात्र रहे हैं और उन्होने आई आई टी दिल्ली बी टेक की पढाई पूरी कर ली है। शुभोमोय ने बताया की बचपन में बड़े भाई को देर रात तक जग कर मेहनत करते देखना उसके लिए प्रेरणा दायक रहा है और बड़े भाई के नक़्शे कदम पे चलने का मन उसी समय से बना लिया था। दोनों भाई दर्शन नगर के श्री देबाशीष डे और श्रीमती मौसमी डे के पुत्र हैं। विदित हो कि शारदा क्लासेस छपरा के संचालक दो भाई सिद्धार्थ कुमार और वसुमित्र सिंह भी आई आई टी की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं और उन लोगों ने बड़े शहरों की बड़ी नौकरियां छोड़कर छपरा शहर में शारदा क्लासेस को स्थापित किया। वसुमित्र सिंह ने बताया कि शुभोमोय का अच्छा करना अपने लक्ष्य की ओर पूर्ण समर्पण का परिणाम है। उन्होंने मई महीने में होने वाले एडवांस की परीक्षा में और बेहतर करने का भरोसा भी जताया। वसुमित्र सिंह ने कहा कि हम लोगों ने छोटे शहर के अल्प साधन युक्त छात्रों और अभिभावकों के बड़े सपनों को पूरा करने के लक्ष्य को लेकर छपरा में काम करने का निर्णय लिया था। यह परिणाम फिर से साबित करता है कि आई आई टी की परीक्षा में सफलता के लिए दिल्ली और कोटा जाना जरूरी नहीं है। प्रतिभावान बच्चे इस शहर में रह कर भी देश के सर्वोच्च संस्थानों में हर साल प्रवेश पा रहे हैं।

## मशरक में अग्निकांड पीड़ित के बीच रेडक्रॉस से उपलब्ध राहत सामग्री का वितरण प्रखंड प्रशासन ने किया

प्रात : किरण, संवाददाता

मशरक। मशरक प्रखंड के अलग अलग गांव में पिछले सप्ताह हुए भीषण अग्निकांड से तबाह हुए 31 परिवार के बीच राहत सामग्री का वितरण रेडक्रॉस सोसायटी छपरा की सचिव जीनत मसीह के सहयोग से किया गया। अग्निकांड पीड़ित परिवार में 8 परिवार अरना छपिया के महादलित बस्ती जबकि अन्य मदारपुर के पीड़ित परिवार शामिल थे । गुरुवार को रेडक्रॉस सोसाइटी से प्राप्त राहत सामग्री में पॉलिथिन तिरपाल एवम सम्पूर्ण किचेन सेट का वितरण मशरक बीडीओ पंकज कुमार एवम सीओ सुमंत कुमार ने किया। मौके पर रेडक्रॉस के सदस्य प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह , शिक्षक नेता संतोष कुमार सिंह , पंकज कुमार सिंह अंकल कर्मी अविनाश कुमार, योगेंद्र राय, विजय मांझी, अभय पांडेय सहित अन्य थे। कड़ी धूप और हिट वेव के बीच खुले आसमान के नीचे जीवन बसर कर रहे कई परिवार राहत सामग्री मिलने से काफी खुश हो रेडक्रॉस एवम प्रशासन के प्रति आभार जताया। राहत सामग्री प्राप्त करने वाले परिवार में सविता देवी , मुन्ना राउत, तेतर देवी, सोहैल देवी , रीता देवी , सोनू राउत, रिंकू देवी , रामावती देवी, गंगी देवी , विद्यावती देवी, शत्रुघ्न महतो, भरत महतो, लक्ष्मण महतो, गौरव महतो, प्रेमचंद महतो, भभीखन महतो, बहरन महतो , बीरेंद्र महतो, धर्मेंद्र महतो , योगेंद्र महतो, लालबाबू शर्मा , सुनील महतो, विश्वकर्मा शर्मा, शिवतहल शर्मा , लालदास महतो, योगेंद्र शर्मा, अजय महतो, मेहीलाल , हकीम, उमरावती देवी , इस्लाम मंसूरी सहित अन्य थे। इधर मशरक अंचल कार्यालय द्वारा खाद्य सामग्री का वितरण इन परिवार के बीच किया गया। जानकारी हो कि आगलगी में कई सभी का घर एवम उसमें रखे कीमती सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गए थे। कई लोग झुलस गए ,मवेशी सहित लाखो की संपति का नुकसान हुआ था। अग्निपिडित परिवार का सर्वे स्थानीय प्रशासन के सहयोग से कराकर रेडक्रॉस सोसाइटी ने आपदा में सहयोग प्रदान किया।

# हीटवेब और बारिश को ध्यान में रखते हुए बज्रगृह और मतगणना केंद्र की करें तैयारीः डीएम

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिला पदाधिकारी अमन समीर ने लोक सभा आम निर्वाचन के निमित गुरुवार को बाजार समिति में निमार्णाधीन बज्रगृह, मतगणना केंद्र और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक भवन का निरीक्षण करते हुए उसमें ऑब्जर्वर कक्ष, आरओ कक्ष और मुख्य रिजल्ट संधारण के लिए कंप्यूटर कक्ष को चिन्हित किया। उन्होंने भवन में सभी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्बाध बिजली की आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान विधानसभा वार निर्मित बज्रगृह का निरीक्षण करते हुए उनके रिसेप्शन काउंटर का स्थान और काऊंटिंग हॉल का अवलोकन किया। उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम में सीलन नहीं होने के लिए उपचारात्मक उपाय करने को कहा। सभी निर्माण और तैयारी को हीटवेब और बारिश को ध्यान में रख कर करने की हिदायत देते हुए सभी निचले स्थल की विधिवत भराई करने को कहा ताकि जल जमाव की समस्या न होने पाए। डीएम श्री समीर ने रिसीविंग और काउंटिंग के लिए पृथक बैरिकेडिंग करने और सूचनात्मक साइनेज लगाने की हिदायत दी। उन्होंने सीएपीएफ के ठहरने के स्थल, मीडिया सेंटर के लिए चिन्हित स्थल, पे ऐंड यूज फूड जोन, हेल्प डेस्क बनाने की हिदायत दी। साथ ही वाहन पार्किंग स्थल, ट्रैफिक प्लान बनाने, कमिशनिंग के बाद डिस्पैच सेंटर से लौटने वाले इवीएम के खाली ट्रंक को भंडारित करने के लिए गोडाउन को चिन्हित कर आवश्यक तैयारी करने को कहा। कैंपस में पर्याप्त मात्रा में नए शौचालय निर्माण और पानी के लिए बोरिंग करने के साथ ही पहले से मौजूद सुलभ शौचालय को ठीक कर उपयोगी बनाने का निदेश दिया। बाजार समिति कैंपस की नियमित सफाई करने के साथ ही सीसीटीवी के मानीटरिंग स्थल, राजनैतिक दलों के निरीक्षण और ठहरने के स्थल को चिन्हित करते हुए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया। उन्होंने स्पॉट डायरेक्शन साइनेज लगाने के साथ ही डूज एंड डांट्स की फ्लैक्सी, रिसीविंग के समय कर्मियों की मदद के लिए काउंटर के समीप चेक लिस्ट का बोर्ड आदि लगाने को कहा। डीएम श्री समीर ने सभी तैयारियों को समय सीमा के अंदर पूर्ण कर लिए जाने की सख्त हिदायत दी। इस अवसर पर नगर आयुक्त सुमित कुमार, एडीएम शंभू शरण पांडेय, एसडीएम संजय कुमार राय, उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल, डीएमडब्लुओ रवि प्रकाश, डीसीओ हरिशंकर कुमार, भवन निर्माण के अधीक्षण अभियंता मिथिलेश कुमार, ओएसडी मनीष कुमार, डीटीओ राजीव रंजन सिन्हा, पीएचईडी अभियंता निखिल कुमार, एटीओ सुमन कुमार, विद्युत विभाग के अभियंता, एसपीई सुशील कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## आग से घर जलकर खाक, तीन की मौत

प्रात : किरण, संवाददाता



ढाका (पुर्वी चम्पारण)- -कुंडवा चैनपुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत जटवलिया पंचायत के गोरगांवा गांव में गुरुवार को करीब 12 बजे दिन में भयंकर आग लग गई। इस घटना में एक ही परिवार के तीन बच्चो की झुलसने से मौत हो गई। तीनो मृतक शंभु राम के पुत्र है। तेज हवा के कारण आग इस कदर फैली की देखते ही देखते 40 से अधिक घर को आगोश में ले लिया। घटना के बाद पूरे गांव में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकड़ पुलिस पहुंची फायर बिग्रेड की पांच गाड़ी आग को काबू किया। बता दे की सैकड़ों ग्रामीण आग बुझाने में पसीना बहाए तब जाकर आग पर काबू पाया गया। मौके पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार राय ढाका सीओ, डीएसपी मौजूद थे। लाखो की संपति का हुआ है नुकसान। इस अगलगी की घटना में चालीस से अधिक घर जल गया। जबकि डेढ़ दर्जन मवेशी की भी झुलसने से मौत हो गई। जटवलीया पंचायत के सरपंच एकरामुल हक ने बताया की दो बाइक, साइकिल, सहित लाखो के कपड़े और अनाज जल गया। सभी पीड़ित परिवार किसानी करके अपना भरण पोषण करते है। इधर घटना स्थल पर पहुंची सिकरहना एसडीओ ने बताया की मृतक के परिजन को मुआवजा दी जाएगी। साथ ही जिनके घर जले है उन्हे भी मदद की जाएगी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### अर्द्धसैनिक बलों के आवासन हेतु स्थल का किया निरीक्षण



पानापुर(सारण)। बीडीओ राकेश रौशन एवं थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने गुरुवार को आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अर्द्धसैनिक बलों के ठहराव केंद्र के चयन हेतु विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया .बीडीओ एवं थानाध्यक्ष ने इन विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल ,शौचालय ,विद्युत एवं यातायात की सुगमता का जायजा लिया .बीडीओ ने बताया कि सर्वप्रथम प्रखंड के सभी पंचायतों में स्थित माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया गया .उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यालयों को आवासन केंद्र बनाया जाएगा जहां बड़े वाहनों के आवागमन की सुविधा हो एवं पूरे थाना क्षेत्र की सतत निगरानी हो सके .उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को स्वच्छ ,भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन प्रतिबद्ध है।

### अंग्रेजी शराब एवं नशीले पदार्थ के साथ चार गिरफ्तार

पानापुर(सारण)। बुधवार की रात स्थानीय थाने की पुलिस ने फकुली गांव में छापेमारी कर अंग्रेजी शराब एवं नशीले पदार्थ के साथ पिता पुत्र सहित तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया ।बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली कि फकुली गांव में सिंह सर्विस सेंटर नाम से चल रहे गैराज में शराब एवं मादक पदार्थों की बिक्री की जा रही है ।सूचना के बाद एएसआई उपेंद्र प्रसाद यादव के नेतृत्व में स्थानीय थाने की पुलिस ने रात साढ़े आठ बजे छापेमारी की ।छापेमारी के दौरान पुलिस ने 750 एमएल के 4 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 428 ग्राम कोकीन जैसा मादक पदार्थ जब्त किया ।वही पुलिस ने मौके से गैराज संचालक जीतेंद्र सिंह एवं उसके पुत्र अनुज कुमार सिंह तथा आकाश सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।वही पुलिस ने बिजौली गांव में छापेमारी कर 15 पीस फ्रूटी पैक अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज रणविजय साह को भी गिरफ्तार कर लिया ।थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि गिरफ्तार चारो धंधेबाजों को न्यायालय भेज दिया गया ।

### हर्ष कुमार ने हसपुरा गांव का नाम किया रोशन



गया ।गांव पथरौल जिला औरंगाबाद ब्लॉक हसपुरा के रहने वाले मोहन भैया का बेटा हर्ष कुमार ने आईएस बनकर अपने परिवार समाज गांव ब्लॉक जिला का नाम रोशन करने पर सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ उस लड़के का हॉबी क्रिकेट उसकेलिए भी एक बैट देकर सम्मानित किया गया है।

### दो अज्ञात शवो का कराया गया अंतिम संस्कार

आरा। शहर के करमन टोला रोड स्थित लावारिस सेवा केंद्र द्वारा गुरुवार को दो अज्ञात पुरुष के शव का अंतिम संस्कार गांगी नदी स्थित मुक्तिधाम पर कराया गया। संस्था द्वारा बताया गया कि एक शव आरा नगर तथा दूसरा शव रेल थाना से प्राप्त हुआ था। पोस्टमार्टम के बाद दोनो शव को पहचान हेतू 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया था। शवों की पहचान नही होने पर पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए लावारिस सेवा केंद्र को सौंप दिया गया। इसके बाद लावारिस सेवा केंद्र ने आज दोनो शवों का दाह संस्कार करवाया। अंतिम संस्कार कराने वालो में अध्यक्ष लालदास राय, संस्थापक डीएन सिंह, रामेश्वर तिवारी, रविशंकर मिश्रा, सवार्नंद तिवारी, जितेंद्र कुमार, मकलू राम आदि की सक्रिय भूमिका रही।

### अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए खुला छात्रावास

अरवल। जिला अन्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्रों हेतु जननायक कपूरी ठाकुर छात्रावास, जिनपुरा, अरवल (पुलिस लाईन के सामने) में संचालित है, जिसकी आवासन क्षमता 100 (एक सौ) है। छात्रावास में रहने वाले अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्रों को रू0 1000/- प्रतिमाह की दर से छात्रावास अनुदान दिया जाएगा एवं प्रतिमाह 15 किलोग्राम खाद्यान (09 किलोग्राम चावल एवं 06 किलोग्राम गेहूँ) की आपूर्ति की जाएगी तथा समस्त आवासीय सुविधा निःशुल्क दी जाएगी। इस परिप्रेक्ष्य में अरवल जिला में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं में पोस्ट मैट्रिक कक्षाओं में अध्ययनरत पिछडा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों से उक्त छात्रावास में वर्तमान में 43 रिक्त आवासन के विरुद्ध नामांकन हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

# मानसिक आरोग्यशाला से पटना के बीच क्या शुरू हो पायेगी सीधी बस सेवा?

**मरीजों को मानसिक आरोग्यशाला आने में हो रही परेशानी**

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। बिहार का इकलौता बिहार राज्य मानसिक स्वास्थ्य एवं सहबद्ध विज्ञान संस्थान (विमहास) कोईलवर आने के लिए मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में मरीज व उनके परिजन 2-3 गाड़ियां बदलकर मानसिक आरोग्यशाला पहुँच रहे हैं। भोजपुर जिला मुख्यालय से 17 और राजधानी पटना से लगभग 42 किलोमीटर दूर अवस्थित बिहार का इकलौता मानसिक आरोग्यशाला पहुँचने के लिए कोई सीधी बस सेवा नहीं होने से मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीज और उनके परिजन ट्रेन या बस से उतरकर कई कठिनाईयों का सामना करते हुए अस्पताल पहुँचते है। जिससे मानसिक रोगी के परिजनों को अस्पताल लाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। उससे भी ज्यादा दिक्कत मरीज को लाने ले जाने में होती है क्योंकि कोईलवर स्टेशन पर सिर्फ पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव है। ट्रेन के छूट जाने पर मरीज को लेकर परिजनों को स्टेशन पर रात गुजारनी पड़ती है ।मोकामा,मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, जमुई से मानसिक रोगी मानसिक आरोग्यशाला कोईलवर पहुँच इलाज करवाते हैं। मानसिक रोगी के परिजनों ने बताया कि मरीज को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से पटना तक तो आसानी से पहुँच जाते हैं, लेकिन कोईलवर मानसिक अस्पताल तक मरीज को लेकर आने में तीन से चार चार वाहन बदलने पड़ते है। वही कुछ परिजनों ने कहा कि वाहन बदलने की झंझट के कारण मजबूरी में छोटा वाहन की बुकिंग कर अस्पताल आते है। इससे अधिक पैसे खर्च करने पड़ते है। वहीं पटना से आये मरीजों ने बताया कि पटना नगरीय सेवा बस से बिहटा पहुंचते है, जिसके बाद वाहन रिजर्व कर कोईलवर मानसिक अस्पताल आते है।

**क्या कहते हैं स्थानीय:** इधर जिला और राजधानी पटना से सूबे के इकलौते मानसिक अस्पताल विमहास के लिए बस सेवा नहीं होने को लेकर बीजेपी के मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सांसद महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया है। राकेश शर्मा ने बताया कि मानसिक रोगी और परिजनों की परेशानी को देखते हुए आरोग्यशाला परिसर तक राजधानी और जिला से सरकारी बस सेवा बहाल करने की मांग की है।

**क्या कहते हैं मानसिक आरोग्यशाला के निदेशक:** वही जब इस सम्बंध में मानसिक आरोग्यशाला के निदेशक जयेश रंजन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस सम्बंध में संबंधित विभाग से बात की जायेगी। पटना से जो सरकारी बस बिहटा तक चलती है अगर उसे कोइलवर तक विस्तारित कर दिया जायेगा तो मरीजों और मरीजों के परिजनों को काफी सहूलियत होगी क्योंकि हमारे यहां बिहार के कोने कोने से मरीज इलाज के लिए कोइलवर स्थित मानसिक आरोग्यशाला पहुँचते हैं।

## विभिन्न ब्रांड की ट्रक पर लदी लाखों रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। आरा-बक्सर फोरलेन पर गजराजगंज थाना क्षेत्र के वामपाली के नजदीक पुलिस ने बुधवार सुबह एक ट्रक से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। मौके से वैशाली निवासी एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। वह मलिकपुर गांवनिवासी विकास कुमार है। हालांकि दूसरा भागने में सफल रहा। शराब की खेप यूपी से भोजपुर से फोरलेन के रास्ते छपरा ले जाने की बात सामने आ रही है। जब्त शराब की कीमत लाखों में आंकी जा रही है।

एएसपी परिचय कुमार की ओर से प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बुधवार की सुबह करीब पांच बजे सूचना मिली कि यूपी से ट्रक से लदी शराब की बड़ी खेप हाइवे 922 से गजराजगंज ओपी के रास्ते लायी जा रही है। उस आधार पर शराब की बरामदगी और तस्करों की गिरफ्तारी को प्रशिक्षु डीएसपी सह ओपी इंचार्ज रश्मि कुमारी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम में शामिल इंचार्ज हरि प्रसाद शर्मा, दारोगा राजा राम प्रसाद, कन्हैया कुमार और शैलेश कुमार पांडेय द्वारा पुलिस बल के साथ वामपली के पास वाहन चेकिंग शुरू की गयी। तब पुलिस को देख लो लोग ट्रक से उतरकर भागने लगे।

हालांकि पुलिस द्वारा खदेड़ कर एक को पकड़ लिया गया। बाद में तलाशी के दौरान ट्रक से विभिन्न ब्रांड की 8568 बोतल (1998 लीटर) शराब बरामद की गयी। गिरफ्तार तस्कर का मोबाइल भी जब्त कर लिया गया। पूछताछ में तस्कर ने यूपी से शराब की खेप लाये जाने की बात स्वीकार की है। उसकी निशानदेही पर फरार तस्कर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पूरे गिरोह का पता लगाया जा रहा है। टीम में सिपाही अशोक कुमार, अनमोल कुमार और रौशन कुमार शामिल थे।

## हथियारबंद अपराधियों में हिंदू जागरण मंच के जिला संपर्क प्रमुख को मारी गोली

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। गजराजगंज थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाका बैजू नगर के पास हथियारबंद अपराधियों में हिंदू जागरण मंच के जिला संपर्क प्रमुख को गोली मार दी। इस घटना में युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया है, जहां से बेहतर इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

वहीं, युवक को गोली बाएं हाथ में लगी है। दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस जख्मी से पूछताछ कर कार्रवाई में जुट गई है। जख्मी युवक नवादा थाना क्षेत्र के न्यू पुलिस लाइन स्थित राम प्रवेश पाण्डेय के 24 वर्षीय पुत्र पवन सत्यार्थी है। घटना को लेकर पवन ने बताया कि कुछ दिन पूर्व चंदवा स्थित चाय दुकान पर एक स्टाफ से किसी दूसरे का विवाद हुआ था, जिसमें वे बीच बचाव करने के लिए गए थे। उसके बाद एक और युवक के साथ रामनवमी के दिन भी विवाद हो गया था। उसी दिन से पवन स्त्यार्थी को जान से मारने की धमकी युवक द्वारा दी जा रही थी। तभी आज बुधवार को शादी समारोह में जाने के दौरान बाइक से पीछा कर बाइक को रुकवाकर गोली मार दी। पवन ने बताया कि शादी में जिले के पीरो गांव के तरफ जाना था, जिसे लेकर वो अपने मित्र अभिषेक के यहां जगजीवन हॉल्ट (बैजू नगर) गए थे, उसके बाद वो अपने मित्र से बात कर लौट रहे थे कि तभी लौटने के दौरान दो बाइक पर चार युवक पहुंचे और गालीगलौज के बाद मोबाइल छीनकर गोली मार दी। इस घटना में पवन ने बताया कि पिछले एक सप्ताह के अंदर दो लोगों ने गोली मारने की धमकी दी थी। अब मुझे उन्हीं दोनों लोगों पर शक है।

युवक के साथ रामनवमी के दिन भी विवाद हो गया था। उसी दिन से पवन स्त्यार्थी को जान से मारने की धमकी युवक द्वारा दी जा रही थी। तभी आज बुधवार को शादी समारोह में जाने के दौरान बाइक से पीछा कर बाइक को रुकवाकर गोली मार दी।

पवन ने बताया कि शादी में जिले के पीरो गांव के तरफ जाना था, जिसे लेकर वो अपने मित्र अभिषेक के यहां जगजीवन हॉल्ट (बैजू नगर) गए थे, उसके बाद वो अपने मित्र से बात कर लौट रहे थे कि तभी लौटने के दौरान दो बाइक पर चार युवक पहुंचे और गालीगलौज के बाद मोबाइल छीनकर गोली मार दी। इस घटना में पवन ने बताया कि पिछले एक सप्ताह के अंदर दो लोगों ने गोली मारने की धमकी दी थी। अब मुझे उन्हीं दोनों लोगों पर शक है। हालांकि पवन ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद भोजपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

## औचक निरीक्षण में पायी गयी अनियमितताएं

औरंगाबाद। किशोर न्यायालय के प्रधान दंडाधिकारी सुशील प्रसाद सिंह ने अनियमितताएं के गुप्त सूचना के आधार पर प्लेस ऑफ सेफ्टी बभंडी औरंगाबाद का औचक निरीक्षण अपने टीम के साथ किया। किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद के पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में बहुत सारे खामियां पाई गई है। मेन्यु के अनुसार भोजन नहीं, भोजन तीन टाईम नहीं, जांच के दिन भी बीस किशोर को भोजन नहीं मिल पाया, पर्याप्त कपड़ा नहीं,कुछ कर्मी अनुपस्थिति पाए गए, डॉ भी अनुपस्थिति थे। फ्रिज भी गायब थी। साफ सफाई बच्चों द्वारा कराने की शिकायत मिली है। कई कारणों से बच्चों ने कुछ दिन पहले हड़ताल भी किया था। अंत में बच्चों ने लिखित शिकायत किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी औरंगाबाद को दिया है। इस अवसर पर किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के सदस्य प्रवीण कुमार और डॉ गुलाब देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्री सीमेंट प्लांट के प्रदूषण के खिलाफ पथ प्रदर्शक ने शुरू किया अभियान

**प्रदूषण के कारण बीमारी से ग्रसित लोगों का शुरू किया गया सर्वे: बमेंद्र**

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। औरंगाबाद शहर के नजदीक जसोइया में स्थित बियाडा क्षेत्र में श्री सीमेंट प्लांट की इकाई बिहार सीमेंट प्लांट पिछले कई वर्षो से चल रहा है ।प्रदूषण मुक्त प्लांट के नाम पर श्री सीमेंट प्लांट को स्थापित किया गया था, परन्तु अब यह फैक्ट्री आस पास के गांव एवम शहरी क्षेत्र के लिए अभिशाप साबित हो रहा है ।प्लांट द्वारा छोड़े जा रहे धूल और धुंआ से स्थानीय लोगों का जीना मुहाल हो गया है ।प्लांट द्वारा जल दोहन के कारण जल स्तर काफी नीचे चला गया है ।आस पास की जमीनें बंजर होती जा रही हैं और आवासीय भूखंड भी प्रदूषण के कारण खाली पड़ा हुआ है ।जनता द्वारा जिला प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों तक प्रदूषण से मुक्ति की गुहार लगाई गई पर नतीजा कुछ नहीं निकला ।औरंगाबाद की चर्चित एक स्वयं सेवी संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा पिछले तीन चार सालों से प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रयास तो किया गया परंतु प्लांट की मनमानी के कारण परिणाम शून्य रहा।

श्री सीमेंट प्लांट के प्रदूषण का असर अब इस कदर लोगों को प्रभावित कर रहा है कि वे बीमारी की चपेट में आने लगे हैं ।फिर से संस्था पथ प्रदर्शक ने प्रदूषण के खिलाफ मोर्चा खोला है एवं टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में जा कर स्वांस,एलर्जी, टीबी,बलगम से पीड़ित मरीजों का सर्वे शुरू किया गया है ।संस्था के सचिव बमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सीमेंट प्लांट के सबसे नजदीक और सबसे ज्यादा प्रभावित गांव धबोल है जहां से सर्वे शुरू किया गया है।

दो दिनों के सर्वे में जसोइयां के अभिमन्यु सिंह, धबोल के विकास कुमार,प्रमिला कुंवर,सोनी देवी,फिदेश्वर राम,सुनैना देवी, घुटनी देवी,चंदा कुमारी सांस एवं कफ, एलर्जी की बीमारी से ग्रसित मिले जिनका रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है और उसे स्वास्थ्य मंत्रालय भेजा जाएगा। धबोल ने सीमेंट प्लांट पर आरोप लगाया है कि प्लांट द्वारा उन्हें किसी तरह की चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध नहीं कराया जाता जिस वजह से पटना, गया,रांची,बनारस जा कर खुद ही अपने पैसों से इलाज कराते हैं। बमेंद्र ने बताया कि स्वास्थ्य सर्वे अभियान लगातार जारी रहेगा एवं प्रदूषण प्रभावित क्षेत्रों में जाकर ऐसी बीमारियों का हाल जाना जाएगा।

## मलेरिया होने पर मरीज के शरीर में हो जाती खून की कमी, बुखार दिमाग पर चढ़ जाता है : एसीएमओ

**विश्व मलेरिया दिवस पर जैन कन्या उच्च पाठशाला से निकाली गई प्रभात फेरी रैली**

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यालय के तत्वावधान में जिला मुख्यालय स्थित जैन कन्या उच्च पाठशाला से प्रभातफेरी रैली निकाली गई। प्रभात फेरी में मलेरिया से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के संदेश लोगों के बीच पहुंचाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने की। प्रभात फेरी के माध्यम से छात्राओं ने मलेरिया से बचाव और लोगों को जागरूक करने के लिए हैंडबिल, बैनर, होर्डिंग, कट-आउट आदि के साथ नारे लगाए। साथ ही, लोगों को जानकारी देने के लिए माइकिंग भी की गई।

प्रभातफेरी के बाद अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सिन्हा ने स्कूली छात्राओं और शिक्षकों के साथ बैठक भी की। जिसमें उन्होंने छात्राओं और शिक्षकों को मलेरिया से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ताकि, लोगों में मलेरिया को लेकर जानकारी और जागरूकता बढ़े। साथ ही, लोगों में मलेरिया जांच के लिए निःशुल्क कैंप भी लगाए जा रहे हैं। सभी सरकारी अस्पतालों में जांच की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

**किसी भी आयु वर्ग के लोगों को हो सकता है मलेरिया :** एसीएमओ सह डीएमओ डॉ. सिन्हा ने बताया कि मलेरिया प्लाज्मोडियम नामक परजीवी से संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है। मलेरिया एक प्रकार का बुखार है जो किसी भी आयु वर्ग के लोगों को हो सकता है। इसमें कपकपी के साथ 103 से लेकर 105 डिग्री तक बुखार होता है। कुछ घंटों के बाद पसीने के साथ बुखार उतर जाता है, लेकिन बुखार आते-जाते रहता है। फेल्सीफेरम मलेरिया (दिमागी मलेरिया) की अवस्था में तेज बुखार होता है। खून की कमी हो जाती है। बुखार दिमाग पर चढ़ जाता है। फेफड़े में सूजन हो जाती है। पीलिया एवं गुर्दे की खराबी फेल्सीफेरम मलेरिया की मुख्य पहचान है। उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को ठंड देकर बुखार आए तो तुरंत अस्पताल भेज कर खून की जांच करानी चाहिए। क्योंकि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। मलेरिया के परजीवी काफी दिनों तक आंत में रह सकते हैं।

**मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी का करें प्रयोग:** इस दौरान जैन कन्या पाठशाला की प्राचार्या राधा रानी ने जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यालय के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के लिए एसीएमओ का धन्यवादज्ञापन किया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि मलेरिया से बचाव के लिए पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े का अधिक उपयोग करें। सोने के दौरान निश्चित रूप से मच्छरदानी लगाएं। इस बात का सोने के दौरान ख्याल रखें। इसके अलावा घर के आसपास जलजमाव वाली जगहों को मिट्टी से भर दें एवं किसी भी कीमत पर जलजमाव नहीं होने दें। जलजमाव वाले स्थान पर केरोसिन तेल या डीजल डालें। घर के आसपास बहने वाली नाले की साफ-सफाई करते रहें। उन्होंने बताया कि मलेरिया का मच्छर गंदे पानी में जमा है, इसलिए अपने आसपास घर के आसपास पानी का जमाव न होने दें, ताकि मलेरिया के मच्छरों को पनपने से रोका जा सके।

मौके पर वीबीडीसीओ अजीत कुमार पटेल, वीबीडीसीओ अनुज कुमार, डीपीएम रवि रंजन, डीएएम अश्विनी कुमार, एफएलए कुमार प्रियंका, लिपिक संतोष कुमार, बीएमआई रविशंकर कुमार, संजय कुमार, एसएफडब्ल्यू कमलेश कुमार सिंह, बीरेंद्र प्रसाद, निधी, रानी कुमारी, सुनीता सहाय, मो. अरमान, रंजीत कुमार रंजन व अन्य शिक्षकगण के साथ छात्राएं उपस्थित रही।

## अग्निशमन के द्वारा किया गया मॉक ड्रिल का आयोजन

**आग से बचाव के लिए लोगों को किया गया प्रेरित**

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निदेशानुसार समाहरणालय परिसर में अग्नि सुरक्षा को लेकर अग्निशमन विभाग द्वारा मॉक ड्रील किया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मियों द्वारा विभिन्न परिस्थितियों में अग्नि सुरक्षा एवं बचाव से जुड़े मॉक ड्रील कर लोगों को इससे अवगत कराया गया एवं विभिन्न तरीके बताये गये।

उनके द्वारा मॉक ड्रील के क्रम में बताया गया कि गैस सिलेण्डर की आग से सुरक्षा एवं बचाव के लिए सर्वप्रथम किचेन में हमेशा सिलेण्डर सीधा खड़ा रखे। जलते हुए चूल्हे को पहले रेगुलेटर से बंद करें एवं उसके बाद चूल्हा बंद करें। रेगुलेटर का पाईप समय-समय पर साफ करते रहे एवं समय पर पाईप भी बदलें। अगर किचेन में गैस की गंध आ रही हो तो इलेक्ट्रीक पैनल, स्वीच के साथ छेड़-छाड़ नहीं करें। किचेन में एक सुती कपड़ा हमेशा भिंगोकर रखें ताकि आपात स्थिति में आग लगने पर बुझाया जा सके। खाना बनाते समय एक बाल्टी पानी अवश्य रखें तथा चुल्हे पर उबलते हुए चाय, दूध आदि को छोड़कर किचेन से बाहर न जायें। गैस सिलेण्डर में आग लगने पर भागे नहीं बल्कि कंबल या मोटे कपड़े से सिलेण्डर को ढक दें। अगर स्थिति ज्यादा बुरी हो तो जमीन पर लुढ़कते हुए वहाँ से निकले एवं 101 या 112 नम्बर पर तुरंत सम्पर्क कर जानकारी दें। इस क्रम में उनके द्वारा आग न लगने के कुछ पूर्व उपाय भी बताये गये। उनके द्वारा बताया गया कि बच्चों को माचिस या आग फैलाने वाले अन्य सामानों के पास न जाने दें। बीड़ी, सिगरेट, हुक्का आदि का सेवन न करें। चूल्हा, ढिबरी, मोमबत्ती, कपूर इत्यादि जलाकर न छोड़ें। अनाज के ढेर, फूस या खपरैल की झोपडी के निकट अलाव न जलाएँ व डीजल इंजन नहीं चलाएँ। खलिहान आवासीय क्षेत्र से दूर बनाया जाए एवं ध्यान रखा जाए कि उपर से कोई बिजली का तार पार न कर रहा हो। खेतों में पराली न जलाई जाए। मौके पर जिला आपदा प्रभारी, प्रभारी पदाधिकारी अग्निशमन के साथ जिला स्तरीय कर्मी व अन्य उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी के सपनों को साकार करेगी काराकाट की जनता : संतोष सिंह



बिक्रमगंज (रोहतास) बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह का स्थानीय शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर में गुरुवार को लोगों ने किया भव्य स्वागत। उन्होंने मंत्री पद संभालने के बाद पहली बार काराकाट लोकसभा क्षेत्रों का दौरा करते हुए बिक्रमगंज के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर पहुंचे। जहां उनके आगमन होते ही एनडीए कार्यकताओं सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन के नेतृत्व में फूला माला पहनाते हुए उन्हें बुके,अंगवस्त्र भेट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। अवसर उन्होंने सर्वप्रथम महाविद्यालय संस्थापक राजबहादुर सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए स्थापित मां सरस्वती मंदिर में माथा टेका। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री ने बताया कि मैं मंत्री के रूप में कैमूर-रोहतास के साथ-साथ बिहार की जनता के उम्मीद पर खरा उतरूंने का अथक प्रयास करूंगा। साथ ही पार्टी ने जो भरोसा किया है उसे पूरी ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। वही काराकाट लोकसभा क्षेत्र के चुनावी मुद्दे पर बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि काराकाट क्षेत्र अंतर्गत समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को मुख्या धारा मे लाना है। जिला पूरा करने में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सभी एनडीए कार्यकर्ता एकजुट है। जो 1 जून को अंतिम चरण की लोकसभा चुनाव में काराकाट लोकसभा क्षेत्र के नोखा, डेहरी, काराकाट,औरंगाबाद जिला का गोह, ओबरा व नवीनगर विधानसभा क्षेत्र की जनता अपने मताधिकार का उपयोग कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास के सपनों को साकार करते हुए एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा को जीत का सरताज पहनाने का कार्य करेगी।

## भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर -भारत के संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती कैमूर जिले के रामपुर प्रखंड के धव पोखर गांव में संपन्न हुआ। जयंती पर ग्रामीण ने जन सांस्कृतिक कार्यक्रम में बसपा के प्रदेश महासचिव कैमूर जिला पार्षद सदस्य विकास कुमार सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने दीप प्रज्वलित करके उद्घाटन किया। विकास को अंग वस्त्र एवं माला फूल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के बतौर विकास सिंह ने कहा कि शिक्षा व शेरनी का दूध है जो पियेगा वही दहाड़ेगा। उन्होंने ग्रामीणों को आव्हान करते हुए कहा कि अंबेडकर को विरासत को कायम रखना है तो अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दें। उन्हें उन्होंने हवाला देते हुए कहा कि नौकरी करने वाले की अपेक्षा ग्रामीण स्तर पर उनका आय का स्रोत रहता है।

उन्होंने कहा कि शोषित वंचित पीड़ित महिलाओं एवं सभी के लिए न्याय देने का काम किया उन्होंने शिक्षा प्राप्त करके दुनिया में भारत का नाम रोशन किया इसलिए अपने बच्चों को शिक्षित करके आय का स्रोत बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के कोई ऐसे देश नहीं जहां शिक्षा केवल तकदीर ही नहीं तस्वीर भी बदल गया है। उन्होंने कहा कि बच्चा शिक्षित हो जाएगा तो आपकी आने वाली पीढ़ियां में परिवर्तन हो जाएगा। उक्त अवसर पर शिक्षक उमेश कुमार, बृजेश कुमार, गणेश कुमार, रामप्रवेश राम, ओमप्रकाश दीवाना, शिवचरण दीवाना, शिक्षक सुशील कुमार, सत्येंद्र सिंह समाजसेवी पाठक जी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## आईआईएम बोधगया के छात्र ग्लैड भारत फाउंडेशन इंटर्नशिप के साथ कर रहे सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व

प्रात: किरण संवाददाता



गया ।आईआईएम बोधगया के 29 छात्र सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामाजिक जिम्मेदारी और समर्पण का प्रदर्शन करते हुए ग्लैड भारत फाउंडेशन के साथ इंटर्नशिप पर निकले। इस साझेदारी के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को हल करने के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं सामने आई है।

पहली पहल, पैड एटीएम परियोजना जो किशोर लड़कियों और ग्रामीण महिलाओं के बीच मासिक धर्म स्वच्छता की व्यापक समस्या के समाधान के लिए बनाई गई है। यह समझते हुए कि सैनिटरी पैड की कितनी सख्त जरूरत है एवं यह किफायती होने के साथ ही आसानी से उपलब्ध भी है, छात्रों ने इसे पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास किया। रचनात्मक साधनों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से, उन्होंने गांव में पैड एटीएम स्थापित करके सैनिटरी पैड वितरण के लिए मार्ग तैयार किए, जिससे महिलाओं और लड़कियों की बुनियादी जरूरतें पूरी करने में मदद मिल सके, जिन्हें कभी-कभी अनदेखा कर दिया जाता है ।दूसरी पहल, डोनेट वेस्ट, डिस्कवर बेस्ट अभियान का उद्देश्य समाज के विशेषाधिकार प्राप्त और वंचित वर्गों के बीच के फर्क को मिटाना रहा । छात्रों ने सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और छात्रों को किताबों तथा समाचार पत्रों जैसी अतिरिक्त वस्तुओं को दान करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न संस्थानों में सेमिनार आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस पहल ने दान और सामुदायिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा दिया है ।प्रो. जॉनसन मिंज के प्रोत्साहन और निर्देशन ने इस महत्वपूर्ण साझेदारी का मार्गदर्शन करते हुए छात्रों के सराहनीय प्रयासों में इजाफा किया, जिस दौरान अपने इंटर्नशिप अनुभव के बारे में, छात्रों ने उससे मिली सीख और संतोष के बारे में बात की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक धर्म स्वच्छता से जुडी कठिनाइयों को देखने पर जोर देते हुए उन्हें पैड एटीएम परियोजना जैसे समाधानों पर काम करने के लिए प्रेरित किया। उनके सामाजिक कार्य अनुभव ने समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालते हुए उनके अंदर देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनने की इच्छा जगाई ।ग्लैड भारत फाउंडेशन के साथ इन छात्रों द्वारा बिताया गया समय प्रेरणा का एक प्रकाशस्तंभ है, जिससे जब वे अपने शैक्षणिक प्रयासों में लौटते हैं तब उनमें समाज को सशक्त एवं उन्नत बनाने वाले कार्यों का समर्थन जारी रखने की लगन पैदा होती है।




## कंगना रणौत से हुए ब्रेकअप के सवाल पर अध्ययन सुमन ने दी प्रतिक्रिया

**मशहूर अभिनेत्री कंगना रणौत लगातार चर्चाओं में बनी रहती हैं। अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर अभिनेत्री का विवादों से गहरा नाता रहा है। हाल ही में उन्होंने राजनीति में कदम रखा है। वे लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरी हैं। एक बार फिर से उनका नाम चर्चा में है और इस बार वजह है उनके पूर्व प्रेमी अध्ययन सुमन। एक इंटरव्यू में अध्ययन ने कंगना से संबंधित पूछे गए सवाल पर जवाब दिया है।**

कंगना और अध्ययन सुमन साल 2008-2009 के दौरान कुछ महीनों के लिए प्रेम संबंध में थे। हालांकि, दोनों का रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं टिका। इस रिश्ते का अंत बहुत बुरे तरीके से हुआ। इसके बाद अध्ययन ने कंगना पर कई आरोप भी लगाए थे। एक ताजा इंटरव्यू में हीरामंडी अभिनेता ने कहा, जिंदगी काफी बदल चुकी है। अब मैं 36 का हो चुका हूं। कंगना और उनके ब्रेकअप को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, आप जिस इंसान के बारे में पूछ रहे हो मैं उनके बारे में कोई बात नहीं करना चाहता, क्योंकि मैं वो सब भूल चुका हूं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा, आप पूछ रहे हो इसलिए मैं जवाब दे रहा हूं, लेकिन मैं इन बातों को कब का भूला चुका हूं। जिंदगी काफी आगे बढ़ चुकी है। मैं तब 20 का था और अभी 36 साल का हूं। अध्ययन सुमन एक बार फिर से ओटीटी पर छाने के लिए तैयार हैं। वह मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली की आगामी ओटीटी सीरीज हीरामंडी में नजर आने वाले हैं। करीब 200 करोड़ में बनी इस सीरीज में कई अन्य बड़े कलाकार भी दिखने वाले हैं। ऋचा चड्ढा , सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोईराला, संजीदा शेख, अदिति राव हैदरी, शेखर सुमन और फरदीन खान जैसे कलाकार भी इसमें नजर आएंगे। 1 मई से यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जाएगी।

## करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बने आयुष्मान खुराना!



आयुष्मान खुराना बॉलीवुड इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेताओं में से एक हैं। आयुष्मान ने अपने करियर में विकी डोनर, ड्रीम गर्ल और आर्टिकल 15 जैसी कई हिट फिल्में दी हैं। अब, एक ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आयुष्मान, करण जौहर की आगामी जासूसी फिल्म में अभिनय करेंगे। अभिनेता करण जौहर के नेतृत्व वाले धर्मा प्रोडक्शन के साथ अपने पहले प्रोजेक्ट के लिए तैयारी कर रहे हैं। यह पहली बार होगा जब आयुष्मान और करण दोनों एक फिल्म के लिए साथ आएंगे। आयुष्मान खुराना, करण जौहर के प्रोडक्शन के साथ एक नई सिनेमाई यात्रा शुरू करने के लिए तैयार हैं। ड्रीम गर्ल 2 की सफलता के बाद अभिनेता की आगामी फिल्म, प्रसिद्ध प्रोडक्शन हाउस और प्रशंसित निर्माता गुनीत मोंगा के साथ उनके सहयोग को चिह्नित करेगी। आकाश कौशिक द्वारा निर्देशित, बिना टाइटल वाली यह फिल्म जासूसी और कॉमेडी का डबल डोज देने का वादा करती है। फिल्म को लेकर एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है, करण और गुनीत इस विषय को लेकर बहुत उत्साहित हैं क्योंकि फिल्म में जबरदस्त कॉमेडी के साथ रोमांच और एक्शन है। साथ ही करण, गुनीत और आकाश की तिकड़ी को लगता है कि आयुष्मान खुराना इस किरदार में फिट बैठते हैं।



# इलियाना ने बताई फिल्मों से दूर रहने की वजह

अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज ने लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी की है। इस साल मार्च महीने में आई फिल्म तेरा क्या होगा लवली के जरिए उनके फैंस का उन्हें पर्दे पर देखने का इंतजार खत्म हुआ था। अब उनकी एक और नई फिल्म दो और दो प्यार रिलीज हो चुकी है। इलियाना ने हाल ही में फिल्मों से ब्रेक लेने को लेकर बातचीत की है। इलियाना डिक्रूज ने प्रेग्नेंट होने के चलते अभिनय से किनारा कर लिया था। एक साक्षात्कार में इलियाना ने बताया कि उन्होंने सोच-समझकर यह फैसला नहीं लिया था। उन्होंने बताया कि फिल्म दो और दो प्यार साल 2021 में शूट हुई थी, लेकिन यह अब रिलीज हुई है। उन्होंने कहा कि साल 2020 में आई कोरोना महामारी के चलते सारा काम काज रुक गया था।

### इलियाना खुश है कि लोग काम की तारीफ कर रहे हैं

बड़े पर्दे से दूर रहने के दौरान उन्होंने ओटीटी पर भी काम किया था। साल 2021 में वह फिल्म द बिग बुल में नजर आई थी। उन्होंने बताया कि साल 2022 में उन्होंने एक वेब सीरीज की शूटिंग की थी, लेकिन गर्भवती होने के चलते उन्हें ब्रेक लेना पड़ा। इलियाना ने बताया कि गर्भवती होने से पहले उन्होंने कभी भी ब्रेक लेने का कोई फैसला नहीं लिया था। अब वापसी के बाद उन्हें इस बात की खुशी है कि दर्शक उनके काम की सराहना कर रहे हैं।

### दो और दो प्यार में ज्यादा फिट होने की नहीं थी मांग

इलियाना ने बताया कि फिल्म दो और दो प्यार में काम करने के लिए वह इसलिए राजी हुई थी, क्योंकि उनके किरदार के लिए ज्यादा फिट होने की मांग नहीं थी। फिल्म का ऑफर मिलते ही उन्होंने हां कह दिया था। इलियाना ने फिल्म की निर्देशक से भी फिटनेस को लेकर बात की थी। उन्होंने डायरेक्टर से कहा था कि वह फिलहाल पतली नहीं हैं और अगर फिल्म में ऐसी लड़की की जरूरत है तो वह ऐसा हो पाने की हालत में नहीं है। इस पर निर्देशक शीर्षा गुहा ठाकुरता ने उन्हें कहा था कि वह जैसी हैं वैसी ही खूबसूरत हैं।



## बॉलीवुड में जलवा बिखेरेंगी राजकुमार संतोषी की बेटी तनीषा

बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक राजकुमार संतोषी की बेटी तनीषा संतोषी इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि तनीषा जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो तनीषा किसी बड़े बॉलीवुड स्टार के साथ काम करने जा रही हैं। आइए आपको बताते हैं कि आखिर तनीषा को बॉलीवुड में कौन लॉन्च करने जा रहा है। तनीषा संतोषी निर्देशक राजकुमार संतोषी की लाडली बेटी हैं। जल्द ही तनीषा बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो तनीषा एक रोमांटिक कॉमेडी से अपने करियर की शुरुआत करने वाली हैं। वहीं सूत्रों की मानें तो तनीषा के अपोजिट किसी बड़े स्टार को साइन करने की बात चल रही है। तनीषा की इस फिल्म का निर्माण किसी और ने नहीं बल्कि विशाल राणा ने किया है।


### उत्साहित हैं तनीषा

राजकुमार संतोषी पिछले कुछ दिनों से अपनी आगामी फिल्म लाहौर 1947 को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में सनी देओल और प्रीति जिंटा एक साथ नजर आने वाले हैं। वहीं अब खबर आ रही है कि उनकी बेटी तनीषा भी बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाने को तैयार हैं। हालांकि अभी इस पर राजकुमार संतोषी ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

### तनीषा आई थीं रणबीर के साथ नजर

तनीषा संतोषी पिछले महीने रणबीर कपूर के साथ एक विज्ञापन में काम करती नजर आई थीं। तनीषा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा था, पिछले पंद्रह साल से मैं आपको पसंद करती आई हूं। मुझे याद है आपको पहली बार मैंने अजब प्रेम की गजब कहानी की सेट पर देखा था और तब से अब तक आपके हर काम को पसंद करती आई हूं। आज आपके साथ इस विज्ञापन में काम करके मुझे काफी अच्छा लग रहा है।

## आईमैक्स प्रारूप में होगी रजनीकांत की फिल्म कुली की शूटिंग!



**रजनीकांत की गिनती तमिल सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में होती है। फैंस को उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। वे जल्द ही टीजे ग्नानवेल के निर्देशन में बन रही फिल्म वेट्टैयन में दिखाई देंगे। यह फिल्म इस अक्टूबर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा फैंस के मन में लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनने जा रही फिल्म को लेकर भी काफी ज्यादा उत्सुकता है।**

### आईमैक्स प्रारूप में होगी शूटिंग

हाल ही में मेकर्स ने इस फिल्म के नाम की घोषणा की थी। रजनीकांत की इस फिल्म का नाम कुली रखा गया है। शीर्षक की झलक सामने आने के बाद से ही फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह काफी ज्यादा बढ़ गया है। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। नवीनतम मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कुली को 50 फीसदी से 70 फीसदी तक आईमैक्स प्रारूप में शूट किया जाएगा।

### अनिरुद्ध रविचंदर का होगा संगीत

इन रिपोर्ट्स के दावे अगर सच साबित होते हैं तो इस प्रारूप में शूट होने वाली यह लोकेश कनगराज की दूसरी फिल्म होगी। हालांकि, निर्माताओं की ओर से इसको लेकर अभी कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। कुली का निर्माण सन पिक्चर्स की ओर से किया जा रहा है। फिल्म में अनिरुद्ध रविचंदर संगीत लोगों को सुनने को मिलेगा। इससे पहले वे जेलर में अपनी धुनों से लोगों को दीवाना बना चुके हैं।

### जेलर में दिखा था रजनीकांत का जलवा

वर्क फ्रंट की बात करें तो रजनीकांत को बड़े पर्दे पर पिछली बार लाल सलाम में देखा गया था। फिल्म में वे विस्तृत कैमियो रोल में थे। इसका निर्देशन उनकी बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत ने किया था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी थी। इस फिल्म से पहले वे जेलर में दिखे थे, जिसने टिकट खिड़की पर जबर्दस्त कमाई की थी।

## तंजानिया में बेटे तैमूर के साथ वेकेशन मना रही हैं करीना

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान इन दिनों अपनी फिल्म क्रू को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म क्रू में एयरहोस्टेज जैस्मीन की दमदार भूमिका ने लोगों का दिल जीत लिया। इस फिल्म ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। फिल्म की सफलता के बाद बेबो अपने बेटे तैमूर के साथ छुट्टियां मनाने तंजानिया गई हैं। लेकिन इस वेकेशन पर बेबो अपने छोटे बेटे जेह और पति सैफ अली खान को साथ नहीं ले गई हैं। लगता है बेबो तौमूर के साथ ज्यादा क्वालिटी टाइम बिताना चाहती हैं। करीना ने कुछ ही घंटों पहले अपनी और बड़े बेटे तैमूर की कुछ लाजवाब तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन सभी फोटोज में मां-बेटे की लाजवाब बॉन्डिंग साफ नजर आ रही है। इन फोटोज में करीना अपने बेटे के साथ सवाना की शानदार सफारी का मजा लेते दिख रही हैं। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस वेकेशन पर सैफ अली खान और उनका छोटा बेटा जेह अली खान भी गए हैं। लेकिन करीना ने आज सोशल मीडिया पर अपनी और तैमूर की फोटो ही अपलोड की हैं। दरअसल, सैफ और करीना अपने दोनों बेटों के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाहते थे। इसलिए इन दोनों ने मिलकर ये ट्रीप बनाई। 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म क्रू में दर्शकों को दमदार कॉमेडी देखने को मिली। करीना की इस फिल्म की सफलता के बाद फैंस उनकी फिल्म सिंघम अगेन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।





# तारीफ करें या न करें? एनिमल देखकर निर्णय नहीं ले पा रहे विशाल

**पिछले साल रिलीज हुई निर्देशक संदीप वांगा रेड्डी की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की थी। इस फिल्म को लेकर मिले-जुले रिएक्शन आए थे। किसी को ये फिल्म बहुत ज्यादा पसंद आई थी तो किसी को इसके कुछ संवादों और दृश्यों से गंभीर आपत्ति थी। अब इस फिल्म को लेकर जाने-माने निर्देशक और संगीतकार विशाल भारद्वाज ने भी अपनी राय सामने रखी है। आइए जानते हैं एनिमल पर बोले विशाल**

रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म एनिमल को लोगों ने महिला विरोधी फिल्म करार दिया था। अब विशाल भारद्वाज ने भी फिल्म पर बात की और कहा कि उन्हें फिल्म मनोरंजक भी लगी और घृणा भी हुई। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा, मैं फिल्म को लेकर अब तक एक निर्णय पर नहीं पहुंचा हूं। मुझे फिल्म मनोरंजक भी लगी और इससे नफरत भी हुई। विशाल ने बताया कि समय के साथ दर्शकों की पसंद बदली है। एनिमल की इतनी बड़ी सफलता बताती है कि इस तरह की फिल्मों की भी पर्याप्त मांग है। विशाल कमीने, हैदर और ओमकारा आदि फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

### संजय गुप्ता भी कर चुके हैं तारीफ

कुछ वक्त पहले फिल्म निर्माता संजय गुप्ता ने भी अपने एक्स अकाउंट पर एनिमल को लेकर एक पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने बताया था कि उन्होंने दूसरी बार एनिमल देखी है। यह फिल्म उन्हें पहली बार से भी ज्यादा पसंद आई है। उन्होंने निर्देशक संदीप रेड्डी के निर्देशन और रणबीर कपूर के अभिनय की भी तारीफ की। संजय ने अपनी पोस्ट में लिखा,संदीप रेड्डी के निर्देशन और रणबीर कपूर की अदाकारी पूरी फिल्म का सबसे मजबूत पहलू है। फिल्म की कहानी के साथ हर सीन को सर्वश्रेष्ठ बनाया गया है। काफी मेहनत और और दृढ़ता के साथ यह फिल्म बनाई गई है। संजय अपनी कांटे और काबिल जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

### बॉक्स ऑफिस पर की बंपर कमाई

पिता और पुत्र के रिश्ते पर बनी एक्शन से भरपूर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर बवाल काटा। यह फिल्म भारतीय सिनेमा इतिहास की सबसे लंबी फिल्मों में से एक थी। फिल्म की पूरी अवधि 3 घंटे और 21 मिनट थी। एनिमल का संगीत भी लोगों को खूब पसंद आया। सतरंगा, पहले भी मैं, अर्जन वैली और पापा मेरी जान समेत सभी गाने खूब हिट रहे।




## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय आईटी क्षेत्र में लगातार दूसरे साल राजस्व वृद्धि में कमी : क्रिसिल




**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय आईटी सेवा क्षेत्र में लगातार दूसरे साल राजस्व वृद्धि में नरमी देखी जा रही है। एक घरेलू रेटिंग एजेंसी ने बुधवार को कहा कि यूरोप और अमेरिका में प्रौद्योगिकी मद में खर्च में मामूली वृद्धि हुई है, जिसके कारण घरेलू आईटी सेवा कंपनियों का राजस्व में वृद्धि में नरमी है। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में यह क्षेत्र 5-7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस उद्योग का कुल आकार 250 अरब अमेरिकी डॉलर आंका गया है और यह 50 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रूप से रोजगार देता है। क्रिसिल के निदेशक आदित्य झावर ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भी प्रौद्योगिकी खर्च में नरमी जारी रहेगी, जिससे आईटी सेवा प्रदाताओं की राजस्व वृद्धि पर असर पड़ेगा। हालांकि, उद्योग का परिचालन लाभ मार्जिन 22-23 प्रतिशत पर स्थिर रहेगा। इसका श्रेय कर्मचारी लागत के विवेकपूर्ण प्रबंधन को दिया जा सकता है। एजेंसी ने कहा कि उच्च ब्याज दरों और ग्राहक बाजारों में आर्थिक नरमी के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में बैंक, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई), खुदरा, प्रौद्योगिकी और संचार क्षेत्रों में कंपनियों के प्रौद्योगिकी मद में खर्च में मामूली वृद्धि हुई। झावर ने कहा कि बीएफएसआई और खुदरा क्षेत्रों से राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 में 4-5 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़ेगा।

### एफपीओ के बाद बाजार में हुई शेयरों की लिस्टिंग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एफपीओ के बाद टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के इक्विटी शेयरों की गुरुवार शेयर बाजार में लिस्टिंग हो गई। कंपनी के एफपीओ को को निवेशकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, और इन्हें करीब गुना अधिक सब्सक्राइब किया गया था। हालांकि बाजार में शेयरों की लिस्टिंग 10त्न के डिस्काउंट के साथ हुई है। एफपीओ के पहले कंपनी के 5012 करोड़ शेयर लिस्टेड थे। गुरुवार को एफपीओ के बाद कंपनी के 1636 करोड़ नए शेयर लिस्ट हुए हैं। एफपीओ के बाद अब कंपनी के कुल 6648 करोड़ शेयर बाजार लिस्टेड हैं। एनएसई पर एफपीओ के बाद वोडाफोन आइडिया के इक्विटी शेयरों की लिस्टिंग के बाद आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा, वोडाफोन-आइडिया की इस मुकाम तक की यात्रा में सरकार का पथप्रदर्शक सुधार पैकेज महत्वपूर्ण साबित हुआ है। इसने पूरे सेक्टर को बदल दिया है।

**बाजार में चार दिनों से जारी हरियाली गायब**

# सेंसेक्स 172 अंक टूटा, निफ्टी 22350 से फिसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुवार को शुरुआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांक लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 296.79 अंक गिरकर 73,556.15 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 97.15 अंक टूटकर 22,305.25 अंक पर आ गया।

कोटक महिंद्रा बैंक में भारी बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी के बीच शेयर बाजार ने पिछले चार दिनों की तेजी गंवा दी। गुरुवार को शुरुआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांक लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 296.79 अंक गिरकर 73,556.15 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 97.15 अंक टूटकर 22,305.25 अंक पर आ गया।

रिजर्व बैंक द्वारा ग्राहकों को ऑनलाइन जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने की रोक से कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 12 प्रतिशत टूट गया। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों का बार-बार अनुपालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई करते हुए रिजर्व बैंक ने



कोटक महिंद्रा बैंक के ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के जरिये नये ग्राहक जोड़ने तथा तत्काल प्रभाव से नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक लगा दी।

हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, टाइटन, मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा कमजोरी के साथ कारोबार करते दिखे वहीं, एक्सिस बैंक, सन फार्मा, नेस्ले और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। पिछले चार दिनों में सेंसेक्स 1,363.95 अंक या1.88 प्रतिशत चढ़ा है। एशियाई बाजारों में सोल और तोक्यो में गिरावट रही जबकि शंघाई और हांगकांग में तेजी रही। वॉल स्ट्रीट बुधवार को मिश्रित नोट पर समाप्त हुआ। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.02 प्रतिशत बढ़कर 88.04 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के अस्थायी आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को सकल घरेलू शेयर बाजार से 2,511.74 करोड़ रुपये निकाले।

बुधवार को सेंसेक्स 114.49 अंक या 0.16 प्रतिशत चढ़कर 73,852.94 अंक पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी शुरुआती दौर में 34.40 अंक यानी 0.15 प्रतिशत बढ़कर 22,402.40 अंक पर पहुंच गया।

## भारत से दवा निर्यात 10त्न बढ़कर 27.9 अरब डॉलर, यूएस-यूके सहित अन्य देशों में मांग बढ़ने से मिली मदद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू दवा उद्योग का कारोबार 2030 तक बढ़कर 130 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। बाजार अवसरों के विस्तार और विदेश में बढ़ती मांग के दम पर यह लक्ष्य हासिल हो पाएगा। देश से दवाओं का निर्यात 2023-24 में सालाना आधार पर 9.67 फीसदी बढ़कर 27.9 अरब डॉलर पहुंच गया। 2022-23 के दौरान यह आंकड़ा 25.4 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में भारत से 2.8 अरब डॉलर की दवाओं का निर्यात किया गया। यह मार्च, 2023 की तुलना में 12.73 फीसदी अधिक है। भारत औसतन हर महीने दो से तीन अरब डॉलर के औषधि उत्पादों का निर्यात करता है। एक उद्योग विशेषज्ञ ने कहा, अमेरिका जैसे देशों में बढ़ते अवसरों और मांग से निर्यात को मासिक आधार पर वृद्धि दर्ज करने में मदद मिल रही है। सरकार ने प्रमुख दवा सामग्री और जेनेरिक दवाओं के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए दो उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं शुरू की हैं। घरेलू दवा उद्योग का कारोबार 2030 तक बढ़कर 130 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। बाजार अवसरों के विस्तार और



विदेश में बढ़ती मांग के दम पर यह लक्ष्य हासिल हो पाएगा। भारत ने 2023-24 के दौरान पांच देशों अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील में सबसे ज्यादा दवाओं का निर्यात किया। इसमें अमेरिका की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 31 फीसदी से अधिक रही। कुल दवा निर्यात में ब्रिटेन और नीदरलैंड का करीब तीन फीसदी योगदान रहा। भारत को पिछले वित्त वर्ष के दौरान कई नए बाजारों में कदम रखने का अवसर मिला। इन बाजारों में मोंटेनेग्रो, दक्षिण सूडान, चाड, कोमोरोस, ब्रुनेई, लात्विया, आयरलैंड, स्वीडन, हैती और इथियोपिया शामिल हैं। मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के मई, 2022 में लागू होने के बाद से भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच द्विपक्षीय कारोबार में 15 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) परिषद के निदेशक अहमद अलजनेबी ने बुधवार को कहा, दोनों देशों के बीच 2030 तक गैर-तेल कारोबार 100 अरब डॉलर के लक्ष्य के पार पहुंचने की उम्मीद है। यूएई, भारत का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य, तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और चौथा सबसे बड़ा निवेशक है।

## भारत जैसे-जैसे विकसित होगा खाने-पीने से जुड़ी चीजों की महंगाई कम होती जाएगी : एमपीसी सदस्य

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीतियों को कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं।




भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में ''कम गंभीर'' होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति शृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं। ये बातें भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने गुरुवार को कही। भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीतियों को कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। गोयल ने कहा, ''जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस समस्या (खाद्य पदार्थों की उच्च कीमतों) की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी। विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति शृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी।'' गोयल ने कहा कि किसी ने भी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में टमाटर या प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी के बारे में नहीं सुना है। उन्होंने कहा, ''हमारे पास स्वाभाविक रूप से विविध भौगोलिक क्षेत्र हैं, विभिन्न क्षेत्रों से बेहतर एकीकृत बाजार जलवायु परिवर्तन से प्रेरित खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी को कम करने में मदद कर सकते हैं।'' आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होना रहा। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.66 प्रतिशत थी।

## पित्रोदा के विरासत टैक्स वाले बयान पर अश्नीर ग्रोवर का तंज, बोले- चुनाव के समय अर्थहीन हो जाते हैं करदाता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शार्क टैंक इंडिया के जज रहे अश्नीर ग्रोवर ने कहा कि आपको पहले भारत में टैक्स की राजनीति को समझने की जरूरत है। 140 करोड़ भारतीयों में से आठ करोड़ ही इनकम टैक्स रिटर्न भरते हैं। वहीं, दो करोड़ भारतीय केवल टैक्स देते हैं।

भारत में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी माहौल गर्माया हुआ है। जहां कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा द्वारा अमेरिका के विरासत टैक्स पर दिए बयान पर विवाद थमा नहीं था। वहीं अब शार्क टैंक इंडिया के जज रहे अश्नीर ग्रोवर ने कुछ ऐसा कह दिया है, जिसने आग में घी डालने जैसा काम किया है। दरअसल, ग्रोवर का कहना है कि राजनीतिक रैलियों में नेता टैक्स को लेकर कोई भी वादा करके बाद में बच निकल सकते हैं क्योंकि देश में चुनावों के मामले में करदाता अर्थहीन अल्पसंख्यक हैं।



उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आपको पहले भारत में टैक्स की राजनीति को समझने की जरूरत है। 140 करोड़ भारतीयों में से आठ करोड़ ही इनकम टैक्स रिटर्न भरते हैं। वहीं, दो करोड़ भारतीय केवल टैक्स देते हैं। मजेदार बात यह है कि इन दो करोड़ लोगों में से भी केवल 45 लाख लोग कुल आयकर का 80 फीसदी भरते हैं। कुल 97 करोड़ वोटर हैं। अगर हिसाब लगाएं तो मात्र 0.5 फीसदी मतदाता इनकम टैक्स का भुगतान करते हैं। अश्नीर ग्रोवर ने कहा, इसलिए ही आप किसी राजनीतिक रैली में टैक्स पर कुछ भी कहकर बच निकल सकते हैं। क्योंकि टैक्स देने वाले बिना अहमियत वाले अल्पसंख्यक हैं।

हालांकि, शार्क टैंक इंडिया के जज रहे अश्नीर ग्रोवर ने किसी राजनेता का नाम नहीं लिया है। लेकिन इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा द्वारा विरासत टैक्स पर की गई टिप्पणी के बीच उनका ऐसा बयान आना सियासी गलियारे में हलचल मचा सकता है।

दरअसल, सैम पित्रोदा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था, जिसमें वह अमेरिका के विरासत टैक्स का जिक्र कर रहे थे। उनका कहना था, अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को दे सकता है। 55 फीसदी सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। यह एक दिलचस्प नियम है। यह कहता है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब आप जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। हालांकि पूरी नहीं, आधी ही। ये जो निष्पक्ष कानून है मुझे अच्छा लगता है।

## सोने के वायदा भाव गिरकर 71 हजार रुपए से नीचे, चांदी भी फिसली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बुधवार की तेजी के बाद सोने चांदी के वायदा भाव में आज नरमी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव आज गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 70,650 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 81,700 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई।



सोने के वायदा भाव सुस्त

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट आज 272 रुपए की गिरावट के साथ 70,778 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 386 रुपए की गिरावट के साथ 70,664 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 70,778 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 70,650 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 73,958 रुपए के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

MCX पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट आज 174 रुपए की गिरावट के साथ 82,060 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 527 रुपए की गिरावट के साथ 81,707 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 82,060 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 81,501 रुपए के भाव निचला स्तर छू लिया। इस महीने चांदी के वायदा ने 86,126 रुपए किलो के भाव पर उच्चतम स्तर छू लिया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज सुस्ती के साथ हुई। Come& पर सोना 2,327.39 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,338.40 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 7.30 डॉलर की गिरावट के साथ 2,331.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। Come& पर चांदी के वायदा भाव 27.18 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 27.34 डॉलर था।

# भारतपे ने भारतपे वन लॉन्च किया

**भारत का पहला ऑल-इन-वन पेमेंट डिवाइस**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिनटेक उद्योग में भारत के अग्रणी भारतपे ने आज भारतपे वन के लॉन्च की घोषणा की, जो भारत का पहला ऑल-इन-वन पेमेंट उत्पाद है जो पीओएस, क्यूआर और स्पीकर को एक डिवाइस में इंटीग्रेट करता है। यह नया उत्पाद व्यापारियों के लिए लेनदेन को सुव्यवस्थित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो डेबिट और क्रेडिट कार्ड की एक विस्तृत श्रृंखला में गतिशील और स्थिर क्यूआर कोड, टैप-एंड-पे और पारंपरिक कार्ड भुगतान विकल्पों सहित बहुमुखी पेमेंट स्वीकृति विकल्प प्रदान करता है। कंपनी की योजना पहले चरण में 100+ शहरों में उत्पाद लॉन्च करने की है। अगले 6 महीनों के दौरान इसे 450+ शहरों तक बढ़ाया जाएगा।

रियल टाइम लेनदेन अपडेट और तुरंत वॉयस भुगतान पुष्टि के साथ, भारतपे वन खुदरा दुकानों पर भुगतान अनुभव को अगले स्तर पर ले जाएगा। यह व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए एक आसान और परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करता है। हाई-डेफिनिशन टचस्क्रीन डिस्प्ले, 4जी और वाई-फाई कनेक्टिविटी से लैस और नवीनतम एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा संचालित, भारतपे वन बेहतर प्रदर्शन और सुरक्षा प्रदान




करता है। यूजर्स के अनुकूल इंटरफेस, पोर्टेबल डिज़ाइन और व्यापक लेनदेन डैशबोर्ड के साथ, भारतपे वन ऑफ़लाइन व्यापारियों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करता है।

भारतपे के सीईओ नलिन नेगी ने कहा, ''भारतपे वन के साथ, हम एक और डिसरप्टिव उत्पाद लेकर आए हैं जो डिजिटल भुगतान के नजरिये को बदल देगा। देश भर के लाखों ऑफ़लाइन व्यापारियों के लिए दक्षता और सुविधा बढ़ाएगा। कई फंक्शनालिटी को एक लागत प्रभावी उपकरण में जोड़कर, हम विभिन्न क्षेत्रों में छोटे और मध्यम व्यवसायों की विभिन्न जरूरतों के अनुरूप एक व्यापक समाधान प्रदान कर रहे हैं। भारतपे एक मर्चेंट-प्रथम कंपनी है और यह अत्याधुनिक डिवाइस ऑफ़लाइन व्यापारियों के लिए एक पसंदीदा भागीदार बनने, मूल्य प्रदान करने और उनके व्यापार विकास को मजबूत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।'' भारतपे के मुख्य बिजनेस अधिकारी-पीओएस सॉल्यूशंस, रिजीश राघवन ने कहा, भारतपे वन को हमारे व्यापारी भागीदारों को एकीकृत और निर्बाध भुगतान अनुभव प्रदान करने के लिए 'वन-स्टॉप डिवाइस' के रूप में डिजाइन किया गया है। मुझे विश्वास है कि भारत का यह पहला ऑल-इन-वन पेमेंट डिवाइस व्यापारियों को एक बेहतर ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने में मदद करेगा, जिससे ग्राहकों की खुशी सुनिश्चित होगी। पायलट चरण में हमें अपने व्यापारियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और हमारा मानना ??है कि यह डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम के लिए एक और गेम चेंजर साबित होगा, जो फिनटेक उद्योग में अग्रणी के रूप में हमारी स्थिति को और मजबूत करेगा।

## वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने अख्तर खत्री को नियुक्त किया डायरेक्टर- सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी

**वड़ोदरा एजेंसी।** भारत में 'जॉय ई-बाईक' ब्राण्ड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई-रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाले प्रमुख निर्माताओं में से एक वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने श्री अख्तर खत्री को डायरेक्टर- सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी (डोमेस्टिक एण्ड इंटरनेशनल सेल्स) नियुक्त करने की घोषणा की है। 25 सालों के गौरवशाली करियर के साथ श्री खत्री के पास बैंकिंग, फाइनैंस, सेल्स एवं मार्केटिंग में गहन अनुभव है, जो निश्चित रूप से इस नई भूमिका के लिए बेहद कारगर होगा। डायरेक्टर सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी (डोमेस्टिक एण्ड इंटरनेशनल सेल्स) के रूप में श्री खत्री दोपहिया/तिपहिया/चार पहिया कारोबार के लिए सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी को संभालेंगे, साथ ही इंटरनेशनल मार्केट का भी नेतृत्व करेंगे। वे कारोबार के लक्ष्यों के अनुरूप सेल्स बढ़ाने के लिए योजनाएं बनाएंगे। वे इंस्टीट्यूशनल सेल्स और कॉर्पोरेट कारोबार का भी नेतृत्व करेंगे। वे कंपनी के प्राथमिक दृष्टिकोण के मद्देनज़र वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स की सेल्स को नई उंचाईयों तक पहुंचाने में योगदान देंगे। उनका सक्रिय दृष्टिकोण और व्यापक कौशल बाज़ार के अवसरों का लाभ उठाने में कारगर साति होगा और स्थायी परिवहन समाधानों में लीडर के रूप में वार्डविज़र्ड की स्थिति को और अधिक मजबूत बनाएगा।



इस नियुक्ति पर बात करते हुए श्री यतिन गुप्ते, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने कहा, ''वार्डविज़र्ड इनोवेशन के परिवार में श्री अख्तर खत्री का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। उनका ट्रैक रिकॉर्ड और कौशल हमारी लीडरशिप टीम में एक महत्वपूर्ण एडीशन है। हमें विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन में हम इनोवेट करना, मार्केट में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाना और उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान जारी रखेंगे।''

इस नई भूमिका पर उत्साह व्यक्त करते हुए श्री अख्तर खत्री, डायरेक्टर-सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी (डोमेस्टिक एण्ड इंटरनेशनल सेल्स), वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने कहा, ''वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड में डायरेक्टर- सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी (डोमेस्टिक एण्ड इंटरनेशनल सेल्स) के रूप में नियुक्त किया जाना मेरे लिए बेहद खुशी और सम्मान की बात है। इलेक्ट्रिक परिवहन समाधानों के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता मेरे व्यक्तिगत एवं पेशेवर मूल्यों के अनुरूप है। मुझे विश्वास है कि वार्डविज़र्ड की प्रतिभाशाली टीम के साथ मिलकर हम स्थायी विकास को बढ़ावा देंगे और समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न कर सकेंगे।'' श्री खत्री मंगलम इंडस्ट्रियल फाइनैंस लिमिटेड से वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स में शामिल हुए हैं, जहां वे चीफ़ फाइनैंस ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे। मंगलम इंडस्ट्रियल फाइनैंस लिमिटेड से पहले उन्होंने कई मुख्य भूमिकाओं में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं जैसे एक्सिस बैंक लिमिटेड में एनआरआई बिज़नेस हैड, बजाज आलियान्ज़ लाईफ इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड में सीनियर डिविज़नल मैनेजर।

# World cup: पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें फाइनल में, बोम्मदेवरा ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में किया सुधार





**शंघाई, एजेंसी।**
भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्किये और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया।

भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप के फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया।

### पुरुष टीम का फाइनल में नीदरलैंड से सामना

अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की। भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी, लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा।

### महिला टीम की भिड़ंत इटली से होगी

महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्किये और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाए।

# उसैन बोल्ट आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के ब्रांड एम्बेसडर बने



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ओलिंपिक लिजेंड उसैन बोल्ट को आगामी आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया है। टी-20 वर्ल्ड जो 1-29 जून 2024 तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। 11 बार के वर्ल्ड चैंपियन बोल्ट वेस्टइंडिज के जमैका से हैं। उन्होंने 2017 में लंदन वर्ल्ड चैम्पियनशिप के बाद संन्यास ले लिया था। उन्होंने अपने आखिरी टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीता था।

बोल्ट ने कहा, मैं आगामी टी-20 वर्ल्ड कप का ब्रांड एम्बेसडर बनकर रोमांचित हूं। इस खेल ने हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखा है, और मैं वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज मैचों में भाग लेने और वर्ल्ड लेवल पर क्रिकेट के डेवलपमेंट में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि मैं निश्चित रूप से वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करूंगा, लेकिन इस गेम को अमेरिका में लाना क्रिकेट के लिए बड़ी बात है। यह दुनिया का सबसे बड़ा स्पोर्ट मार्केट है और टी-20 वर्ल्ड कप के लिए हम जो करेंगे, वह 2028 में ऱ ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की दिशा में एक बड़ा मौका है।

बोल्ट ने 100 मीटर रेस 9.58 सेकंड और 200 मीटर रेस 19.19 सेकंड में पूरी की थी। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है। बोल्ट ने 3 ओलिंपिक में 8 गोल्ड जीते थे। इनमें से 2008 बीजिंग ओलिंपिक में 2, जबकि 2012 लंदन ओलिंपिक और 2016 रियो ओलिंपिक में 3-3 गोल्ड जीते थे।

जमैका में जन्मे बोल्ट बोल्ट ने अपना बचपन भाई के साथ गली में क्रिकेट और फुटबॉल खेलकर बिताया। 12 साल की उम्र तक उन्होंने यह तो सोच लिया था कि खेल में ही करियर बनाना है, लेकिन किस खेल में बनाना है, यह तय नहीं कर पा रहे थे।

## आईपीएल 2024

# डीसी के खिलाड़ी पर बीसीसीआई का एक्शन



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दार पर बुधवार 24 अप्रैल, बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान अत्यधिक जश्न मनाने के लिए जुर्माना लगाया गया है। डीसी ने आखिरी ओवर के रोमांचक मुकाबले में 4 रन से जीत दर्ज की और अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को बरकरार रखा। डीसी ने पहले बैटिंग करते हुए 224 रन बनाए थे, इस स्कोर के सामने जीटी निर्धारित 20 ओवर में 220 ही रन बना सकती थी।

रसिख ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। इसमें ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करना शामिल है जो अपमान करते हैं या जो किसी अन्य खिलाड़ी की आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़का सकते हैं।

आईपीएल की प्रेस रिलीज के अनुसार दार ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया है और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। रसिख सलाम ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार गेंदबाज की थी, 4 ओवर के कोटे में उन्होंने 44 रन खर्च कर साई सुदर्शन, शाहरुख खान और साई किशोर के रूप में तीन बड़ी विकेट चटकाई थी। बात मुकाबले की करें तो, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने कप्तान ऋषभ पंत की 88 रनों की नाबाद पारी के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 224 रन बोर्ड पर लगाए। इस स्कोर का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम 20 ओवर में 220 के स्कोर तक ही पहुंचने में कामयाब रही। जीटी की ओर से साई सुदर्शन ने 65 तो डेविड मिलर ने 55 रनों की पारी जरूर खेली, मगर वह अपनी टीम को जीत की दहलीज पार नहीं करा पाए। दिल्ली के लिए रसिख दार सलाम ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए।

# पंत को टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए: संजय मांजरेकर





**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि ऋषभ पंत वो काम कर सकते हैं जो ज्यादातर भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज नहीं कर सकते और इसलिए उन्हें टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 44 रन की पारी खेलने के बाद पंत ने बुधवार रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ 204.6 के स्ट्राइक रेट से आठ छक्के और पांच चौके लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनकी 43 गेंदों में 88 रन की पारी ने डीसी को गुजरात के खिलाफ 4 विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया।

जब पंत ने अक्षर पटेल के साथ हाथ मिलाया तो डीसी 3 विकेट पर 44 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी और दोनों बल्लेबाजों ने 68 गेंदों में 113 रन जोड़े। संजय मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, ÷हम जिस कारण से इस पर बहस कर रहे हैं उसका एकमात्र कारण हमारे पास मौजूद विकल्प है। एक विकल्प के रूप में संजू सैमसन और केएल राहुल हैं, दोनों बहुत ही रोमांचक हैं लेकिन बात ऋषभ पंत की है और यही कारण है कि मैं 15 में, प्लेइंग 11 में भी हर समय उनका समर्थन करूंगा, बड़े मंच पर आएं, सेमी- टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल, यह वह व्यक्ति है जो 60 गेंदों में शतक लगाएगा और मैच जीतेगा।

उन्होंने कहा, अब यह कुछ ऐसा नहीं है जिसे भारतीय टीम में बहुत से लोग करेंगे। हमने देखा है कि भारतीय टीम फाइनल राउंड में पहुंची और बड़े मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, ऋषभ पंत स्वभाव से एक अलग तरह के स्थान पर हैं जहां आप जानते हैं कि इस तरह का मंच, उन्हें और अधिक फलने-फूलने की अनुमति देता है। वह उस तरह की स्थिति में आराम करते हैं।

यह पंत का 2024 आईपीएल सीज़न का सर्वोच्च स्कोर था क्योंकि उन्होंने पहले ही नौ मैचों में 48.86 की औसत के साथ तीन अर्धशतक सहित 342 रन बनाए हैं। उनकी 88 रनों की तूफानी नाबाद पारी ने टी20 विश्व कप में विकेटकीपर बल्लेबाज के स्थान की लड़ाई में स्टार बल्लेबाज का पक्ष लिया है। भारत के एक अन्य पूर्व क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने पंत के प्लेइंग इलेवन में शामिल होने को लेकर आश्वस्त थे और कहा, ÷वह मेरे प्लेइंग 11 में हैं। आज से पहले, मुझे लगता है कि हमने खेल से पहले भी यह बातचीत की थी और मैंने बिना किसी संदेह के कहा था कि ऋषभ पंत मेरी प्लेइंग 11 में आता है। दीप दासगुप्ता ने कहा,डेढ़ साल पहले जो कुछ हुआ उसके बाद आईपीएल शुरू होने से पहले एकमात्र संदेह उनकी फिटनेस का स्तर था। वह किस प्रकार की शारीरिक स्थिति में है और यदि वह फिट है जैसा कि वह है, तो वह फिट से भी बेहतर है। दरअसल, आप जानते हैं कि मैं उनसे क्या बातें कर रहा था. पिछले चार या पांच महीनों में उसका वजन छह किलो कम हो गया है और वह वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा है। तो हाँ, आइए बात करते हैं ऋषभ पंत के बारे में। मेरा मतलब है कि वह अधिक फिट है, वह तेज है, वह बेहतर बल्लेबाजी कर रहा है। बिना किसी संदेह के, जहां तक मेरा सवाल है, मुझे लगता है कि यह कोई बहस ही नहीं है। 15, हाँ, वह वहाँ है। 1 मई को आईसीसी की सबमिशन की समय सीमा भाग लेने वाली टीमों को 25 मई तक अपने प्रारंभिक चयन में बदलाव करने की अनुमति देती है।

## आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025

# पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम? अब हो गया पक्का! चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले फंसा पेच

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में 2025 में होना है, लेकिन भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए वहां जाएगी या नहीं इस पर कोई अधिकारिक रिपोर्ट नहीं आई है. इस बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टीम इंडिया वहां खेलने नहीं जाएगी. भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान खेलने नहीं जाती है तो क्या होगा.

इस पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बयान दिया है. एक सूत्र ने कहा, अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आधिकारिक तौर पर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी खेलने के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करता है तो विकल्पों पर विचार करेगा. दरअसल, हाल में एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें ऐसा कहा गया था कि भारत अगले साल पड़ोसी देश में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा. सूत्र ने बताया, पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी पहले ही कह चुके हैं कि पाकिस्तान भारत के साथ तटस्थ स्थान पर द्विपक्षीय सीरीज खेलने के लिए तैयार है, अगर भारत अगले साल पाकिस्तान में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए सहमत हो . इस सूत्र ने कहा, रोहित शर्मा के बयान और बीसीसीआई के सूत्र पर आधारित रिपोर्ट पर स्पष्ट विरोधाभास है.



इससे साफ पता चलता है कि अगर बात क्रिकेट की हो तो खिलाड़ी इच्छुक हैं और उन्हें घरेलू मैदानों पर एक-दूसरे के साथ खेलने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन भारत का राजनीतिक नेतृत्व है, जो ऐसा नहीं करना चाहता है.

## आईपीएल:2024

# मोहित ने आईपीएल का सबसे महंगा स्पेल फेंका

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2024 के 40वें मैच में गुजरात टाइटंस को 4 रन से हराया। अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। दिल्ली ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 224 रन बनाए। जवाब में गुजरात 20 ओवर में 8 विकेट पर 220 रन ही बना सकी। जीटी के खिलाफ पहली बार किसी टीम ने इतना बड़ा स्कोर बनाया। डीसी के कप्तान ऋषभ पंत ने 43 बॉल पर 88 रन बनाए। इसमें से उन्होंने 28 रन आखिरी ओवर में मोहित शर्मा के खिलाफ 4 बॉल में स्कोर किए। शर्मा ने आईपीएल का सबसे महंगा स्पेल फेंका।

### मोहित शर्मा ने आईपीएल का सबसे महंगा स्पेल फेंका

मोहित शर्मा ने आईपीएल का सबसे महंगा स्पेल फेंका। उन्होंने 4 ओवर में कुल 73 रन दिए, इसमें से 31 रन उनके आखिरी ओवर से आए। मोहित ने एसआरएच के लिए खेल चुके बसिल थंपी का रिकॉर्ड तोड़ा। साल 2018 में एसआरएच प्लेयर थंपी के खिलाफ आरसीबी के बैटर्स ने 70 रन बनाए थे।



**IPL में सबसे महंगे बॉलर्स**

| बॉलर | विकेट रन (ओवर) | टीम | कब |
|---|---|---|---|
| मोहित शर्मा | 0/73 | GT vs DC | 2024 |
| बसिल थंपी | 0/70 (4) | SRH vsRCB | 2018 |
| यश दयाल | 0/69 (4) | GT vs KKR | 2023 |
| रीस टॉपली | 1/68 | RCB vs SRH | 2024 |
| इशांत शर्मा | 0/66 (4) | SRH vs CSK | 2013 |
| मुजीब उर रहमान | 0/66 (4) | PBKS vs SRH | 2019 |

## Candidates Chess:

# गुकेश का स्वदेश लौटने पर हुआ भव्य स्वागत

**चेन्नई, एजेंसी।**
भारतीय ग्रैंडमास्टर ने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का खिताब जीतकर गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ा था। वह 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत हुआ। गुकेश टोरंटो में हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। गुकेश गुरुवार देर रात चेन्नई पहुंचे जहां एयरपोर्ट पर भारी संख्या में मौजूद प्रशंसकों ने उनका स्वागत किया।



### गुकेश की एक झलक पाने को बेताब दिखे फैंस

वेलामल विद्यालय जहां गुकेश पढ़ते हैं वहां के सैकड़ों छात्र एयरपोर्ट पर करीब एक घंटे तक उनका इंतजार करते रहे। इसके अलावा जैसे-जैसे गुकेश की फ्लाइट लैंड होने का समय नजदीक आता गया वैसे-वैसे एयरपोर्ट पर फैंस की भीड़ बढ़ती चली गई। यह युवा शतरंज खिलाड़ी करीब तीन बजे एयरपोर्ट से बाहर आया और उन्हें तुरंत वहां मौजूद फैंस ने घेर लिया। फैंस ने गुकेश को माला पहनाई और पुलिस को उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए मेहनत करनी पड़ी। गुकेश की मां पदमा जो एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट हैं वह भी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गुकेश का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद थीं।

# एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत को चार मेडल: दीपांशु ने जीता गोल्ड

**दुबई, एजेंसी।**
दुबई में बुधवार से शुरू हुए अंडर-20 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय एथलीटों ने पहले दिन एक गोल्ड सहित कुल चार मेडल जीते। जेवलिन में गोल्ड और सिल्वर भारतीय एथलीटों ने झटके, वहीं 1500 मीटर और डिस्कस थ्रो में भी भारत को सिल्वर मेडल मिले। एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 24 से 27 अप्रैल तक है। भारत से 31 पुरुषों सहित 60 सदस्यीय टीम इस चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। यह चैंपियनशिप पेरू के लीमा में 27-31 अगस्त को होने वाली वर्ल्ड अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का क्वालिफाइंग भी है।

बुधवार को पहले दिन दीपांशु ने 70.29 मीटर जेवलिन थ्रो कर भारत को पहला गोल्ड दिलाया। वहीं इस इवेंट 70.23 के साथ यूपी के रोहन यादव दूसरे स्थान पर रहे। यूपी के ही प्रियांशु ने पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में 3ः50.85 सेकेंड के साथ सिल्वर जीता। जबकि कतर के एतौलगाजी ने गोल्ड जीता।

वहीं डिस्कस थ्रोअर रितिक राठी ने सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने पहला थ्रो 49.97 मीटर फेंका। दूसरे प्रयास में उन्हें कोई अंक नहीं मिला। वहीं उन्होंने तीसरे चांस में 52.23 मीटर फेंक कर मेडल की दावेदारी प्रस्तुत किया। चौथे प्रयास में फिर से उन्हें कोई अंक नहीं मिला, जबकि पांचवां चांस में 50.35 मीटर था और उनका अंतिम और छठा प्रयास 53.01 मीटर था।

कतर के जिब्राइन एडौम अहमत को गोल्ड मिला। उन्होंने 54.80 मीटर का थ्रो फेंका था। सऊदी अरब के हसन मुबारक अलहसाई ने 50.41 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। डिस्कस थ्रोअर रितिक राठी ने 52.23 मीटर थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता। डिस्कस थ्रोअर रितिक राठी ने 52.23 मीटर थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता।



### लक्षिता, तन्वी और विनोद सैंडलिया 800 मीटर फाइनल में भिड़ेंगे

वहीं बुधवार को 800 मीटर के हीट इवेंट में महिला एथलीट लक्षिता और तन्वी के साथ के साथ पुरुष एथजलीट विरोद सैंडिलया फाइनल में पहुंच गए हैं।

बुधवार को 800 मीटर हीट में लक्षिता 2ः09.39 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि तन्वी मलिक 2ः12.82 के समय के साथ अपनी हीट में चौथे स्थान पर रहीं।

### अनुष्का और संगीता, अमन चौधरी 400 मीटर में मेडल की होड़ में शामिल

400 मीटर दौड़ में अनुष्का दत्तात्रेय कुंभार और एसएआई संगीता डोडला फाइनल में पहुंच कर मेडल की उम्मीद को बरकरार रखा है। अनुष्का दत्तात्रेय कुंभार 400 मीटर हीट में पहले स्थान पर रहीं। उन्होंने 55.75 सेकेंड का समय निकाला।

संगीता डोडला ने 56.21 सेकेंड का समय लेकर अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल किया और पोडियम की दौड़ में बनी हुई हैं। पुरुषों की 400 मीटर हीट में अमन चौधरी ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए मेडल राउंड में प्रवेश किया। उन्होंने अपनी हीट में शीर्ष पर पहुंचने के लिए 48 सेकंड का समय लिया।

# हाथरस लोकसभा सीट समीकरण, तीन दशक से भाजपा का दबदबा, सपा-बसपा ने लगाया जोर

**हाथरस, एजेंसी।**
हाथरस लोकसभा सीट पर राम मंदिर आंदोलन के बाद से हमेशा भाजपा का ही दबदबा रहा है। 1991 से ही भाजपा का इस सीट पर कब्जा है। केवल 2009 में रालोद के पास यह सीट गई थी। हालांकि उस समय भी रालोद भाजपा के साथ थी। गठबंधन के तहत उसे सीट मिली थी। मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर के पिता किशन लाल दिलेर यहां से लगातार चार बार सांसद रहे हैं। हालांकि इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर को टिकट नहीं दिया है। उनकी जगह अनूप वाल्मीकि को उतारा गया है। सपा की तरफ से रामपुर मनिहार के प्रभारी जसवीर वाल्मीकि को मौका दिया गया है। बसपा ने हेमबाबू धनगर पर दांव लगाया है। राम मंदिर आंदोलन वाले वर्ष 1991 में भाजपा से डा. लाल बहादुर रावल चुनाव जीते। वर्ष 1996, 1998, 1999 और 2004 में लगातार किशलाल दिलेर चुनाव जीते। वर्ष



2014 में राजेश दिवाकर और फिर 2019 में राजवीर दिलेर यहां से जीतकर लोकसभा पहुंचे।

हाथरस जिले का गठन 3 मई 1997 को अलीगढ़, मथुरा और आगरा जिले के हिस्सों को मिलाकर किया गया था। मायावती सरकार में जिले का नाम गौतम बुद्ध की माता के नाम पर महामाया रखा गया था। साल 2012 में दोबारा इसे हाथरस कर दिया गया। हाथरस सुरक्षित सीट पर हमेशा ही भाजपा का दबदबा रहा है। अब तक हुए कुल 15 चुनावों में सात बार भाजपा जीती है। 2009 में भाजपा गठबंधन से रालोद प्रत्याशी लोकसभा पहुंची थीं। कांग्रेस के चार बार सांसद हाथरस लोकसभा सीट से बने हैं। दो बार जनता पार्टी और एक बार जनता दल के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है।

यह सीट मुस्लिम-जाट वोटर बाहुल्य क्षेत्र है। कोरी समाज के लोगों का भी इस लोकसभा सीट पर अच्छा खासा प्रभाव है। पिछले चुनावी आंकड़ों के अनुसार यहां पर करीब 17 लाख से अधिक मतदाता हैं। इनमें से करीब 9.6 लाख पुरुष वोटर और 7.8 लाख महिला मतदाता हैं।

हाथरस लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा सीटें छर्रा, इगलास, हाथरस, सादाबाद और सिकंदरा राऊ आती हैं। चार सीटों पर भाजपा और सादाबाद सीट पर रालोद का कब्जा है। पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के राजवीर दिलेर ने 6,84,299 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी। सपा के राम जी लाल सुमन को 4,24,091 वोट मिले थे। कांग्रेस के त्रिलोकी राम केवल 23,926 वोट हासिल कर सके थे। इससे पहले 2014 में बीजेपी के राजेश कुमार दिवाकर 5,44,277 वोट हासिल कर जीते थे। तब बसपा के मनोज कुमार सोनी 2,17,891 वोटों के साथ दूसरे और सपा के रामजी लाल सुमन 1,80,891 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

## राजकुमार के इस्तीफे से कांग्रेस में बढ़ेगा असंतोष, अभी भी चल रही प्रत्याशी बदलवाने की कोशिश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व मंत्री एवं दिल्ली के कद्दावर कांग्रेसी नेता राजकुमार चौहान के इस्तीफे देने से प्रदेश कांग्रेस में उपजा असंतोष थमेगा नहीं बल्कि और बढ़ेगा। वजह, उत्तर पश्चिमी और उत्तर पूर्वी दोनों ही सीटों पर टिकट वितरण से ज्यादातर नेता- कार्यकर्ता नाराज चल रहे हैं। उनकी कोशिश तो अभी भी उम्मीदवार बदलवाने की चल रही है। दरअसल, अगस्त 2023 तक दिल्ली में हाशिए पर चल रही कांग्रेस की प्रदेश इकाई सितंबर 2023 में अरविंदर सिंह लवली के अध्यक्ष बनने के बाद एक बार फिर खड़ी होनी शुरू हुई। सालों से घर बैठे कांग्रेसी भी फिर से पार्टी कार्यालय आने लगे। लेकिन आलाकमान के निर्णय एक बार फिर पार्टी की मजबूती की राह में रोड़ा बन गए। पहला निर्णय आप के साथ लोकसभा चुनाव में गठबंधन तो दूसरा तीन में से दो सीटों पर स्थानीय के बजाए बाहरी उम्मीदवारों को टिकट देना रहा। अभी तक उक्त निर्णयों के विरोध स्वरूप नेताओं-कार्यकर्ताओं के मन में चिंगारी सुलग रही थी तो अब खुलकर सामने आ गया। वरिष्ठ पार्टी नेताओं का मानना है कि आप से गठबंधन का मतलब खुद अपनी जमीन छोड़ते जाना है। कांग्रेस से नाराज होकर जो लोग आप के पास चले गए थे, अब वापस कांग्रेस की ओर मुंह ताक रहे थे। लेकिन आप-कांग्रेस के गठबंधन से दिल्ली वासी स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। रही सही कसर उत्तर पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिमी दिल्ली से उदित राज को टिकट देकर पूरी कर दी गई। अनेक पार्टी नेताओं ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि कोई नेता कार्यकर्ता कांग्रेस के लिए मेहनत करेगा ही क्यों? चार सीटें आप को दे दी गई जबकि दो सीटों पर बाहर के उम्मीदवार लाकर बैठा दिए गए।

### संक्षिप्त समाचार

## गौतमबुद्ध नगर में मतदान कराने के लिए फूल मंडी से पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा के दूसरे चरण के तहत जनपद में शुक्रवार यानी 26 अप्रैल को मतदान होना है। लोकसभा सीट की पांचों विधानसभा के 26 लाख 75 हजार 148 मतदाता अपने सांसद का चुनाव करेंगे। नोएडा के फेस दो फूल मंडी में सुबह छह बजे से पोलिंग पार्टियों जमा हुईं और अपने-अपने मतदान केंद्र की ओर रवाना हो गईं। फूल मंडी में हर विधानसभा वाइज पंडाल बनाए गए थे। किसकी किस मतदान केंद्र पर ड्यूटी लगी है, उन सब के बारे में जानकारी के लिए एक पूछताछ केंद्र भी बनाया गया है। सभी कर्मचारी फूल मंडी में जमा हुए और पोलिंग पार्टियो की रूप में मंडी से अपने-अपने मतदान केंद्र की ओर रवाना हो गए। पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए मंडी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। डीएम, एडीएम, एसडीएम से लेकर जिले के सभी अधिकारी मंडी में मौजूद रहे। जिला प्रशासन की यह मंशा है कि गौतमबुद्ध नगर में ज्यादा से ज्यादा वोटिंग परसेंटेज हो और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो जाए। सभी लोग अपने अपने मत का इस्तेमाल करें क्योंकि यह हमारा अधिकार है कि लोग अपने वोट का इस्तेमाल जरूर करें। इसके साथ ही कई पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है। मतदान को संपन्न करने के लिए 8175 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। 2038 पार्टियों के कंधों पर चुनाव की जिम्मेदारी है।

## पश्चिम से पूरब तक राजनीति के केंद्र में रहा है गन्ना, उद्योग ने बदली सियासत

**लखनऊ , एजेंसी।** गन्ना किसान राजनीति का बड़ा मुद्दा रहा है। पश्चिम से लेकर पूरब तक गन्ना राजनीति के केंद्र में रहा है। समय से भुगतान, बकाये पर ब्याज, गन्ना मूल्य और चीनी मिलों की मनमानी से उपजी नाराजगी का असर गन्ना बेल्ट की राजनीति पर साफ दिखता है। पिछले छह सालों में गन्ने से लेकर चीनी उत्पादन तक को पारदर्शी बनाने के लिए उठाए गए कदमों ने यहां की राजनीति पर भी असर डाला। किसानों को मेहनत का सही दाम मिले और चीनी मिलें भी फायदे में चलें, इसे ध्यान में रखकर कई फैसले लिए गए। एथेनॉल इंडस्ट्री ने तो गन्ना किसानों और चीनी मिलों के लिए 'टॉनिक' का काम किया है। एथेनॉल से मिलों का मुनाफा बढ़ा। इसका परिणाम यह हुआ कि किसानों को जल्द भुगतान होने लगा। इस बीच किसानों की मांग पर 20 रुपये रेट बढ़ाए गए। मुनाफा बढ़ने की वजह से ही गन्ने का रकबा भी बढ़ गया। या यूं कहें कि पश्चिम में जैसे-जैसे गन्ना मजबूत हुआ, भाजपा भी मजबूत होती गई। गन्ना किसानों की नाराजगी सुरेश राणा को भारी पड़ी थी। वजह थी शामली में चीनी मिल का देरी से भुगतान करना। हालांकि, अब भुगतान समय से हो रहा है। आज देश में चीनी उत्पादन में यूपी ने महाराष्ट्र को पीछे छोड़ दिया है। छह साल में रिकॉर्ड 682 लाख टन से ज्यादा चीनी उत्पादन किया गया। गन्ना बकाये को तकरीबन हर चुनाव में मुद्दा बनाया जाता रहा है। किसान आंदोलित होते थे और सरकार तरह-तरह की सफाई देती थी। वर्ष 2018 से गन्ने के पूरे अर्थशास्त्र को डिजिटल करने की शुरुआत की गई। नतीजतन सहकारी केंद्रों में गन्ना बेचने के लिए जरूरी पर्ची लेने के लिए जो मारामारी मची रहती थी, अब वह नहीं है। चीनी मिलों की घटतौली पर अंकुश लगा। किसान को केवल गन्ना पैदा करना है। मार्केटिंग यानी बेचने की जिम्मेदारी सरकार ने ले ली। एक खेत में कितना गन्ना होगा और कब बेचा जाएगा, सब कुछ एप पर ही आ रहा है। करीब 48 लाख किसान एप से जुड़े हैं। उनके पास गन्ने के उत्पादन से लेकर पैसा ट्रांसफर तक का डाटा होता है। गन्ना चीनी के अलावा तमाम कीमती उत्पादों का जरिया है। शोध में पाया गया है कि गन्ने के 82 फीसदी हिस्से से तमाम उत्पाद और केमिकल बन सकते हैं। इससे चीनी का हिस्सा केवल 18 फीसदी रह जाएगा।

## 2 करोड़ से ज्यादा रुपये डकार गए जालसाज

**दक्षिणी दिल्ली।** साइबर जालसाजों ने तीन महीने में दक्षिणी दिल्ली के निवासियों से दो करोड़ से ज्यादा रुपये की ठगी कर ली। आरोपितों ने पीड़ितों को अलग-अलग तरीकों अपना शिकार बनाया। दक्षिणी, दक्षिणी-पश्चिमी और दक्षिणी-पूर्वी दिल्ली जिले की पुलिस ने एफआइआर तो दर्ज कर ली, लेकिन जालसाजों के आकाओं तक नहीं पहुंच सकी। जबकि ठगी का सिलसिला अभी भी जारी है। इस साल जनवरी से मार्च महीने तक तीनों जिलों के साइबर क्राइम थानों में जालसाजी के करीब 79 केस दर्ज किए गए। इन मामलों में जालसाजों ने पीड़ितों की दो करोड़ से ज्यादा रुपये की गाढ़ी कमाई ठग ली। आरोपितों ने किसी से 20 लाख तो किसी ने 50 लाख रुपये की ठगी की। इसके अलावा अन्य थानों में भी 10 से ज्यादा ठगी की एफआइआर दर्ज की जा चुकी है। अभी भी ऐसे मामले आ रहे है। ऐसे शातिरों की गिरफ्तारी करना भी पुलिस के लिए मुश्किल हो गया है। जालसाज वारदात के बाद अपने मोबाइल सहित अन्य संपर्क सूत्र को बंद कर देते हैं। जालसाजों ने अधिकतर मामलों में ऑनलाइन ट्रेडिंग और टास्क देकर मोटा पैसा कमाने का झांसा देकर ठगी की है। तीन महीनों में सामने आए मामलों में 50 वारदातों को इसी तरह अंजाम दिया। वे ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर पीड़ितों से लाखों रुपये का निवेश करा लेते हैं। पैसे लेने के बाद अपना मोबाइल नंबर बंद कर देते हैं। इसी तरह ठग ऑनलाइन टास्क देकर पीड़ितों को पहले दो-तीन दिन तक दो से तीन हजार रुपये का मुनाफा देते हैं। फिर ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर उनसे लाखों रुपये फर्जी खातों में ट्रांसफर करा लेते हैं। ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 पर काल करें।

## वोटर आईडी नहीं तो परेशान न हों, आप भी कर सकते हैं मतदान

**गाजियाबाद, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची में अगर आपका नाम दर्ज है और आपके पास वोटर कार्ड या मतदाता पर्ची नहीं पहुंची तो परेशान न हों। आप निर्वाचन आयोग के अन्य विकल्पों को मिली मान्यता के आधार पर अन्य पहचान पत्रों से मतदान कर सकते हैं।

वोटर पर्ची और बूथ की जानकारी न होने पर इलक्टोरल सर्च वेबसाइट पर अपना नाम खोजने के अनेक तरीके मिलेंगे। इसे वोटर आईडी कार्ड में दर्ज एपिक नंबर या मोबाइल नंबर से भी खोज सकते हैं। मतदाता वैकल्पिक पहचान पत्र के रूप में वोटर पहचान पत्र के अलावा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय योजना का स्वास्थ्य बीमा कार्ड, पेन कार्ड, एनपीआर के तहत आरबीआइ से जारी स्मार्ट कार्ड, केंद्र राज्य या लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों के लिए बनाए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र से भी मतदान कर सकेंगे।

## अरुणाचल में भारी बारिश से भूस्खलन में बहा हाईवे, चीन सीमा से सटे जिले से टूटा संपर्क

**ईटानगर, एजेंसी।**
अरुणाचल प्रदेश के दिबांग जिले को शेष भारत से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे 33 का हिस्सा बह गया है। बीते कई दिनों से लगातार चल रही बारिश से हुए भूस्खलन के चलते हाईवे का यह हिस्स कट कर बह गया। दिबांग घाटी चीन से सटा हुआ इलाका है और रणनीतिक लिहाज से बेहद अहम है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे का हिस्सा कट जाने से बड़ा नुकसान हुआ है और इससे आवाजाही ठप हो गई है। फिलहाल नेशनल हाईवेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने टीम को भेजा है ताकि राजमार्ग की तुरंत रिपेयरिंग की जा सके। अधिकारियों ने कहा कि मौके पर सभी जरूरी चीजें भेजी गई हैं। मौके पर खाने के सामान समेत तमाम चीजों की आपूर्ति हो रही है और किसी चीज की कमी नहीं है। दरअसल इस हाईवे का कट जाना इसलिए चिंताजनक है क्योंकि यह जिले के लोगों और सेना के लिए लाइफलाइन है। चीन से लगती सीमा तक पहुंचने के लिए सेना



भी इसी हाईवे का इस्तेमाल करती है। राज्य सरकार ने हाईवे को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है और अगले तीन दिनों तक यहां से न गुजरने की सलाह दी है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे की रिपेयरिंग में कुछ दिन लगेंगे।

इस प्राकृतिक आपदा को लेकर अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पर लिखा है, यह जानकर चिंतित हूं कि हुनली और अनिनि को जोड़ने वाले हाईवे को बड़ा नुकसान पहुंचा है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिबांग घाटी को शेष भारत से जोड़ने के लिए जल्दी ही काम शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। इसे लेकर अथॉरिटीज ने काम भी शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि अरुणाचल प्रदेश राज्य का बड़ा हिस्सा चीन से सटा हुआ है। यही नहीं अरुणाचल प्रदेश के एक हिस्से पर चीन दावेदारी करता है, जिसके चलते यह रणनीतिक लिहाज से संवेदनशील है।

## विश्वविद्यालयों में बढ़ते फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों से घबराई सरकार, सैंकड़ों हिरासत में, कई कॉलेज हुए बंद

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** न्यूयॉर्क पुलिस ने तो सोमवार को यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क और येले यूनिवर्सिटी प्रशासन को समन जारी कर फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों को सुलझाने को कहा है। बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के चलते 21 यूनिवर्सिटीज में कक्षाएं ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। अमेरिका के कई विश्वविद्यालय इन दिनों विरोध प्रदर्शनों का केंद्र बने हुए हैं। दरअसल अमेरिकी यूनिवर्सिटीज में फलस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन इतने बढ़ गए हैं कि अमेरिकी सरकार भी घबरा गई है। यही वजह है कि सरकार ने कई यूनिवर्सिटीज को बंद करने और ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का आदेश दिया है। विरोध प्रदर्शनों के चलते सैंकड़ों छात्रों को हिरासत में लिया गया है और 100 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कैलिफोर्निया से लेकर न्यूयॉर्क तक अमेरिका की 21 यूनिवर्सिटीज में बीते कुछ दिनों से फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। बड़ी संख्या में छात्र कॉलेज परिसर में ही तंबू लगाकर रह रहे हैं। न्यूयॉर्क पुलिस ने तो सोमवार को यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क और येले यूनिवर्सिटी प्रशासन को समन जारी कर फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों को सुलझाने को कहा है। बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के चलते 21 यूनिवर्सिटीज में कक्षाएं ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। वहीं कुछ कॉलेज बंद ही कर दिए गए हैं। अमेरिकी पुलिस ने सैंकड़ों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। जिन यूनिवर्सिटीज से छात्रों को हिरासत में लिया गया है, उनमें यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास और यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया आदि शामिल हैं।

यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास से ही 34 लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया से 93 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने इस हफ्ते की शुरुआत में 100 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## पत्नी पर भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद पीएम ने दिए राजनीति छोड़ने के संकेत, बोले- रुककर सोचने की जरूरत

**मैड्रिड , एजेंसी।** समाजवादी नेता सांचेज ने बुधवार को कहा कि उनकी पत्नी के खिलाफ लगे आरोप झूठे हैं। हालांकि उन्होंने सोमवार तक अपने सभी सार्वजनिक दायित्वों को निभाने पर रोक लगा दी है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज की पत्नी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इसके बाद पीएम सांचेज ने अपने सभी सरकारी काम रोक दिए हैं और कहा है कि उन्हें रुककर सोचने की जरूरत है। पीएम सांचेज ने संकेत दिए हैं कि वे राजनीति छोड़ भी सकते हैं। पीएम सांचेज की पत्नी बेगोना गोमेज के खिलाफ न्यायिक जांच शुरू हो गई है।




### स्पेन के पीएम ने दिए राजनीति छोड़ने के संकेत

समाजवादी नेता सांचेज ने बुधवार को कहा कि उनकी पत्नी के खिलाफ लगे आरोप झूठे हैं। हालांकि उन्होंने सोमवार तक अपने सभी सार्वजनिक दायित्वों को निभाने पर रोक लगा दी है। सोमवार को वह मीडिया के सामने आएंगे और अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर कोई बड़ा एलान कर सकते हैं। सांचेज ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि %मुझे थोड़ा रुककर सोचने की जरूरत है। मुझे तुरंत इस सवाल का जवाब ढूंढने की जरूरत है कि क्या मुझे सरकार का नेतृत्व जारी रखना चाहिए या फिर इस सम्मान को त्याग देना चाहिए। पीएम पेड्रो सांचेज सार्वजनिक जिम्मेदारियां नहीं निभा रहे हैं और जनता की नजरों से भी दूर हैं। पेड्रो सांचेज ने पत्नी गोमेज के खिलाफ मानोस लिमपियास नामक एक यूनियन ने आरोप लगाए हैं। यह यूनियन कानूनी मामलों के प्लेटफॉर्म की तरह भी काम करती है और बिजनेस डील्स को प्रभावित करने में भी इस यूनियन की भूमिका है। इस यूनियन के नेता मिगेल बर्नाड रेमोन हैं, जो कि एक दक्षिणपंथी नेता हैं। स्पेन में कानून है कि भ्रष्टाचार के मामलों में कोई भी मामला दर्ज कर सकता है, भले ही वह भ्रष्टाचार के मामले में सीधे शामिल न हो। आरोपों के बाद गोमेज के खिलाफ लगे आरोपों की जांच शुरू हो गई है। हालांकि इसे लेकर जानकारी नहीं दी गई है।

## बहुत नहीं भिड़ेंगे इस्राइल-ईरान, अमेरिका, रूस और चीन में कोई नहीं चाहता तीसरा विश्वयुद्ध

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
भारत के सामरिक और विदेश मामलों पर नजर रखने वाले रणनीतिक विशेषज्ञों की निगाह पश्चिम एशिया की तरफ टिकी हैं। भारतीय विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान और इस्राइल में अब आगे कोई बड़ी लड़ाई नहीं होगी। क्योंकि अमेरिका, चीन, रूस जैसे देशों के रणनीतिकारों को लग रहा है कि चिनगारी भड़की तो दूर तक जाएगी। चीन और रूस अपने कारणों से खुलकर लड़ाई में किसी का साथ नहीं देने वाले, क्योंकि तीसरे विश्वयुद्ध के शुरू हो जाने में देर नहीं लगेगी। भारतीय वायुसेना के पूर्व एयर वाइस मार्शल एनबी सिंह कहते हैं कि अगले 6-8 महीने में रूस और यूक्रेन के बीच में भी समझौता हो जाने के आसार हैं। पूर्व एयर वाइस मार्शल का कहना है कि यूक्रेन को लड़ाके नहीं मिल रहे हैं। उसने अपने यहां सैनिक से लेकर ड्राइवर तक की भर्तियां निकाल रखी हैं, लेकिन युवा पीछे हट रहे हैं। दूसरी तरफ, रूस ने अपने सभी मोर्चों से सैनिकों को बुलाकर मुख्य ध्यान यूक्रेन पर केंद्रित कर दिया है। यूक्रेन की जनता को लगने लगा है




कि इस लड़ाई में केवल तबाही है। इसलिए वह ऊब रही है। एनबी सिंह कहते हैं कि यूक्रेन, ताइवान समेत कई देशों में अमेरिका सहायता देता है, लेकिन इस सहायता का फायदा अमेरिकी कंपनियों को ही हो रहा है। उनके साजो-सामान, हथियार बिक रहे हैं। अब यूक्रेन के लोगों को लगने लगा है कि रूस के मुकाबले में उनकी लड़ाई न तो यूरोप लड़ने वाला है और न अमेरिका। खुफिया और सुरक्षा एजेंसी के पूर्व प्रमुख रहे सूत्र का भी कहना है कि दुनिया ने बड़ी लड़ाई लड़ ली है। अब थोड़ा शांति की बात होनी चाहिए। पूर्व मेजर जनरल का कहना है कि अमेरिका पर अपने व्यापारिक हितों को सुरक्षित रखने का बहुत बड़ा दबाव है।

**इस्राइल-ईरान की प्रतिक्रिया केवल दिखावे की थी:** खुफिया और सुरक्षा एजेंसी से जुड़े सूत्र का कहना है कि इस्राइल के अत्याधुनिक हथियारों और सैन्य क्षमता के आगे ईरान की ताकत काफी कम है। फिर इस्राइल के साथ अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस खड़े हैं। इसका कुछ मतलब है। जबकि ईरान के साथ कोई खुलकर सीधे लड़ने के लिए आने की मंशा नहीं दिखा रहा है। ईरान को भी पता है कि इससे अंत में उसके लोगों की ही परेशानी बढ़ेगी। एनबी सिंह कहते हैं कि रूस में यूक्रेन अभी अपनी लड़ाई लड़ रहा है। रूस के पास बाहर निकलकर दूसरे के लिए युद्ध लड़ने की स्थिति नहीं है। चीन की अर्थव्यवस्था अपने बुरे दौर से गुजर रही है। चीन इन्हें संभालने में लग गया है। चीन को भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में अपना खतरा भी दिखाई दे रहा है। इसलिए चीन, रूस जैसे देश अमेरिका पर युद्ध न थोपने का दबाव तो बढ़ा सकते हैं, लेकिन अगले पांच सालों तक चाहे ताइवान हो या कोई और मोर्चा, चीन युद्ध जैसे हालात से भरसक बचने की कोशिश करेगा। एयर वाइस मार्शल एनबी सिंह और रिटायर्ड मेजर जनरल दोनों का कहना है कि एक अप्रैल को सीरिया स्थित ईरान के वाणिज्यिक दूतावास पर इस्राइल के हमले का अर्थ कुछ और था। इसकी प्रतिक्रिया में 13 अप्रैल को ईरान की मिसाइल, ड्रोन से कार्रवाई अपनी जनता का गुस्सा शांत करने के लिए थी। इतना ही नहीं ईरान के हमले की प्रतिक्रिया में इस्राइल ने भी ईरान पर कोई बड़ा और भीषण जवाबी हमला नहीं किया। यह एक तरह से संदेश देने भर के लिए था। विदेश मामलों के जानकार रंजीत कुमार कहते हैं कि उन्हें पश्चिम एशिया में किसी बड़े उथल-पुथल की संभावना कम दिखाई दे रही है। पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल बलविंदर सिंह संधू का कहना है कि लाल सागर में गतिरोध बढ़ा हुआ है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव हैं। राष्ट्रपति जो बाइडेन के ऊपर भी दबाव बढ़ रहा है। ईरान के राष्ट्रपति ने भी कोशिशें तेज कर दी हैं और अमेरिका के सामने अपने व्यापारिक, कारोबारी हितों को लेकर चुनौती बढ़ रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129